आषाढ़ कृष्ण पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 27 जून 2024
वर्ष 34, अंक 150, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

अंग्रेजों से हार का बदला लेने को तैयार टीम इंडिया 13

पिता की पुण्यतिथि पर याद कर भावुक हुए करण जौहर 14

दिल्ली एम्स में भर्ती हुए लालकृष्ण आडवाणी



नई दिल्ली। भाजपा के वरिष्ठ नेता और भारत रत्न लालकृष्ण आडवाणी को बुधवार को दिल्ली के एम्स में भर्ती कराया गया है। उन्हें रात साढ़े 10 बजे एम्स लाया गया। वरिष्ठ नेता को एम्स के ओल्ड प्राइवेट वार्ड में रखा गया है। यूरोलॉजी से संबंधित उन्हें परेशानी है। यूरोलॉजी के प्रोफेसर डॉ. अमलेश सेठ उनका इलाज कर रहे हैं। लालकृष्ण आडवाणी को इसी वर्ष भारत सरकार द्वारा देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से नवाजा गया है। वह देश के उपप्रधानमंत्री भी रह चुके हैं।

शासन की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदूर गांव तक पहुंचाने की योजना, संबंधित जिलों के डीएम और सीएमओ से शासन ने मांगा प्रस्ताव

बरेली, कानपुर, मुरादाबाद समेत 40 जिलों में बनेंगे 5 हजार स्वास्थ्य उपकेंद्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य सरकार को तलाश है ऐसी जगहों की जहां बढ़ी जनसंख्या की जरुरतों को देखते हुए स्वास्थ्य उपकेन्द्र खोले जा सकें। शुरुआत में ऐसे नए हेल्थ सबसेंटर किराए के भवन में संचालित किए जा सकते हैं लेकिन बाद में जमीन लेकर इसके लिए सरकार भवन भी बनवाएगी।

बरेली, कानपुर, पीलीभीत, मुरादाबाद समेत 40 जिलों में 5 हजार स्वास्थ्य उपकेंद्र स्थापित करने के लिए शासन ने प्रस्ताव मांगे हैं। शासन की ओर से इन जिलों के डीएम और सीएमओ को पत्र भेज दिया गया है। इसमें उनसे स्वास्थ्य उपकेंद्र के लिए प्रस्ताव मांगा गया है। जगह तय होने के बाद जल्द ही उपकेंद्र स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। शर्त यह रखी गई है कि स्वास्थ्य उपकेंद्र के लिए जगह का निर्धारण वहां की जनसंख्या के अनुसार किया जाए। दरअसल, जिस इलाके में जनसंख्या बढ़ी है, वहां जरूरत को देखते हुए ही ऐसे केन्द्र खोलने का प्रस्ताव किया जाए।

इन जिलों में बनेंगे स्वास्थ्य उपकेंद्र

बरेली के साथ ही पीलीभीत, शाहजहांपुर, आगरा, फिरोजाबाद, प्रतापगढ़, फतेहपुर, प्रयागराज, ललितपुर, चित्रकूट, बाराबंकी, गोण्डा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बलिया, मऊ, गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, सिद्धार्थनगर बस्ती, सन्त कबीरनगर, कानपुर देहात, इटावा, औरैया, रायबरेली, सीतापुर, उन्नाव, हरदोई, गाजियाबाद, बुलन्दशहर, बिजनौर, मुरादाबाद, अमरोहा, रामपुर, सोनुरुद्र, भदोही, वाराणासी, चन्दौली एवं गाजीपुर में स्वास्थ्य उपकेंद्र बनेंगे।

12 अस्पतालों को अल्ट्रासाउंड मशीन

पेट संबंधी जांच व गर्भवती महिलाओं के इलाज में उपयोगी अल्ट्रासाउंड मशीनों की उपलब्धता आठ जिलों के 12 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर कराई जा रही है। करीब 10 लाख रुपये प्रति मशीन के आधार पर राज्य सरकार ने एक करोड़ 20 लाख रुपये भेजे हैं। स्वास्थ्य महानिदेशक के मुताबिक, ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। एमबीबीएस चिकित्सकों को अल्ट्रासाउंड जांच की ट्रेनिंग भी करा दी गई है। राजधानी में गुडंबा व नगराम सीएचसी में, फिरोजाबाद में तीन, गाजियाबाद में दो, इसके अलावा कानपुर देहात, अंबेडकरनगर, कौशाम्बी, प्रतापगढ़ व रायबरेली में एक-एक मशीन भेजी जा रही हैं।

48 जिलों में 150 सीएचसी को देंगे डेंटल चेयर

ग्रामीण क्षेत्रों में दांतों की समस्या के लिए मरीजों को शहर के अस्पतालों में नहीं आना पड़ेगा। इसके लिए राज्य सरकार 48 जिलों में 150 सीएचसी पर दंत चिकित्सा सेवाएं दुरुस्त कराने के लिए डेंटल चेयर भेजेगी। इसके लिए 2.8 लाख की प्रति डेंटल चेयर के आधार पर कुल चार करोड़ 20 लाख रुपये स्वास्थ्य विभाग को स्वीकृत कर दिए गए हैं। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.बृजेश राठौर ने बताया कि नौ चेयर अयोध्या के विभिन्न सीएचसी के लिए मिलेंगी। जौनपुर व प्रयागराज में आठ-आठ, मेरठ में सात, आगरा को छह, अमरोहा, कन्नौज, कानपुर देहात, प्रतापगढ़, बिजनौर, आजमगढ़ में पांच-पांच, बुलंदशहर, भदोही, कानपुर नगर को चार-चार, शामली, बदायूं, बहराइच, मिर्जापुर, कौशांबी, बरेली और सुल्तानपुर में तीन-तीन, उन्नाव, बांदा, झांसी, रायबरेली, फतेहपुर, बलिया, संभल, चंदौली व गोंडा में दो-दो, ललितपुर, अमेठी, औरैया, इटावा, हापुड़, चित्रकूट, मुरादाबाद, बागपत, देवरिया, मऊ, सहारनपुर, फर्रुखाबाद, कासगंज व गोरखपुर में एक-एक डेंटल चेयर उपलब्ध कराई जाएगी।

एक नजर

हिजाब पर प्रतिबंध के खिलाफ याचिका खारिज

मुंबई। बम्बई हाईकोर्ट ने बुधवार को छात्राओं के एक समूह की ओर से दायर वह याचिका खारिज कर दी, जिसमें मुंबई के एक कॉलेज के निर्धारित ड्रेस कोड को चुनौती दी गयी थी। न्यायमूर्ति एएस चंदुरकर और न्यायमूर्ति राजेश पाटिल की खंडपीठ ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि हम हस्तक्षेप करने के लिए इच्छुक नहीं हैं। गौरतलब है कि छात्राओं के एक समूह ने कॉलेज के अधिकारियों की ओर से निर्धारित ड्रेस कोड को न्यायालय में चुनौती दी थी।

सेंसेक्स और निफ्टी फिर नई ऊंचाई पर पहुंचे

मुंबई। विश्व बाजार की तेजी के बीच स्थानीय स्तर पर पेट्रोलियम समेत अलग-अलग क्षेत्रों में कारोबार करने वाली दिग्गज कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज की चार प्रतिशत से अधिक की छलांग से बुधवार को शेयर बाजार को पंख लग गए। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 620.73 अंक अर्थात 0.80 प्रतिशत की छलांग लगाकर 78,674.25 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 147.50 अंक यानी 0.62 प्रतिशत मजबूत होकर 23,868.80 अंक के सार्वकालिक स्तर पर रहा।

पूर्व विदेश सचिव मुचकुंद दुबे का निधन

नई दिल्ली। वर्ष 1990 से 1991 के तक भारत के विदेश सचिव रहे मुचकुंद दुबे (90) का बुधवार को दिल्ली स्थित एक अस्पताल में निधन हो गया। वह कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। गुरुवार शाम लोधी रोड श्मशान घाट पर उनका दाह संस्कार किया जाएगा। मुचकुंद दुबे ने बांग्लादेश में भारत के उच्चायुक्त और संयुक्त राष्ट्र संगठन जेनेवा में भारत के स्थायी प्रतिनिधि की भी भूमिका निभाई थी।

ओम बिरला फिर बने लोस अध्यक्ष

दूसरी बार दायित्व : ध्वनिमत से सदन का फैसला, विपक्ष ने नहीं की मत विभाजन की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद ओम बिरला को बुधवार को ध्वनिमत से लोकसभा अध्यक्ष चुन लिया गया। वह दूसरी बार यह उत्तरदायित्व संभाल रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अध्यक्ष पद के लिए बिरला के नाम का प्रस्ताव रखा जिसका रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अनुमोदन किया। इस प्रस्ताव को कार्यवाहक अध्यक्ष भर्तृहरि महताब ने सदन में मतदान के लिए रखा और जिसे सदन ने ध्वनिमत से मंजूरी दे दी। विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस सांसद कोडिकुन्नील सुरेश को अपना प्रत्याशी बनाया था, लेकिन मत-विभाजन कराने पर जोर नहीं दिया। इसके बाद कार्यवाहक अध्यक्ष महताब ने बिरला को लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने की घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिरला के पास जाकर उन्हें बधाई दी। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बिरला को बधाई दी और प्रधानमंत्री मोदी से भी हाथ मिलाया। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू, बिरला को अध्यक्षीय आसन तक लेकर गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अलावा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव समेत विपक्ष के कई नेताओं ने बिरला को बधाई दी। विपक्ष के नेताओं ने उम्मीद जताई कि उन्हें सदन में जनता की आवाज उठाने का पर्याप्त समय मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने पर ओम बिरला को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि उनकी अध्यक्षता में 18वीं लोकसभा देश के नागरिकों के सपनों को सफलतापूर्वक पूरा करेगी। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बिरला को बधाई देते हुए कहा कि मैं आपके दूसरी बार अध्यक्ष चुने जाने पर आपको बधाई देना चाहता हूं।

ओम बिरला को बधाई देते नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, साथ में प्रधानमंत्री मोदी और रीजीजू।

- प्रधानमंत्री मोदी, राहुल गांधी और संसदीय कार्यमंत्री रीजीजू अध्यक्षीय आसन तक लेकर गए
- विपक्ष के नेताओं ने बिरला से सदन में अपनी आवाज भी सुने जाने की उम्मीद जताई

जनअपेक्षाओं पर खरा उतरने का काम करें : बिरला

लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने के बाद बिरला (61) ने कहा कि सभी सदस्यों को संसदीय परंपराओं के अनुरूप सामूहिक रूप से राष्ट्रहित के लिए काम करना चाहिए तथा सड़क और संसद में विरोध के अंतर को समझते हुए सहमति-असहमति व्यक्त करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझे पुन: इस महान सदन के पीठासीन अधिकारी के रूप में दायित्व निर्वहन करने का अवसर प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय मंत्रिपरिषद, सभी दलों के नेताओं और सभी सदस्यों का हार्दिक आभार। बिरला ने कहा कि हम सबका दायित्व हो जाता है कि जनता की आकांक्षाओं और अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए सामूहिक प्रयास करें।

आपातकाल पर निंदा प्रस्ताव, विपक्ष ने किया हंगामा

बिरला ने अध्यक्ष के रूप में कामकाज संभालने के बाद 1975 में कांग्रेस सरकार द्वारा लगाए गए आपातकाल की लोकसभा में निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पढ़ा और कहा कि वह कालखंड काले अध्याय के रूप में दर्ज है जब देश में तानाशाही थोप दी गई थी, लोकतांत्रिक मूल्यों को कुचला गया था और अभिव्यक्ति की आजादी का गला घोंट दिया गया था। इस दौरान सदन में कांग्रेस और कई अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने जोरदार हंगामा किया और नारेबाजी की। आपातकाल के खिलाफ आज जहां भाजपा के सांसदों ने संसद भवन के बाहर प्रदर्शन किया, वहीं सदन में आपातकाल पर प्रस्ताव रखे जाने के विरुद्ध विपक्षी सदस्यों ने हंगामा किया।

कांग्रेस का चरित्र आज भी अधिनायकवादी : योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संसद में आपातकाल के खिलाफ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की ओर से पढ़े गए निंदा प्रस्ताव का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि देश की वर्तमान पीढ़ी को ये जानने का अधिकार है कि कांग्रेस ने आजादी के बाद लोकतंत्र और संविधान के खिलाफ किस प्रकार का बर्ताव किया था। योगी ने कहा कि कांग्रेस में आज भले ही चेहरे बदल गए हों, मगर इसका चरित्र अधिनायकवादी और तानाशाही पूर्ण है।

केजरीवाल को कोर्ट ने दी तीन दिन की सीबीआई रिमांड

नई दिल्ली, एजेंसी

- औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर कोर्ट से मांगी थी 5 दिन की हिरासत
- मुख्यमंत्री ने सुप्रीम कोर्ट से वापस ली अपनी अंतरिम जमानत याचिका

आबकारी नीति कथित घोटाला से जुड़े धन शोधन मामले में आरोपी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को यहां की एक विशेष अदालत ने बुधवार को तीन दिनों के लिए सीबीआई की हिरासत में भेजने का आदेश पारित किया। राऊज एवेन्यू स्थित अवकाशकालीन विशेष न्यायाधीश अमिताभ रावत की अदालत के समक्ष सीबीआई ने केजरीवाल से पूछताछ के लिए उनकी पांच दिनों की हिरासत की गुहार लगाई थी।

सीबीआई ने धन शोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की गिरफ्तारी के बाद तिहाड़ जेल में न्यायिक हिरासत में बंद केजरीवाल से मंगलवार को पूछताछ की थी। अदालती आदेश पर पूछताछ के बाद बुधवार को उन्हें औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया। इससे पहले केजरीवाल ने विशेष अदालत की ओर से 20 जून को दी गई जमानत के आदेश पर दिल्ली हाईकोर्ट की 21 जून के अंतरिम रोक के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती थी और उन्होंने अपनी याचिका (बुधवार को) वापस ले ली।

न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने उन्हें अपनी यह याचिका वापस लेने की अनुमति दी। पीठ ने हालांकि उन्हें जमानत आदेश के क्रियान्वयन को निलंबित करने वाले उच्च न्यायालय के 25 जून के आदेश को चुनौती देने वाली नई याचिका दायर करने की छूट दे दी।

नीट प्रश्न-पत्र लीक मामला

दो अभियुक्तों की सीबीआई रिमांड

पटना, एजेंसी

- केंद्रीय जांच एजेंसी 4 जुलाई तक करेगी पूछताछ

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की बिहार में पटना स्थित एक विशेष अदालत ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) से आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 के प्रश्न-पत्र लीक मामले में जेल में बंद दो अभियुक्तों को एक सप्ताह की पुलिस रिमांड पर पूछताछ के लिए बुधवार को सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश दिया। सीबीआई के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी हर्षवर्धन सिंह की अदालत ने यह आदेश सीबीआई के आवेदन पर सुनवाई के बाद दिया है। विशेष अदालत ने जेल में बंद अभियुक्त चिंटू उर्फ बलदेव और मुकेश को हिरासती पूछताछ के लिए 27 जून से 04 जुलाई तक के लिए सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश आदर्श केंद्रीय कारागार बेउर के अधीक्षक को दिया है।

अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि दोनों अभियुक्तों की चिकित्सकीय जांच करने के बाद उनसे पूछताछ की जाएगी और फिर चिकित्सकीय जांच कराकर 04 जुलाई को दिन के 11 बजे तक न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करना है। सीबीआई ने इस मामले में पटना के शास्त्रीनगर थाना में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर 23 जून को अपनी प्राथमिकी दर्ज की है और जांच अपने हाथ में ले लिया है।

सीट दिलाने के लिए वसूले 12 लाख रुपये

कोलकाता। कोलकाता के एक शिक्षण संस्थान से जुड़े एक व्यक्ति को एक छात्र के माता-पिता से पैसे लेकर नीट परीक्षा की मेरिट सूची में स्थान दिलाने का वादा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि आरोपी ने छात्र को 12 लाख में कोलकाता के एक मेडिकल कॉलेज में सीट दिलाने का भी आश्वासन दिया था। जिसमें से 5 लाख रुपये ले भी लिए हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शेक्सपियर सरानी पुलिस थाने में दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर आरोपी को मंगलवार रात को गिरफ्तार किया गया था।

महाराष्ट्र के लातूर से एक और आरोपी गिरफ्तार

मुम्बई। नीट-यूजी पेपर लीक घोटाला मामले के तीसरे आरोपी संजय जाधव को महाराष्ट्र के लातूर से पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। जाधव से पूछताछ में इस घोटाले में शिक्षा क्षेत्र के कई लोग, छात्र और अभिभावकों के भी शामिल होने का पता चला है। पुलिल ने बताया कि एक निजी स्कूल में विज्ञान शिक्षक जाधव ने दिल्ली के मास्टरमाइंड गंगाधर मुंडे और महाराष्ट्र के दो आरोपियों- हेडमास्टर पठान और इरन्ना कोंगलवार के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाई है।

एक्सईएन, एसडीओ व दो जेई निलंबित

ढाई लाख रुपये लेकर जोड़ा था कनेक्शन, मध्यांचल एमडी ने की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

- उपभोक्ता के खिलाफ बिजली चोरी की नहीं दर्ज कराई गई रिपोर्ट
- एक्सइएन को बरेली,एसडीओ अयोध्या व दोनों जेई को गोंडा किया संबद्ध

अमृत विचार: बिजली विभाग के दो अवर अभियंताओं (जेई) ने निलमथा में बिजली चोरी पकड़ी। लेकिन, रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई। इतना ही नहीं, एफआईआर दर्ज न कराने के एवज में उपभोक्ता से 2.40 लाख रुपये ले लिए। उपभोक्ता ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की तो जांच के बाद मध्यांचल निगम के एमडी भवानी सिंह ने बुधवार को नादरगंज डिवीजन के एक्सईएन दुर्गेश यादव, एसडीओ राजेश कुमार समेत दो अवर अभियंताओं जितेन्द्र कुमार मिश्रा व शिव प्रसाद मिश्रा को निलंबित कर दिया। एक्सईएन पर सही तरीके से जांच न करने का दोषी पाया गया।

लेसा के उतरेठिया न्यू उपकेंद्र के अंतर्गत निलमथा के विजय नगर में 23 जून को एसडीओ राजेश कुमार, जेई जितेन्द्र कुमार और जेई शिव प्रसाद ने विनोद कुमार सिंह के घर पर छापा मारा। परिसर में दो बिजली कनेक्शन मिले, जिसमें से एक विनोद और दूसरा प्रदीप कुमार सिंह के नाम पर था। विनोद मीटर से पहले केबिल में कटिया लगाकर चार किलोवाट बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया। आरोप है कि एसडीओ ने कनेक्शन काट दिया और एफआईआर दर्ज कराने की धमकी देकर पैसे की मांग की। उपभोक्ता ने उसी दिन जेई जितेन्द्र कुमार को 40 हजार रुपये देकर बिना मीटर के कनेक्शन जुड़वा लिया। अगले दिन जेई और एसडीओ को दो लाख रुपये और दिए गए। उधर, निलंबित एक्सईएन दुर्गेश यादव को मुख्य अभियंता वितरण बरेली क्षेत्र-द्वितीय, एसडीओ राजेश कुमार को मुख्य अभियंता वितरण अयोध्या,अवर अभियंताओं जितेन्द्र कुमार मिश्रा व शिव प्रसाद मिश्रा को मुख्य अभियंता वितरण देवीपाटन क्षेत्र, गोंडा से संबद्ध किया गया है।

वज्रपात से 11 की मौत, कई झुलसे

समाचार डेस्क, लखनऊ

- पीलीभीत व शाहजहांपुर में 4, संभल में 3, जालौन व बहराइच में एक-एक व लखीमपुर में 2 की गई जान

अमृत विचार : प्रदेश के कई जिलों में आंधी-बारिश के बीच हुए वज्रपात में 11 लोगों की जान चली गई है। पीलीभीत व शाहजहांपुर में 4, लखीमपुर खीरी में 2, जालौन व बहराइच में एक-एक व संभल में 3 लोगों की मौत हुई है। आकाशीय बिजली (वज्रपात) गिरने से कई लोग झुलस भी गए हैं।

पीलीभीत के सुनगढ़ी क्षेत्र के ग्राम खजुराह के खूबचंद का 17 वर्षीय पुत्र अर्जुन बुधवार सुबह खेत पर गया था। उसके साथ गांव का विपिन, धर्मेंद्र, जितेंद्र भी थे। चारों आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए। इलाज के दौरान अर्जुन की मौत हो गई। घुंघचिहाई के मटेहना कॉलोनी के सरवन कुमार (50) धान की रोपाई कर रहे थे। बिजली गिरने से वह अचेत हो गए। उन्हें सीएचसी पूरनपुर ले जाया गया, जहां मृत घोषित कर दिया। शाहजहांपुर में जलालाबाद के नयागांव गुलरिया के नीलेश (17) की जान भी आकाशीय बिजली गिरने से चली गई।

सेहरामऊ दक्षिणी थाना क्षेत्र के बरेंग गांव में बीए की छात्रा राजकुमारी (19) बुधवार दोपहर बारिश में छत पर नहा रही थी। तेज चमक के साथ बिजली गिरी इससे छत में गड्ढा हो गया और राजकुमारी की झुलसकर मौत हो गई।

लखीमपुर खीरी जिले के गांव पड़री निवासी तेजपाल के दो बेटे आनंद (10) अपने छोटे भाई अभय राज (6) और परिवार के ही प्रेमपाल के पुत्र विनीत (6) व नीरज (11) के साथ घर के बाहर खेल रहे थे। वज्रपात से चारों झुलस गए। इलाज के दौरान आनंद व अभय की मौत हो गई। जालौन के कालपी तहसील के करमचंदपुर में पुत्तूलाल यादव व बहराइच के गांव फकीरपुरी में रामनिवास(12) पुत्र अजीत कुमार की मौत भी वज्रपात से हो गई। संभल में नखासा थाना क्षेत्र के गांव ततारपुर संदल निवासी मालती देवी बिजली गिरने से झुलस गई, इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

मुठभेड़ में तीन आतंकवादी ढेर

भद्रवाह/जम्मू। जम्मू-कश्मीर में डोडा जिले के एक वन क्षेत्र में बुधवार को छह घंटे से अधिक समय तक हुई मुठभेड़ में पाकिस्तान आधारित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) से जुड़े तीन आतंकवादी मारे गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, पर्वतीय जिले में 11 और 12 जून को हुए दोहरे आतंकवादी हमले के बाद पुलिस, सेना और सीआरपीएफ द्वारा गहन तलाशी और घेराबंदी अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान सुबह नौ बजकर 50 मिनट पर गंडोह क्षेत्र के बजाद गांव में गोलीबारी शुरू हुई जिसमें एक पुलिसकर्मी भी घायल हो गया। चत्तरगल्ला में एक संयुक्त जांच चौकी पर 11 जून को आतंकियों के हमले में छह सुरक्षाकर्मी घायल हो गए थे।

उपभोक्ताओं की जेब ढीली करने की तैयारी में पावर कॉरपोरेशन

- मैसेज अलर्ट के लिए 10 रुपये शुल्क, यूपीपीसीएल ने भेजा नियामक आयोग में प्रस्ताव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

स्मार्ट प्रीपेड मीटर पर बिजली कनेक्शन कटने व जुड़ने पर वसूलेगा 50 रुपये शुल्क

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने प्रदेश के उपभोक्ताओं की जेब ढीली करने की तैयारी शुरू कर दी है। कॉरपोरेशन के नए फैसले के तहत अब स्मार्ट प्रीपेड मीटर वाले उपभोक्ताओं को बकाए पर बिजली कनेक्शन कटने या दोबारा जोड़े जाने पर 50 रुपये शुल्क देना होगा। मोबाइल पर अलर्ट मैसेज का भी 10 रुपये शुल्क वसूल किया जाएगा। नई बिजली दर निर्धारण प्रक्रिया के बीच कॉरपोरेशन ने इस सिलसिले में प्रस्ताव राज्य विद्युत नियामक आयोग में दिया है। प्रदेश में नई बिजली दरें लागू करने के लिए प्रक्रिया शुरू हो गई है। नियामक आयोग उपभोक्ताओं का पक्ष जानने के लिए जनसुनवाई की तारीख घोषित कर चुका है। पहली सुनवाई आठ जुलाई को कानपुर में होगी। इसके बाद मध्यांचल विद्युत वितरण निगम समेत बाकी निगम क्षेत्रों में जनसुनवाई होगी। सूत्रों के अनुसार इसी बीच बीती देर रात कॉरपोरेशन ने नियामक आयोग में स्मार्ट प्रीपेड मीटर के मामले में एक प्रस्ताव दाखिल किया है, जिसमें नया शुल्क लिए जाने का उल्लेख है। वर्तमान में अभी इस तरह का कोई शुल्क लेने की व्यवस्था नहीं है। वजह यह है कि बिल बकाया होने पर मीटर से स्वतः कनेक्शन कटने व बिल जमा करने पर दोबारा बिजली जुड़ने की व्यवस्था है।

कॉरपोरेशन का फैसला नियमों के विपरीत-अवधेश वर्मा

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि कॉरपोरेशन की ओर से उपभोक्ताओं से इस तरह का शुल्क लेने का फैसला नियमों के विपरीत है। स्मार्ट प्रीपेड मीटर पर सभी व्यवस्था 'सिस्टम जेनरेटेड' होती है। पूरे देश में कहीं भी एसएमएस अलर्ट का 10 रुपये चार्ज नहीं किया जाता। विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 56 के तहत कनेक्शन काटने के पहले उपभोक्ता को 15 दिन की नोटिस देने का प्रावधान है। जब बिजली दर निर्धारण प्रक्रिया चालू हो चुकी है, तो नियमत: कॉरपोरेशन ऐसा प्रस्ताव दाखिल नहीं कर सकता है।

व्यवस्था वैकल्पिक

उपभोक्ता परिषद का कहना है कि वर्तमान में पोस्टपेड व्यवस्था के तहत पावर कॉरपोरेशन ने पूरे प्रदेश में उपभोक्ताओं से लगभग 5000 करोड़ के बीच सिक्योरिटी जमा कर रखी है। ऐसे में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का अधिकार वैकल्पिक है।

रिहंद, बारा व ओबरा की तीन इकाइयां ठप

लखनऊ। भीषण उमस के कारण प्रदेश में बिजली की मांग फिर बढ़ गई है। भारी लोड के कारण रिहंद, बारा व ओबरा की तीन इकाइयां ठप हो गई हैं, जबकि पहले से बंद चल रही दो इकाइयां अभी चालू नहीं हो पाई हैं। एक साथ पांच इकाइयों के बंद होने से प्रदेश में बिजली संकट गहरा गया है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार बारा की 660 मेगावाट, रिहंद की पांच सौ मेगावाट व ओबरा सी की 660 मेगावाट क्षमता की इकाइयां ठप हो गई हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

अपने आसपास की घटना, आयोजन की सूचना और फोटो हमें भेजें। इसे अखबार में प्रकाशित किया जाएगा।
इमेल
lkocityreporter@amritvichar.com
व्हाट्सएप
8112979390

एक नजर

छूटे 2,400 सचिव बुलंदशहर में पाएंगे प्रशिक्षण

अमृत विचार, लखनऊ : ग्राम पंचायतों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन का प्रशिक्षण छूटे हुए 2400 सचिवों को बुलंदशहर में दिया जाएगा। बुधवार को निदेशक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण राज कुमार ने सभी जिलों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग की, और प्रशिक्षण प्राप्त न करने वाले सचिवों की जानकारी की। सचिवों को 19 जुलाई को बुलंदशहर में पंचायती राज प्रशिक्षण केंद्र पर प्रशिक्षित किया जाएगा।

स्पीकर का बयान संसदीय परंपरा के खिलाफ

अमृत विचार,लखनऊ : प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ सीपी राय ने कहा कि लोस अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद ओम बिड़ला की ओर से दिया गया पहला बयान संसदीय परंपराओं के खिलाफ है। जो कि शर्मनाक है, कांग्रेस इसका विरोध करती है।

जून में पड़ी गर्मी के लिए हम सबकी स्वार्थी गतिविधियां जिम्मेदार : योगी

मुख्यमंत्री ने ईको टूरिज्म पर आयोजित संवाद कार्यक्रम को किया संबोधित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जून की गर्मी देश-प्रदेशवासियों को लंबे समय तक याद आएगी। तापमान बहुत तेजी से बढ़ रहा था। लोग असहाय और असमंजस की स्थिति में थे। इसके लिए उत्तरदायी हम सबकी स्वार्थी गतिविधियां ही हैं। स्वयं के स्वार्थ के लिए प्रकृति के दोहन की प्रवृत्ति के कारण ऐसी स्थिति पैदा हुई। इस क्रम में उन्होंने राजधानी में कुकरैल नदी को नाला बनाकर लोगों के अवैध निर्माण कर लेने का उदाहरण दिया जिसे हाल ही में हटाया गया है। मुख्यमंत्री बुधवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मरकरी हॉल में ईको टूरिज्म पर आयोजित संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

यहां उन्होंने कहा कि कभी कुकरैल आदि गंगा गोमती की सहायक नदी थी। गर्मी में जब नदियों और जल के स्रोत सूख रहे थे तो कुकरैल में जल के नए स्रोत बन रहे थे। मुख्यमंत्री के मुताबिक्र उप्र. में पौराणिक काल के वन हैं। राज्य के तराई क्षेत्र (बहराइच, लखीमपुर खीरी, श्रावस्ती, बलरामपुर, पीलीभीत) में वन सुरक्षित हैं, जबकि उस पार नेपाल में वन समाप्त हो गए हैं। चूका, दुधवा, पीलीभीत टाइगर रिजर्व, अब चित्रकूट व बिजनौर के अमानगढ़ में टाइगर रिजर्व को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। स्प्रिचुअल टूरिज्म के साथ ही हैरिटेज व ईको टूरिज्म की संभावनाएं भी मौजूद हैं। उन्हीं संभावनाओं को देश-दुनिया के सामने लाने, लोगों का आकर्षण बढ़े,, इस दृष्टि से उप्र. ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड गठित किया गया है।

प्रदर्शनी के दौरान चाक कला के प्रदर्शक से बात करते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

उप्र ईको टूरिज्म विकास बोर्ड के लोगो का अनावरण

सोनभद्र में सलखन जीवाश्म पार्क को यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल की मान्यता मिले, इसके लिए ईको टूरिज्म विकास बोर्ड एवं बीरबल साहनी पुरावनस्पति विज्ञान संस्थान लखनऊ के मध्य एमओयू भी किया गया। नई ईको पर्यटन इकाई स्थापित करने वाले जालौन के केशवेंद्र सिंह, मनीष मल्होत्रा समेत तीन लोगों को योगी ने सम्मानित भी किया और यहां लगी प्रदर्शनी भी देखी। कार्यक्रम में ईको पर्यटन पर लघु फिल्म भी दिखाई गई। इस मौके पर मुख्यमंत्री उप्र ईको टूरिज्म विकास बोर्ड के लोगो का अनावरण किया।

▸▸ कुकरैल नदी को नाला बनाकर लोगों ने कर लिया था अवैध निर्माण, हम इसे पुनर्जीवित करेंगे

कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में संस्कृति व पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना, वन राज्यमंत्री केपी मलिक, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, अपर मुख्य सचिव (वन-पर्यावरण) मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव (पर्यटन-संस्कृति) मुकेश कुमार मेश्राम, प्रधान मुख्य वन संरक्षक सुधीर कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

जेल भेजा गया दरोगा निलंबित, एसएचओ फरार

अमृत विचार, लखनऊ: आगरा में दो भाइयों के आत्महत्या करने के मामले में आरोपी दरोगा को बुधवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। होमगार्ड ने पुलिस पर उत्पीड़न की सुसाइड नोट पर लिखी थी। वहीं सादाबाद के निलंबित एसएचओ फरार हैं।

मालूम हो कि बरहन थाना क्षेत्र के रूपधनू गांव निवासी होमगार्ड प्रमोद सिंह और उनके सगे भाई संजय सिंह ने हाथरस के सादाबाद थाने की पुलिस उत्पीड़न से परेशान होकर आत्महत्या कर ली थी। यह मामला इतना बढ़ गया कि सीएम योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया। इसके बाद आरोपी दरोगा को देर रात गिरफ्तार किया गया जबकि सादाबाद थाने के एसएचओ मुकेश कुमार को भी निलंबित कर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया। दरोगा हरिओम को बुधवार को कोर्ट ने जेल भेज दिया । बताते चलें कि हाथरस के सादाबाद थाने के इंस्पेक्टर मुकेश कुमार और दरोगा हरिओम पर सगे भाइयों का उत्पीड़न करने का आरोप है। संजय सिंह ने शनिवार और होमगार्ड प्रमोद सिंह ने सोमवार को आत्महत्या कर ली थी।

प्रश्नपत्र लीक मामले के अभियुक्तों पर नहीं पड़ेगा अध्यादेश का प्रभाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ प्रश्नपत्र लीक मामले में 300 आरोपी हो चुके हैं गिरफ्तार

▸▸ आगामी परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक कराने पर अब गंभीर सजा

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अध्यादेश-2024 को प्रदेश सरकार ने मंजूरी तो दे दी, लेकिन इसका प्रभाव पूर्व की परीक्षाओं के प्रश्नपत्रों को लीक करने वाले अभियुक्तों पर नहीं पड़ेगा। आरओ-एआरओ एवं सिपाही भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक करने वाले सभी 300 अभियुक्तों के खिलाफ पूर्व के कानूनों की तहत की कार्रवाई होगी। कानूनविदों का कहना है कि आने वाले दिनों में जो परीक्षाएं होंगी उसमें अपराध कारित करने पर अध्यादेश के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

बताते चलें कि प्रदेश में आयोजित होने वाली सार्वजनिक परीक्षाओं को कराना राज्य सरकार के लिए चुनौती बनती जा रही थी। प्रश्न पत्र लीक होने के कारण सरकार को कई परीक्षाओं को निरस्त करना पड़ा। अब प्रश्न उठता है कि अध्यादेश लागू होने के बाद क्या आरओ-एआरओ परीक्षा एवं सिपाही भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्रों को लीक कराने वाले इस कानून के तहत सजा पाएंगे? इस पर सरकारी कार्यालयों में पूरे दिन मंथन होता रहा। हालांकि इस प्रकरण पर कानूनविदों का कहना है कि इस अध्यादेश से उन अभियुक्तों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्हें पूर्व के कानूनों के तहत ही सजा दी जाएगी।

अध्यादेश के तहत होगी सजा

हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अंशुमान सिंह ने बताया कि आगामी जो भी परीक्षाएं होंगी इसमें किसी भी प्रकार का अपराध कारित होने पर अध्यादेश के मुताबिक सुनवाई होगी और सजाएं होंगी। उन्होंने बताया कि सरकार का यह फैसला बहुत ही दूरगामी और सराहनीय है। बताते चलें कि आरओ-एआरओ परीक्षा और सिपाही भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक कराने वालों में अब तक 300 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। जिसमें 17 आरोपी मास्टरमाइंड की श्रेणी में हैं। हालांकि पुलिस सभी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

आंदोलन के दौरान निलंबित अभियंता जल्द बहाल होंगे

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

अमृत विचार: मार्च 2023 में हुए आंदोलन में शामिल अभियंताओं के खिलाफ हुई कार्रवाईयां विभाग वापस लेगा। बुधवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ के 39वें वार्षिक अधिवेशन में पॉवर कार्पोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने यह आश्वासन दिया है।

अधिवेशन में बोलते हुए अभियंता संघ के महासचिव जितेंद्र सिंह गुर्जर ने निलंबित किए गए अभियंताओं को बहाल करने की मांग की। कैशलेस चिकित्सा, इंजीनियर प्रोटेक्शन एक्ट, उत्पादन भत्ता, सस्ती बिजली दिए जाने की मांग भी रखी।

बिजली के सस्ते उत्पादन के लिए ओबरा- डी, अनपरा-ई समेत अन्य परियोजनाओं को उत्पादन निगम के पूर्ण स्वामित्व में लाने की बात रखी। अन्य विभागों की तरह ही मार्च 2005 तक नियुक्त सभी अभियन्ताओं को पुरानी पेंशन दिए जाने की मांग की। इसके अलावा बिजली अभियंताओं ने मुख्यमंत्री के निर्देश के अनुसार प्रदेश की जनता को 24घंटे निर्बाध बिजली मुहैया कराने के लिए रात दिन काम करने का संकल्प लिया।

महाधिवेशन की दीप जलाकर शुरुआत करते कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल।

▸▸ पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष ने दिया आश्वासन

महाधिवेशन में महासभा की ओर से पारित किए गए प्रस्ताव में कार्रवाई पर कोई फैसला न लेने की स्थिति में विद्युत परिषद अभियंता संघ के महासचिव को कोई भी निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया गया है। जिसका प्रदेश के सभी अभियंता समर्थन करेंगे। महाधिवेशन में अध्यक्ष राजीव सिंह ने उच्च प्रबंधन स्तर पर विभागीय अभियंताओं की तैनाती किए जाने और सेवा शर्तों में हुए परिवर्तन को वापस लेने के साथ अन्य मुद्दों को भी उठाया।

इस मौके पर उप्र इंजीनियर्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एस एस निरंजन, ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे ने भी सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन अभियंता संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रभात सिंह की ओर किया गया।

इस अवसर पर महाधिवेशन विशेषांक 2024 का विमोचन भी मुख्य अतिथि की ओर से किया गया। कार्यक्रम में शार्ट फ़िल्म के माध्यम से प्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र स्थापित किए गए कीर्तिमानों और अभियन्ताओं के कार्यों को सराहा गया। महाधिवेशन में विशेष अतिथि के रूप में विभिन्न श्रम संघों,सेवा संगठनों के प्रमुख पदाधिकारी डॉ.सचिन वैश्य,डॉ.अमित सिंह,महेंद्र राय ,पीके दीक्षित,डी के मिश्रा,सरजू त्रिवेदी,सुहैल आबिद, दीपक चक्रवर्ती ,रीना त्रिपाठी मुख्य रूप से उपस्थित रही।

359 डॉक्टरों को मिला एसएसीपी का लाभ

अमृत विचार, लखनऊ: स्वास्थ्य विभाग में समयबद्ध प्रोन्नति से वंचित कुल 359 डॉक्टरों को नोशनल प्रोमोशन (विशिष्ट वित्तीय स्तरोन्नयन अर्थात एसएसीपी) मिल गई है। वित्तीय लाभ पाने वालों में 315 सेवारत डॉक्टर और 44 सेवानिवृत्त हो चुके डॉक्टर शामिल हैं। चिकित्सा अनुभाग तीन से जारी सूची में, 11 साल, 17 साल व 21 साल में मिलने वाले वित्तीय लाभ से डॉक्टरों को एसएसीपी से लाभान्वित किया गया है। यह लाभ उन्हें निर्धारित तिथि से मिलेगा, बकाया भुगतान एरियर के रूप में किया जाएगा।

आईटीआई में प्रवेश के लिए चुन सकेंगे विकल्प

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ प्रवेश प्रक्रिया के निर्धारण में किया गया संशोधन

अमृत विचार: राज्य सरकार ने राजकीय एवं निजी आईटीआई में प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों को विकल्प चुनने की खुली छूट दी है। 2024-25 के साथ आगामी अन्य सत्रों के लिए उप्र. के राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में प्रवेश प्रक्रिया को संशोधन के साथ निर्धारित किया गया है। इसके अनुसार अब अभ्यर्थी अपनी स्वेच्छा से ग्रुप ए एवं बी राजकीय व निजी आईटीआई के वरीयता क्रम में प्रदेश के किसी भी जिला, संस्थान एवं पाठ्यक्रम का विकल्प दे सकेंगे।

मेरिट के आधार पर सभी चार चरणों में ऑनलाइन सीटों के आवंटन में भी संशोधन किया गया है। इसके तहत अब राजकीय एवं निजी आईटीआई में प्रथम चरण में किसी भी ग्रुप में सीटों के आवंटन करने के लिए उस ग्रुप की वरीयता सूची के क्रम में सीट आवंटित की जाएगी। इसमें देखा जाएगा कि अभ्यर्थी द्वारा अंकित प्रथम वरीयता के अनुसार क्या उसकी मेरिट एवं आरक्षण वर्ग के आधार पर सीट आवंटित की जा सकती है या नहीं। अगर ऐसा नहीं है तो उसके द्वारा वरीयता क्रम में चिह्नित अगले जिले, संस्थान, व्यवसाय एवं पाठ्यक्रम के लिए यही प्रक्रिया दोहराई जाएगी, जब तक उसके द्वारा वरीयता क्रम में चिह्नित सभी जिले, संस्थान, व्यवसाय एवं पाठ्यक्रम में कोई सीट अवांटित न हो जाए। इसके अलावा, प्रथम चरण में किसी भी ग्रुप में सीटों के आवंटन की प्रक्रिया प्रारंभ करने के लिए ग्रुप की वरीयता सूची के क्रम में अभ्यर्थियों को सीट आवंटित की जाएगी।

अग्निकांड में नहीं जले महत्वपूर्ण दस्तावेज

अमृत विचार, लखनऊ: विगत 08 अप्रैल को राजधानी स्थित खनन निदेशालय में कोई महत्वपूर्ण दस्तावेज नहीं जले हैं। उस समय साजिश की आशंका को लेकर सरकार ने मामले की जांच एसटीएफ को सौंपी थी। एसटीएफ की टीम ने मौके पर पहुंच कर साक्ष्यों को जांच के लिए सीएफएसएल एवं फोरेंसिक को भी भेजा था। ढाई महीने हुई जांच में वहां से भी आग से जुड़ी किसी साजिश का खुलासा नहीं हो सका। इस प्रकरण पर अभी अधिकृत बयान किसी का नहीं आया है।

जानकीपुरम ट्रामा सेंटर का प्रशासन बदला

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

▸▸ साढ़ामऊ अस्पताल के सीएमएस को बनाया गया ट्रामा सेंटर का प्रभारी

अमृत विचार: राजधानी में जानकीपुरम विस्तार स्तिथ नवनिर्मित ट्रामा सेंटर का प्रशासन बदल गया है। इस ट्रामा सेंटर को मुख्य चिकित्सा अधिकारी लखनऊ से हटा कर बीकेटी स्तिथ पं.राम सागर संयुक्त चिकित्सालय, साढ़ामऊ से संबद्ध कर दिया गया है। यह आदेश जारी करते हुए राज्य सरकार ने साढ़ामऊ अस्पताल के प्रशासक मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को ट्रामा सेंटर संचालित करने के निर्देश दिए है। प्रशासन बदलने के साथ ही नवनिर्मित ट्रामा सेंटर में मरीजों को बेहतर चिकित्सकीय सेवाएं मिलने की संभावनाए बढ़ गईं हैं।

राम सागर संयुक्त अस्पताल (साढ़ामऊ)की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.पुष्पा चौधरी ने बताया कि ट्रामा सेंटर में अभी मेरे ही अस्पताल के दो ईएमओ सेवाएं दे रहे हैं। गुरुवार को ट्रामा सेंटर का निरीक्षण किया जाएगा और मरीजों की जरूरत को देखते हुए ससांधन उपलब्ध कराए जाएंगे। जरूरत के आधार पर चिकित्सक व अन्य स्टाफ की मांग कर, बेहतर तरीके से ट्रामा सेंटर का संचालन किया जाएगा। दुर्घटनाग्रस्त व अन्य गंभीर मरीजों को तत्काल बेहतर इलाज उपलब्ध कराने का उद्देश्य होगा।

मालूम हो कि लखनऊ मध्य में केजीएमयू का एक मात्र ट्रामा सेंटर है जहां गंभीर मरीजों को इलाज मिलता है। इसके अलावा रायबरेली रोड स्थित संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान के एपेक्स ट्रामा सेंटर में तत्काल दुर्घटनाग्रस्त मरीजों को ही इलाज की सुविधा है।

कल से जुटने लगेंगे कारोबारी होटलों में बुक कराए 200 कमरे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के त्रैवार्षिक चुनाव के लिए व्यापारी नेता 28 से राजधानी में जुटने लगेंगे। इसके लिए प्रदेश के विभिन्न जनपदों से करीब 1,000 व्यापारी लखनऊ पहुंच रहे हैं। राजधानी के करीब आधा दर्जन से अधिक होटलों में 200 कमरे बुक कराए गए हैं।प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने बताया कि प्रांतीय निर्वाचन 29 और 30 जून को होगा। जिसमें 102 पदों के लिए चुनाव होगा। इसके अलावा 125 पदों पर मनोनयन किया जाएगा। सहायक चुनाव अधिकारी सुनील गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम की सूचना प्रांतीय सदस्यों एवं पदाधिकारियों को संगठन के संविधान के अनुसार पहले एक माह पूर्व भेजी गई थी। इसके बाद पुनः सभी सदस्यों को जानकारी दी जा चुकी है।

एमएसएमई को विकसित करने को और प्रयास होंगे :सचान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसएमई) मंत्री राकेश सचान ने कहा है कि एमएसएमई क्षेत्र को विकसित किये बगैर देश की प्रगति संभव नहीं है।

राज्य को एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने का सपना भी इस क्षेत्र को बढ़ावा दिये बगैर पूरा नहीं किया जा सकता। राज्य सरकार इस क्षेत्र को विकसित करने के लिए और प्रयास करेगी। एमएसएमई मंत्री बुधवार को राजधानी के एक होटल में 'द एसोसिएटेड चैम्बर्स आफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री आफ इंडिया' (एसोचैम) की ओर से आयोजित दो दिवसीय 'उत्तर प्रदेश एमएसएमई सम्मेलन' के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे।



कार्यक्रम में बोलते मंत्री राकेश सचान।

▸▸ दो दिवसीय उत्तर प्रदेश एमएसएमई सम्मेलन शुरू

उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश की सरकारें मिलकर एमएसएमई को बढ़ावा देने के लिये काम कर रही है।

सरकार लगातार प्रोत्साहित कर रही: सुषमा

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसोचैम बिजनेस फैसिलिटेशन और ग्लोबल कॉम्पिटीटिवनेस की चेयरपर्सन सुषमा पॉल बेरलिया ने कहा कि प्रदेश सरकार ब्याज सब्सिडी व क्रेडिट गारंटी योजना जैसे कदम उठाकर एमएसएमई को लगातार प्रोत्साहित कर रही है। सिडबी के महाप्रबंधक मनीष सिन्हा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने 2027 तक प्रदेश को एक ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है। ऐसे में 'उत्तर प्रदेश एमएसएमई सम्मेलन' का कार्यक्रम सही समय पर आयोजित किया गया है। कार्यक्रम को नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ़ इंडिया के गवर्नर रिलेशंस इंचार्ज रविकांत शर्मा, एसोचैम बिजनेस फैसिलिटेशन एंड ग्लोबल कॉम्पिटीटिवनेस के सह अध्यक्ष सुधीर पणिक्कसेरी, एसोचैम नेशनल काउंसिल आन लेदर एंड फुटवियर के अध्यक्ष मोतीलाल सेठी, उत्तर प्रदेश विकास परिषद के सह अध्यक्ष अनुपम मित्तल व एसोचैम उत्तर प्रदेश डेवलपमेंट काउंसिल के सह अध्यक्ष हसन याकूब ने भी संबोधित किया।

मुख्यमंत्री आज करेंगे ऋण वितरण की शुरुआत

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस के अवसर पर 27 जून को लोकभवन में एमएसएमई इकाइयों को बैंकों की ओर से 20 हजार करोड़ के ऋण वितरण की शुरुआत करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पीएमईजीपी, एमवाईएसवाई, ओडीओपी व मुद्रा योजना के लाभार्थियों को ऋण वितरण व विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, ओडीओपी व केवीआईबी के लाभार्थियों को टूलकिट का भी वितरण करेंगे।

खुद के लिए करिए इनोवेशन और स्टार्टअप

अमृत विचार,लखनऊ: डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में बुधवार को बायोटेक पार्क में प्रशिक्षण ले रहे छात्रों का दल हाईटेक लैब देखने पहुंचा।

इस मौके पर डीन इनोवेशन एंड सोशल एन्टरप्रेन्योशिप प्रो. बीएन मिश्र ने कहा बायोटेक्नोलॉजी का क्षेत्र व्यापक और इकोनॉमी बहुत बड़ी है। साथ ही कहा कि छात्र स्टार्टअप और इनोवेशन के जरिये अपना सुनहरा भविष्य बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि हर छात्र को खुद के लिए इनोवेशन और स्टार्टअप करना चाहिए। एसोसिएट डीन डॉ. अनुज कुमार शर्मा ने सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज और विभिन्न लैब के बारे में छात्रों को बताया।

पार्थ सारथी बने अपडेट पत्रिका के संपादक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने सीएसआई राजभवन में आईएएस एसोसिएशन की पत्रिका 'अपडेट' के 27वें अंक का विमोचन किया। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने पत्रिका 'अपडेट' के 27वें अंक को प्रकाशित करने के लिए आईएएस एसोसिएशन के पदाधिकारियों को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि पत्रिका आईएएस अधिकारियों को अपनी रचनात्मक प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ अपने वरिष्ठ सहयोगियों के अनुभवों से लाभ उठाने तथा वर्तमान चुनौतियों से निपटने में युवा पीढ़ी के कार्मिकों के मार्गदर्शन के लिये मंच प्रदान करती है। इस अवसर पर आईएएस एसोसिएशन की 'अपडेट' पत्रिका के अगले अंक के लिये प्रमुख सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य पार्थ सेन शर्मा को मुख्य संपादक मनोनीत किया गया है।

पत्रिका का विमोचन करते मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र। अमृत विचार

▸▸ आईएएस एसोसिएशन की पत्रिका अपडेट का मुख्य सचिव ने किया विमोचन

इस मौके पर राजस्व परिषद के चेयरमैन रजनीश दुबे, प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम, सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण रंजन कुमार, सचिव नियोजन अनुराग यादव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

मंथन | सरस्वती शिशु मंदिर में सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले की उपस्थिति में प्रचारकों की बैठक

शताब्दी वर्ष की तैयारियों में जुटा संघ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार लखनऊ पहुंचे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले की उपस्थिति में प्रचारकों की हुई बैठक में संघ के शताब्दी वर्ष की तैयारियों पर विमर्श किया गया। निराला नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में हो रही तीन दिन की इस बैठक में शताब्दी वर्ष के आयोजनों के साथ गुरु दक्षिणा कार्यक्रम और राजनीतिक अन्य मुद्दों पर भी मंथन किया जाएगा।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तीन दिवसीय बैठक में संघ की पूर्वी क्षेत्र के अवध, काशी, गोरक्ष और कानपुर प्रान्त के पदाधिकारी, विभाग प्रचारक शामिल होंगे। जानकारी के मुताबिक सरकार्यवाह सभी प्रचारकों के साथ अलग-अलग बैठक करेंगे। बैठक में कई ऐसे प्रचारक भी शामिल होंगे जो पहली बार प्रचारक बने हैं।

▸▸ तीन दिवसीय बैठक में शताब्दी वर्ष के आयोजनों के साथ संगठन के विस्तार और भावी कार्यक्रमों पर होगा विमर्श

दरअसल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के सौ वर्ष 2025 में पूरे हो जाएंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस शताब्दी वर्ष को किस स्वरूप में मनाए, इसी पर मंथन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी कार्यक्रमों के आयोजन किए जाने पर चर्चा हो रही है। शताब्दी वर्ष में संगठन के बड़े विस्तार की भी तैयारी, जिसमें इसकी शाखाओं की संख्या को बढ़ाकर एक लाख तक करने की योजना प्रस्तावित है। वहीं, सूत्रों के मुताबिक, आरएसएस के पूर्वी उप्र. क्षेत्र में बदलाव किया गया है। साथ ही कई प्रचारक के कार्यक्षेत्र के साथ प्रांत कार्यकारणी में भी बदलाव हुआ है।

संघ के एक पदाधिकारी का कहना है कि शताब्दी वर्ष तक संघ के व्यापक विस्तार के लक्ष्य के साथ स्वयंसेवक एक साल के लिए शताब्दी विस्तारक बनाकर 80 जिलों के क्षेत्र में भेजना चाहते हैं। गांव में संघ की उपस्थिति सुनिश्चित करने के अभियान को कैसे जमीन पर उतारना है, इस पर भी विमर्श किया जा रहा है।

भागवत 30 को वाराणसी में

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत 30 जून को वाराणसी जाएंगे। वह काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन करेंगे, साथ ही संघ कार्यालय में पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इसमें संगठन को लेकर चर्चा होगी। इससे पहले भागवत गोरखपुर का भी दौरा कर चुके हैं।

43 हजार करोड़ से होगा बिजली निगमों का आधुनिकीकरण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: प्रदेश की बिजली व्यवस्था को विस्तार देने और इसके आधुनिकीकरण के लिए राज्य सरकार 43 हजार करोड़ रुपए से अधिक खर्च करने की तैयारी में है। इसके अंतर्गत मीटर से लेकर फीडर तक को अत्याधुनिक स्वरूप देने की कवायद की जाएगी। राज्य में बड़े स्तर पर होने जा रहे औद्योगिकीकरण से पहले सरकार बिजली व्यवस्था को पूरी तरह से चुस्त-दुरुस्त करने में जुट गई है।

शासन के अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में ऊर्जा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ इस संबंध में एक विस्तृत प्रस्तुतीकरण का अवलोकन किया था। इसमें राज्य के सभी पांच वितरण निगमों के लिए अलग-अलग धनराशि आवंटन का प्रस्ताव है। सरकार सर्वाधिक 12 हजार करोड़ रुपए से अधिक का खर्च दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड पर करेगी।

दक्षिणांचल के लिए 12 हजार करोड़ से अधिक धनराशि

योजना के तहत पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के लिए 8,759 .87 करोड़ रुपए से कायाकल्प की तैयारी है। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के लिए 10,146 करोड़ रुपए, दक्षिणांचल के लिए 12,300 करोड़ रुपए, पश्चिमांचल के लिए 10,563 करोड़ रुपए और केस्को के लिए 1198 करोड़ रुपये समेत कुल 42,968 .55 करोड़ रुपए का प्रस्ताव है। इसके अलावा 29619 करोड़ रुपए से स्मार्ट मीटर के कार्य को भी तेजी से पूरा करने के निर्देश दिये जा चुके हैं। साथ ही पूर्वांचल, मध्यांचल और दक्षिणांचल निगमों के अंतर्गत ढाई लाख से अधिक घरों के विद्युतीकरण के लिए 917 करोड़ रुपए खर्च किये जा रहे हैं।

सुविधाओं में और सुधार होगा

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष आशीष कुमार गोयल ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर ऊर्जा निगमों को और आधुनिक बनाया जा रहा है, ताकि उपभोक्ताओं को और बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। लगातार समीक्षा व प्रयास से कॉरपोरेशन ने बीते वर्षों में बेहतर प्रदर्शन किया है। अब और बेहतर व आधुनिक सुविधाओं से विभाग की कार्यप्रणाली और सेवाओं में भी उत्कृष्टता आएगी।

वाराणसी, नोएडा, अयोध्या व कानपुर पर खास नजर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में बिजली व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए 1309 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किये जा रहे हैं। इसके अंतर्गत स्मार्ट डिस्ट्रिब्यूशन प्रॉसेस पर 307 .70 करोड़ रुपए, इलेक्ट्रिकल इंफ्रास्ट्रक्चर के अंडरग्राउंडिंग प्रॉसेस पर 513 .58 करोड़ रुपए और आधुनिकीकरण व विस्तारीकरण के लिए 488 .10 करोड़ रुपए खर्च किये जा रहे हैं। इसके अलावा नोएडा के लिए 1535 करोड़ रुपए, अयोध्या के लिए 1200 करोड़ रुपए और कानपुर के लिए 823 करोड़ रुपए से बिजली व्यवस्था के आधुनिकीकरण की तैयारी है। प्रदेश के 33 केवी बिजली उपकेंद्रों में लगे 10 एमवीए के ट्रांसफॉर्मर को भी 'अपग्रेड' कर 20 एमवीए करने की तैयारी है।

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।

नियम और शर्तें
★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।
★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया नि:शुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।
★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।

मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।

साईंधाम ट्रस्ट में निःशुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,
9839163047 / 9956384848

मौसम

बादल छाए रहेंगे, गरज के साथ बौछारे भी पड़ सकती है।

36.4° अधिकतम तापमान | 30.0° न्यूनतम तापमान

शहर में आज

- गोमती नगर स्थित लखनऊ विकास प्राधिकरण कार्यालय में वरिष्ठ नागरिक/दिव्यांगजन समाधान दिवस सुबह 10 बजे।
- लोक भवन सभागार में एमएसएमई दिवस पर सीएम योगी इकाइयों को बीस हजार करोड़ के ऋण वितरण करेंगे अपराह्न 4:00 बजे।

जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र में संशोधन अब आसान नहीं

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : नगर निगम से जारी होने वाले जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र में अब संशोधन कराना आसान नहीं होगा। जन्म प्रमाणपत्र के लिए आवेदन में 21 दिन से अधिक देर होने पर सीएमओ दफ्तर की रिपोर्ट लगानी होगी।

वहीं मृत्यु प्रमाणपत्र के लिए आवेदनकर्ता के साथ मृतक के माता-पिता या संरक्षक के आधार कार्ड का ब्योरा भी देना होगा। अभी तक तहसीलदार की रिपोर्ट पर मृत्यु के एक साथ बाद भी प्रमाण पत्र लेने की व्यवस्था थी। लेकिन अब कम से कम सब रजिस्ट्रार की रिपोर्ट अनिवार्य कर दी गई है। यह सब नए साफ्टवेयर के चलते होगा।

जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए अभी तक आसान प्रक्रिया थी। किसी भी अस्पताल की रिपोर्ट पर बड़ी आसानी से बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र जारी कर दिया जा रहा था। वार्ड पार्षद, लेखपाल या विकास अधिकारी की रिपोर्ट लगाकर मृत्यु प्रमाण पत्र बना दिया जा रहा था। प्रमाण पत्र जारी होने के बाद बाबूओं को रिश्वत देकर कभी भी मनचाहा बदलाव करवाने की गुंजाइश रहती थी। एक ही ओटीपी पर बाबू नाम, जन्म या मृत्यु की तिथि जैसे सारे बदलाव आसानी से कर दे रहे थे। यह बदलाव भी कई बार हो रहा था।

बिगड़ रहे थे जनगणना के आंकड़े : नगर निगम से जारी प्रमाण पत्र के आधार पर हर साल जनगणना का ग्राफ बढ़ता है। बाबूओं की मनमानी से पैदा होने के कई साल बाद भी बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र जारी कर दिया जा रहा था। इसी तरह मृत्यु कभी भी हुई तो बाबू थोड़े से रुपये लेकर प्रमाण पत्र जारी कर दे रहे थे। इस भ्रष्टाचार से एक तरफ जनगणना का समीकरण बिगड़ रहा था, दूसरी ओर स्कूलों में दाखिले और संपत्ति विवाद के मामलों इसका दुरुपयोग हो रहा था।

हर संशोधन के लिए चाहिए ओटीपी

संशोधन के बहाने अभी तक प्रमाण पत्र में किसी भी तरह का बदलाव बड़ी आसानी से कर दिया जा रहा था। जैसे नाम, तिथि, पता बदलने के लिए एक ही ओटीपी की जरुरत होती थी। इससे बाबूओं का काम आसान हो गया था। साफ्टवेयर में बदलाव के बाद व्यवस्था की गई है कि कॉलम के लिए अलग-अलग ओटीपी जारी हो रहा है। इसे डालने के बाद ही संशोधन किया जा सकता है।

नगर निगम कार्यालय से लेना होगा प्रमाण पत्र

प्रमाण तैयार होने के बाद इसे आवेदक के मोबाइल पर लिंक के जरिए भेज दिया जाता था। अब प्रमाण पत्र बनते ही इसकी केवल सूचना फोन पर मिलेगी। इसके बाद नगर निगम कार्यालय जाकर आवेदन को कॉपी लेनी होगी। स्कूलों में रंगीन प्रमाण पत्र ही मान्य होता है लेकिन नगर निगम के पास रंगीन प्रिंटर न होने से आवेदकों को परेशानी हो रही है।

▸▸ भ्रष्टाचार रोकने के लिए जनगणना विभाग ने साफ्टवेयर में किया बदलाव

> सॉफ्टवेयर में जो बदलाव किये गए हैं उन पर केंद्र सरकार का नियंत्रण है। लखनऊ नगर निगम इसमें कुछ नहीं कर सकता है। नियम के अनुसार ही जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र बनाए जाएंगे।
> – डॉ विजय कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम

आंगनबाड़ी समायोजन में मनमानी की जांच के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री ने परियोजना व जिला कार्यक्रम अधिकारी के खिलाफ दिए आदेश

अमृत विचार : आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के समायोजन में मनमानी की शिकायत पर बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य ने निदेशक सरनीता कौर ब्रोका को जांच के निर्देश दिए हैं। जह जांच जिला कार्यक्रम अधिकारी और संबंधित बाल विकास परियोजना अधिकारी के खिलाफ होगी।

शासनादेश 2021 के अनुसार इस वर्ष मार्च में 39 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के समायोजन किया गया था। 25 का समायोजन सीडीओ की अध्यक्षता में बनी कमेटी की संस्तुति पर किया गया। निवास की पुष्टि न होना व पद खाली न होने समेत अन्य कारणों से 14 प्रस्ताव निरस्त किए गए। इसमें जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार व संबंधित बाल विकास परियोजना अधिकारी के खिलाफ मनमानी की शिकायत विकास एवं पुष्टाहार मंत्री से की गई थी। वहीं जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि समायोजन नियमों के तहत किया है।

एक नजर

नगर निगम में जीआईएस समाधान दिवस कल

अमृत विचार, लखनऊ : जीआईएस सर्वे में बढ़ा गृहकर सही कराने के लिए भवन स्वामी शुक्रवार को आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। लालबाग स्थित नगर निगम मुख्यालय के त्रिलोकनाथ हॉल में सुबह 9 से दोपहर 12:30 बजे तक जीआईएस समाधान दिवस आयोजित किया जाएगा। इसमें नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी, जोनल अधिकारी सहित जीआईएस सर्वे कंपनी के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। वे लोगों की आपत्तियों का निस्तारण करेंगे।

क्षेत्रीय प्रबंधक ने किया बसों का निरीक्षण

अमृत विचार, लखनऊ : क्षेत्रीय प्रबंधक और सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक(वित्त) की ओर से क्षेत्रीय चेकिंग दल के साथ अयोध्या-लखनऊ मार्ग पर बुधवार को बसों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान चालकों-परिचालकों को वर्दी में ड्यूटी करने,अधिक आय लाने और हर स्टॉपेज से यात्री उठाए जाने के साथ ही यात्रियों से अच्छे व्यवहार किए जाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने इस रूट पर यात्रियों की संख्या और बसों के फेरों के बारे में अफसरों से जानकारी भी ली।

केशवनगर सहित कई इलाकों मे आज गुल रहेगी बिजली

अमृत विचार, लखनऊ : केशवनगर की एलटी सप्लाई के अंतर्गत खराब कंडक्टर को बदलकर नया एबी केबल लगाने का कार्य आज किया जायेगा। इसके चलते केशव विहार और उसके आसपास के क्षेत्र की सप्लाई सुबह 10 से शाम 5 बजे तक सप्लाई बाधित रहेगी। वहीं डालीगंज खंड के गोयल उपकेंद्र के वर्कशॉप में 400 केवीए आरएसआई कॉलोनी में जर्जर तार बदलने कार्य किया जायेगा। इसके कारण इससे जुड़े क्षेत्रों की बिजली सप्लाई सुबह 10 से 4 बजे तक बिजली गुल रहेगी। जानकीपुरम के अलीशा नगर, सेक्टर आई सहित कई इलाकों मे कार्य होने के चलते सुबह 9 से शाम 4 बजे तक सप्लाई बाधित रही।

सीएचसी गुडंबा: सादे कागज पर डॉक्टर लिख रहे दवा, बांट रही नर्सिंग छात्राएं

ओपीडी के समय कोई डॉक्टर मौजूद नहीं, घंटों लाइन में लगने के बाद मिल रहीं दवाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) गुडंबा में सरकारी पर्चे के बजाय सादे कागज पर अस्पताल की मुहर लगाकर इस्तेमाल किया जा रहा है। वहीं, दवाएं फार्मासिस्ट के बजाय नर्सिंग छात्राएं (प्रशिक्षु) वितरित कर रहीं हैं। बुधवार को कई मरीजों ने इस पर नाराजगी जाहिर की और दवा वितरण काउंटर पर भी एतराज जताया।

गुडंबा सीएचसी की ओपीडी में रोजाना औसतन 150 से 200 मरीज आते हैं। बुधवार को टीकाकरण दिवस होने के चलते अधिक संख्या थी। गुडंबा निवासी नाजिया अपने चार माह की भतीजी फातिमा को टीका लगवाने के लिए आईं थीं। पंजीकरण काउंटर पर उन्होंने एक रुपये देकर पर्चा बनवाया। पर्चा सादे कागज पर बना कर दिया गया। जिस पर रजिस्ट्रेशन नंबर 20781 दर्ज था और सरकारी मोहर लगा दी गई थी। पूछने पर बताया गया कि यह पर्चा मान्य है। इसी तरह कुर्सी रोड मिश्रपुर निवासी लवकुश (38) को भी सादे कागज पर ही पर्चा बनाकर दिया गया। उनके परचे पर 20783 नंबर लिखा है। ओपीडी में मौजूद डॉक्टर भी इसी पर्चे पर दवाएं लिख रहे हैं। जब डॉक्टर से इस बारे में बात की तो उनका कहना था कि यह अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि पर्चा उपलब्ध करवाएं। हमारे पास जो पर्चा आएगा उस पर हम दवाएं लिख देंगे।

काउंटर पर दवा वितरित करतीं नर्सिंग छात्राएं। अमृत विचार

टीकाकरण दिवस के दिन महिला काउंटर बंद

बुधवार को टीकाकरण दिवस था। यहां रोजाना की अपेक्षा ज्यादा ही भीड़ दिख रही थी। ऐसे में एक ही आउंटर खुला था। महिला-पुरुष दोनों की ही लाइन एक थी। इससे यहां मौजूद महिलाओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इतनी गर्मी में लंबी कतार दिख रही थी। लोगों ने दूसरा काउंटर खुलवाने के लिए कहा लेकिन नर्सिंग छात्राओं का कहना था कि स्टाफ कम है।

अधीक्षक के कमरे में लटकता ताला।

अनजान नंबर की कॉल नहीं उठाते अधीक्षक

ओपीडी के समय केंद्र प्रभारी डॉ. विनय कुमार भी केंद्र में मौजूद नहीं थे। उनके कक्ष के दरवाजे पर ताला लटक रहा था। केंद्र पर लिखे उनके मोबाइल नंबर 888789505 पर दोपहर 12:28 बजे,1:46 बजे, 5:39 बजे और 5:40 बजे भी कॉल की गई लेकिन फोन नहीं उठा। सीएमओ की फटकार के बाद सीएचसी प्रभारी ने कॉल कर कहा कि आपका नंबर सेव नहीं था इसलिए नहीं उठाया, हमें लगा कि किसी बीमा कंपनी के एजेंट का फोन आ रहा है।

नर्सिंग छात्राओं को समझ नहीं आ रही डॉक्टर की लिखावट

सीएचसी दवा काउंटर पर कोई भी फार्मासिस्ट मौजूद नहीं था। वहां पर नर्सिंग छात्राएं दवा बांट रहीं थीं। कई मरीजों को उन्होंने यह कहकर लौटा दिया किया पर्चे पर लिखी दवा उपलब्ध नहीं है। जब कुछ मरीजों ने इसका विरोध किया तो नर्सिंग छात्राओं का कहना था कि डॉक्टर की लिखावट ऐसी है कि समझ नहीं आ रहा कि क्या दवा लिखी है। ऐसे में कई मरीजों को बाहर से ज्यादा रुपये खर्च करके दवा खरीदनी पड़ रही है।

मरीज लवकुश का पर्चा।

डॉक्टर बोले, गलत दवा दी है, बदलवा दीजिए

नाम न छापने की शर्त पर एक मरीज ने बताया कि यहां नर्सिंग स्टाफ को डॉक्टरों की दवा समझ नहीं आ रही यह बाद यहां के स्टाफ ने खुद बोली, लेकिन हद तो तब हो गई जब मुझे मिली दवा मैं डॉक्टर को दिखाने गया और उन्होंने मेरे से बोला कि यह दवाएं गलत दे दीं हैं उन्हें बलवा कर यह दवा ले लीजिए। इसको लेकर कई मरीजों ने गुस्सा दिख रहा था।

▸▸ शिकायत पर नहीं हो रही सुनवाई, अधिकारी कुछ दिन में समाधान का दे रहे आश्वासन

> सादे कागज पर मरीज देखना नियम विरुद्ध है। पर्चे खत्म हो गए थे तो उन्हें छपवाने की जिम्मेदारी केंद्र प्रभारी की है। रोगी कल्याण समिति की निधि का इस्तेमाल किया जा सकता है। बिना फार्मासिस्ट के दवाएं बंटवाना भी गलत है। इस पर केंद्र प्रभारी से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा।
> – डॉ. मनोज अग्रवाल, सीएमओ

> पर्चा छापने के लिए वेंडर को बोला गया है। जल्द पर्चे उपलब्ध हो जाएंगे। यदि काउंटर पर फार्मासिस्ट नहीं था तो उसे नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगेंगे।
> – डॉ. विनय कुमार, सीएचसी प्रभारी गुडंबा

अव्यवस्था पर लोगों ने जताई नाराजगी

गुडंबा निवासी नाजिया ने बताया की डेढ़ घंटे से अधिक समय हो चुका है लाइन में लगे हुए, लेकिन अभी तक दवा नहीं मिली। मेरे साथ मेरी भतीजी है जो परेशान हो रही है। उन्होंने बताया कि यहां का हमेशा से ही बुरा हाल है। कई बार यहां के स्टाफ से बोला, लेकिन यहां कोई सुधार होने का नाम नहीं है। यहीं से दवा लेकर निकले लवकुश ने बताया कि लाइन में लगने के एक घंटे बाद नंबर आया, लेकिन यहां मौजूद स्टाफ ने बताया कि उनके पास यहां दवा नहीं है, इसे बाहर से खरीदनी होगी। हमारी शिकायतों पर अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

मां की गाली देने पर बड़े भाई की हत्या, चौकी में आत्मसमर्पण

बंथरा के दराबनगर बरकोता गांव में बुधवार रात सनसनीखेज वारदात

संवाददाता, लखनऊ/सरोजनीनगर

अमृत विचार: बंथरा थाना क्षेत्र में मां की गाली देने से आग बबूला छोटे भाई ने बड़े भाई की गर्दन पर ताबड़तोड़ कुल्हाड़ी से वार कर मौत के घाट उतार दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद हत्यारोपी ने पुलिस चौकी पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। छोटे भाई के खाना नहीं बनाने पर नशे में धुत होकर घर पहुंचे बड़े भाई ने विवाद शुरू किया था। सूचना पर पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ घटना स्थल की जांच कर साक्ष्य एकत्रित किये।

डीसीपी दक्षिण शशांक सिंह के मुताबिक, क्षेत्र के दराबनगर बरकोता निवासी अशोक (38) बर्फ बेचने का काम करता है। बुधवार रात करीब 11 बजे शराब के नशे में धुत होकर अशोक घर पहुंचा। छोटे भाई से सुजीत से पूछा क्या खाना बनाया है? सुजीत ने कहा कि अभी खाना नहीं बना है। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। नशे में धुत अशोक छोटे भाई को मां की गालियां देने लगा। इससे आक्रोशित सुजीत घर में रखी कुल्हाड़ी उठा लिया। अशोक नशे में धुत था जबकि सुजीत पर खून सवार था। उसने अशोक के गले पर ताबड़तोड़ कई वार कर दिये। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। चीख पुकार सुन परिजन और पड़ोसी पहुंचे, तब तक सुजीत घर से लापता हो चुका था। डीसीपी के मुताबिक आरोपी ने हरौनी पुलिस चौकी पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। बताया बड़े भाई संतोष के प्रार्थना-पत्र पर आरोपी के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है। पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

उच्चाधिकारियों को सूचना देकर मौके पर पहुंची पुलिस.: चौकी में पहुंचे हत्यारोपी को हवालात में बंद कर प्रभारी ने इंस्पेक्टर समेत अन्य उच्चाधिकारियों को हत्याकांड की सूचना दी। इसके बाद थाना पुलिस समेत अन्य अफसरों ने घटना स्थल पर पहुंचकर जांच की। पूछताछ मेंमें खाना बनाने को लेकर विवाद होने के बाद हत्या की बात सामने आई है। फिलहाल पुलिस अन्य बिंदुओं पर भी जांच कर रही है।

मृतक अशोक

आरोपी सुजीत

▸▸ छोटे भाई के खाना नहीं बनाने पर नशे में धुत बड़े भाई ने शुरू किया था विवाद

माता-पिता की पांच साल पहले हो चुकी मौत

रामआसरे और उनकी पत्नी की करीब पांच वर्ष पहले मौत हो गई थी। उनके पांच बेटों में संतोष सबसे बड़ा है। मृतक अशोक दूसरे नंबर का था। उससे छोटे आशीष, अजीत और सुजीत हैं। अशोक आईस्क्रीम का ठेला लगाता था। हत्यारोपी सुजीत सबसे छोटा था।

मौके पर आसपास के लोगों से पूछताछ करते पुलिस अफसर। अमृत विचार

खून से सने कपड़े, हाथ में कुल्हाड़ी देख चौंके पुलिसकर्मी

हत्या की घटना रात करीब 11 बजे की बताई जा रही है। बड़े भाई अशोक की हत्या के बाद आरोपी सुजीत को अपराध बोध हुआ। बड़ा भाई संतोष समेत अन्य परिजन पहुंचे तो वह मौके से लापता था। वारदात को अंजाम देने के बाद घर से करीब ढाई किलोमीटर की दूरी पर स्थित सुजीत हाथ में कुल्हाड़ी लेकर खून से लथपथ पहुंचा तो पुलिसकर्मी चौंक गये। उसने आत्म समर्पण कर कुल्हाड़ी देते हुये पूरा मामला बताया।

सिर्फ बड़े भाई की शादी चार भाई साथ में रहते

ग्रामीणों के मुताबिक, पांचों भाइयों में से सिर्फ बड़े भाई संतोष की शादी हुई थी। जबकि चारों छोटे भाई अविवाहित थे। संतोष अपने परिवार के साथ अलग रहने लगा था। जबकि अशोक, सुजीत समेत चारों भाई एक साथ रहते थे। सभी मिलकर खुद ही खाना बनाकर खाते थे। इसे लेकर अक्सर भाइयों के बीच विवाद होता था।

सिर्फ 8-8 विस्वा पैतृक जमीन भाइयों के हिस्से में

पांचों भाइयों के हिस्से में पैतृक जमीन के रूम में महज आठ-आठ बिस्वा है। बताया जा रहा है कि अशोक आईस्क्रीम बेचता था। जबकि सुजीत समेत अन्य भाई मजदूरी करते थे। यह भी बताया जा रहा है कि अन्य भाई भी शराब पीते थे। आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं थी। इसको लेकर भी भाइयों में कई बार विवाद की स्थित उत्पन्न होती रहती थी।

आमद धीमी, टमाटर होने लगा लाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः बारिश की वजह से महाराष्ट्र से आने वाले टमाटर की आमद धीमी हो गई है। प्रदेश की लोकल मंडियों का ही टमाटर मंडियों में पहुंच पा रहा है। इसका नतीजा कीमतों पर साफ दिख रहा है। माह की शुरुआत में 40 से रुपये प्रति किलो बिक रहे टमाटर की कीमत 60 रुपये प्रति किलो से अधिक हो गई है।

फुटकर कारोबारियों ने बताया कि दुबग्गा मंडी में बाहर से आने वाली टमाटर की खेप मंडी में नहीं पहुंची है। इसके चलते कीमतों में इजाफा हो गया है। इसके अलावा प्याज, धनिया, हरी मिर्च, नींबू, अदरक समेत कई सब्जियों के दाम बढ़े हैं। तोरई, लौकी, कद्दू, पालक आदि सब्जियों के भाव स्थिर हैं और करीब 40 से 50 रुपये किलो में बिक रही हैं।

फुटकर मंडी (कीमत रुपये प्रति किलो)

सब्जी	माह की शुरुआत पर	अब
टमाटर	40 से 50	60 से 70
प्याज	30 से 40	50
नींबू	100 से 120	150 से 200
हरी मिर्च	30 से 40	80 से 100
अदरक	100 से 120	120 -150
हरी धनिया	80 से 100	150 से 200
शिमला मिर्च	60 से 80	80 से 100

> टमाटर की आमद आज मंडी में कम रही। बारिश की वजह से माल में निरंतरता नहीं है। इसकी वजह से कीमत बढ़ी। हरी सब्जियां 30 से 50 रुपये प्रति किलो तक मिल रही हैं।
> –अमित भगत, फुटकर सब्जी विक्रेता

> टमाटर में मामूली उछाल है। सप्लाई आती रही तो टमाटर के भाव गिरेंगे। अगर बारिश की वजह से बाहर से आने वाले टमाटर की गति धीमी हुई तो कीमत बढ़ेगी।
> –रिंकू सोनकर, आढ़ती, सीतापुर रोड थोक फल एवं सब्जी मंडी

एलडीए की बोर्ड बैठक अगले माह

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की इस वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली बोर्ड बैठक जुलाई के प्रथम सप्ताह में चेयरमैन/मंडलायुक्त की अध्यक्षता में होगी। बैठक की तिथि अभी निर्धारित नहीं हुई है। इससे पहले उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने सभी योजनाओं के संबंधित अधिकारियों से नए व पुराने कार्यों का प्रस्ताव मांगा है। इसमें एलडीए में जिले का पूरा नगरीय व ग्रामीण क्षेत्र सीमा विस्तार कर शामिल करने का प्रस्ताव मुख्य है। इसके अलावा न बिकने वाले फ्लैटों के दाम घटाना, पहले आओ पहले पाओ योजना, वेलनेस सिटी, आईटी का निर्माण, मोहान रोड आदि के कार्य के प्रस्ताव पर भी विचार किया जाएगा।

विकास प्राधिकरण | रश्मिलोक, सृजन, अनुभूति व श्रवण अपार्टमेंट में फ्लैट की कीमत घटाने का प्रस्ताव तैयार

वर्षों से नहीं बिके 30 अपार्टमेंट के 377 फ्लैट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के 30 अपार्टमेंट में 377 फ्लैट वर्षों से नहीं बिके। इनकी बिक्री के लिए एलडीए अब 11 से 12 फीसद तक दाम घटाएगा। प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। जुलाई में होने वाली बोर्ड में पारित होने के आसार हैं।

एलडीए के 2010 से 2018 के बीच करोड़ों खर्च कर रश्मिलोक, सृजन, अनुभूति व श्रवण अपार्टमेंट में कुल 408 फ्लैट बनवाए थे। इनमें से अब तक सिर्फ 31 फ्लैट ही बिक सके। कारण इनका शहर से दूर होना, गुणवत्ता खराब होना व आधे-अधूरे बने होना है। इनमें कानपुर रोड स्थित श्रवण अपार्टमेंट में दो ही फ्लैट बिके। पूर्व में यहां के फ्लैट के दाम घटाए गए थे लेकिन खरीदारों ने रुचि नहीं दिखाई।

अब एलडीए ने चारों अपार्टमेंट में ठेकेदारों को कार्रवाई की चेतावनी देकर कमियां दूर कराई हैं। साथ ही फ्लैटों की कीमत 11 से 12 फीसदी घटाने की योजना बनाई है।

▸▸ एलडीए 11 से 12 फीसद कम करेगा कीमत, प्रस्ताव तैयार

श्रवण अपार्टमेंट, कानपुर रोड

3 बीएचके टाइप ए	47.37	67
3 बीएचके टाइप बी	47.37	53
कुल 122 में 120 खाली		

सृजन अपार्टमेंट, प्रियदर्शनी सीतापुर रोड

2 बीएचके टाइप ए	42.89	48
2 बीएचके टाइप बी	43.15	27
कुल 88 में 75 खाली		

रश्मिलोक अपार्टमेंट, शारदा नगर, रायबरेली रोड

फ्लैट	कीमत (लाख में)	कितने खाली
1 बीएचके	48.91	16
2 बीएचके	57.10	83
3 बीएचके टाइप ए	72.86	13
3 बीएचके टाइप बी	73.38	5
कुल 128 में 117 फ्लैट खाली		

अनुभूति अपार्टमेंट अलीगंज

2 बीएचके	27.50805	70	65

एक नजर

शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने पर भाजपाइयों का प्रदर्शन

अमृत विचार, लखनऊ : चिनहट के जुग्गौर के भाजपा बूथ अध्यक्ष का शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने से आक्रोशित बीजेपी कार्यकर्ताओं ने बीबीडी थाने पर धरना-प्रदर्शन किया। पूर्व जिला अध्यक्ष रामनिवास यादव के नेतृत्व में लगभग 50 भाजपा कार्यकर्ता थाने के अंदर धरने पर बैठ गए। उन्होंने भाजपा के झंडे लहराए और नारेबाजी की। हंगामा बढ़ने पर एसीपी विभूति खंड अनिरुद्ध विक्रम सिंह भाजपा नेता व कार्यकर्ताओं से बात करने के पहुंचे। रामनिवास यादव ने थाने की रिपोर्ट पर नाराजगी जताते हुए कहा कि डीएम ने गलत तरीके से लाइसेंस निरस्त किया है। एसीपी ने जांच के बाद उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया तो कार्यकर्ता शांत हुए।

पेंशनरों ने की बकाया एरियर के भुगतान की मांग

अमृत विचार, लखनऊ : ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को भाजपा विधायक शलभ मणि त्रिपाठी से मिलकर पेंशनरों को छठे वेतनमान के लंबित एरियर्स और 5-6 वर्षो से रुके महंगाई भत्ते का किश्तों का भुगतान कराने की मांग उठाई। विधायक ने इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में समिति के राष्ट्रीय सचिव राजीव भटनागर, प्रान्तीय महामंत्री राजशेखर नागर, मुख्य समन्वयक उमाकांत सिंह विसेन, संयुक्त मंत्री आरएन द्विवेदी, कोषाध्यक्ष दिलीप पांडे एवं मीडिया प्रभारी सुभाष चौबे शामिल रहे।

जर्जर सड़क दे रही गठिया रोगियों को दर्द

अमृत विचार, लखनऊ : राहत के लिए केंद्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान पहुंचने के लिए गठिया रोगियों को 300 मीटर टूटी-फूटी सड़क पर पैदल चलना पड़ रहा है। इससे उनके दर्द के साथ रोग में बढ़ोत्तरी हो रही है। कुर्सी रोड से केंद्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (सीआरआईयूएम) तक की सड़क जर्जर हो चुकी है। कोई भी ऑटो या रिक्शा मरीजों को ले जाने के लिए तैयार नहीं होता।मजबूरन मरीजों को पैदल ही जाना पड़ता है। इस सड़क का निर्माण वर्ष 2018 में कराया गया था। इसके बाद से न तो इस सड़क की मरम्मत हुई और न ही इसका पुनर्निर्माण कराया गया। संस्थान के उप निदेशक डॉ. मोहम्मद नफीस खान ने बताया कि सड़क की मरम्मत करने के लिए नगर आयुक्त को पत्र लिखा जा चुका है। संस्थान में रोज लगभग 250-300 मरीजों की ओपीडी होती है। सोमवार को बुजुर्गों के लिए विशेष ओपीडी की जाती है।

नाला सफाई में लापरवाही पर जेडएसओ को प्रतिकूल प्रविष्टि

अपर नगर आयुक्त को निरीक्षण में गुरुनानक वार्ड में मिली थी सिल्ट

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : नाला सफाई में लापरवाही बरतने पर नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने जोन पांच के जोनल सेनेटरी ऑफिसर (जेडएसओ) राजेश और सफाई एवं खाद्य निरीक्षक मीरा राव को प्रतिकूल प्रविष्टि दी है।

जोन पांच के गुरूनानक वार्ड में सुन्दर नगर क्षेत्र में 25 जून को अपर नगर आयुक्त अरूण गुप्त के निरीक्षण में उन्हें ज्वेल पैलेस के पास भूमिगत नाले की सफाई के दौरान निकाली गयी सिल्ट मिली थी। इसके अलावा खाली भूखंडों में कूड़ा मिला। कार्य में रुचि न लेने और दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन न किये जाने पर भविष्य के प्रति सचेत करते हुए नगर आयुक्त ने प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान की।

जेडएसओ व कर अधीक्षक को चेतावनी : नगर आयुक्त ने कार्य में लापरवाही बरतने पर जोन चार के जेडएसओ पंकज शुक्ला और कर अधीक्षक प्रचार ओम प्रकाश सिंह को कठोर चेतावनी दी है। जोन चार के इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान के मरकरी हॉल में बुधवार को शाम चार बजे ईको टूरिज्म पर संवाद कार्यक्रम था। सूचना देने के बाद भी कार्यक्रम स्थल एवं आस-पास पहुंच मार्ग पर सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं मिली। अधीक्षक प्रचार ओपी सिंह को निर्देशित करने के बाद भी कार्यक्रम स्थल पर जाने वाले मार्ग पर अवैध होर्डिंग लगी मिलीं थी।

स्मार्ट सिटी कार्यालय सभागार में नाला सफाई पर बैठक करते नगर आयुक्त।

आज से 72 घंटे तक नाला सफाई अभियान चलाएगा नगर निगम

अमृत विचार, लखनऊ: जलभराव से शहर को बचाने के लिए नगर निगम गुरुवार सुबह छह बजे से 72 घंटे का नाला सफाई अभियान चलाएगा। इस दौरान नगर आयुक्त सहित नगर निगम के समस्त अधिकारी, अभियंता, जोनल अधिकारी, जेडएसओ और सफाई निरीक्षक सहित कर्मचारी मौजूद रहेंगे। नाला सफाई की ड्रोन से निगरानी की जाएगी। नाले साफ नहीं मिले तो अभियंताओं व सफाई निरीक्षकों पर कार्रवाई की जाएगी।

नगर विकास मंत्री एके शर्मा के निर्देश पर नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने बुधवार को नगर निगम के समस्त अधिकारियों व अभियंताओं के साथ स्मार्ट सिटी सभागार में बैठक की। उन्होंने कहा कि ऐसे नाले जिनकी सफाई पूरी नहीं हुई

▸▸ ड्रोन से होगी निगरानी, नाले साफ नहीं मिले तो होगी अभियंताओं पर कार्रवाई

या अभी शुरू नहीं हुई उन्हें चिन्हित करके ठेकेदारों से जल्द से जल्द शुरू करवाने के अभियंत्रण विभाग के अभियंताओं को निर्देश दिए। नाले में कूड़ा फेंकने वालों को जागरूक करने के न मानने वालों को चिन्हित करके जुर्माना लगाया जाए। नगर आयुक्त ने समस्त बड़े व मझौले नालों की ड्रोन कैमरे से निगरानी करवाने के साथ जल निकासी प्रभावित होने से जलभराव वाले इलाकों में लोगों से वार्ता करके समस्या के निस्तारण के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम के विभागों में तत्काल प्रभाव से ई-पत्रावली लागू करने का निर्देश दिया।

एक्सईएन को भनक तक नहीं लगने दी एसडीओ-जेई ने

निलमथा में बिजली चोरी पकड़ने की जांच रिपोर्ट की सूचना नहीं दी, डमी खाते बनाकर पैसा जमा कराया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लेसा के उतरेठिया न्यू उपकेंद्र के अंतर्गत निलमथा के विजय नगर में 23 जून को पकड़े गए बिजली चोरी के मामले में एसडीओ और जेई की करतूत के चलते एक्सईएन भी लपेटे में आ गए। उन्हें सही तरीके से जांच न करने का दोषी पाया गया।

जेई और एसडीओ ने डमी खाता बनाकर पैसा जमा करा लिया। इसकी अधिशासी अभियंता को भनक तक नहीं लगने दी। नियम के मुताबिक जब पैसा जमा कराया गया तो रिपोर्ट एक्सईएन को भी भेजी जानी चाहिए थी। उधर निलंबित एसडीओ राजेश कुमार ने सफाई दी कि शमन शुल्क जमा करा लिया गया था। इस कारण एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई। बिना एफआईआर के ही 1.78 लाख की रसीद बन गई।

दो महीने पहले भी निलंबित किए गए थे जेई

करीब दो माह पूर्व जेई शिव प्रसाद मिश्रा को एफसीआई उपकेंद्र से निलंबित किया जा चुका है। जिसके बाद उन्हें देवीपाटन जोन भेजा गया था। लेकिन पिछले दिनों बिजली संकट के कारण उन्हें बहाल किया गया था।

बिना राजस्व निर्धारण कटाई गई 1.78 लाख की रसीद : एसडीओ और जेई द्वारा लिए गए 2.40 लाख रुपये में से 1.78 लाख की रसीद भी विभागीय राजस्व में वृद्धि का उद्देश्य बताकर कटवाई गई। उतरेठिया के एसडीओ राजेश कुमार ने 24 जून को कैशियर हीरा सिंह को व्हाट्सएप पर चेकिंग रिपोर्ट का नंबर और बिल कॉपी भेजकर विभागीय राजस्व में वृद्धि का उद्देश्य बताकर रसीद काटने के लिए कहा गया।

इस पर कैशियर ने 1.78 लाख रुपये की दो रसीद कटवा दी। इसमें आठ हजार रुपये शमन शुल्क और 1.70 लाख आंशिक राजस्व निर्धारण की रसीद डमी अकाउंट से बना दी गई। जांच अधिकारियों के मुताबिक उपभोक्ता पर बिजली चोरी की बिना एफआईआर और बिना राजस्व निर्धारण के रसीद निर्गत की गई।

खदरा में बिजली चोरी करते पकड़े गए छह लोग

अमृत विचार, लखनऊ : बिजली चोरी रोकने के लिए बुधवार को अहिबरनपुर पावर हाउस के अधिशासी अभियंता और विजिलेंस टीम के संयुक्त ऑपरेशन चलाया गया। जो खदरा, मदेयगंज और मक्कागंज क्षेत्र सघन चेकिंग अभियान चला। इसमें 15 किलोवॉट की चोरी पकड़ी गई।

अहिबरनपुर पावर हाउस के अधिशासी अभियंता नीरज गर्ग ने बताया कि क्षेत्र में बिजली चोरी को राकने के लिए एसडीओ, जेई और विजिलेंस टीम के प्रभारी हरिनाथ सिंह के साथ मिलकर खदरा सहित कई इलाकों में चेकिंग की गई। इसमें पांच अलग-अलग घरों में रूबी, शबो, इरफान अली, सरदार मोहम्मद और रियासत अली को बिजली चोरी करते पकड़ा गया। इनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है।

15 तक तैयार करें जुरासिक पार्क : मंडलायुक्त

जनेश्वर पार्क में देखी निर्माण की गुणवत्ता, नक्षत्र वाटिका का निरीक्षण किया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : 15 जुलाई तक जुरासिक पार्क तैयार करके लोगों के लिए खोल दिया जाए। इससे जनेश्वर मिश्र पार्क में आए हुए लोग इसका लुत्फ उठा सकें। यह निर्देश मंडलायुक्त ने कार्यों का निरीक्षण करते हुए दिया।

बुधवार को मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी के साथ गोमती नगर स्थित जनेश्वर मिश्र पार्क में बन रहे जुरासिक पार्क का निरीक्षण किया। उपाध्यक्ष ने बताया कि 80 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है। इसे पार्क में बिना किसी पेड़ की कटाई व छंटाई करके विकसित किया है। मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि कार्यों में गुणवत्ता व मानक का विशेष ध्यान रखते हुए निर्धारित समयावधि 15 जुलाई तक पूर्ण कर लें और लोगों के लिए इसे जल्द खोलें।

जनेश्वर मिश्र पार्क में निर्मित जुरासिक पार्क की एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी से जानकारी लेतीं मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब। अमृत विचार

इसके बाद उन्होंने नक्षत्र वाटिका (देव वन) का निरीक्षण किया। हॉर्टिकल्चर व पौधे लगाने का कार्य अच्छे से कराने को कहा। वहीं, 13 जुलाई तक समस्त कार्य पूर्ण करते हुए नक्षत्र वाटिका (देव वन) का संचालन नियमित रूप से करवाने की बात कही। प्रवेश द्वारिका का कार्य भव्यता पूर्वक, पार्क में लाइट, बेंच व पाथवे समय से बनाएं। निरीक्षण में सचिव विवेक श्रीवास्तव व सहायक उद्यान अधिकारी कर्ण सिंह भी मौजूद थे।

25 हजार की आबादी 48 घंटे पानी के लिए तरसी

कार्यालय संवाददाता

अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम जोन-3 के महानगर वार्ड में रहीम नगर और पंत नगर की लगभग 25 हजार की आबादी जो 48 घंटों से पानी के लिए तरस रही है। इसकी वजह उस नलकूप का खराब होना है जिससे इस क्षेत्र को पानी की आपूर्ति की जाती है।

मंगलवार को पंचवटी ट्यूबवेल का पंप फेल हो गया। लोगों ने इसकी

▸▸ पंप की मोटर बोरिंग में ही छूटी जिसे निकालने में बीता दिन, 14 टैंकरों से की गई क्षेत्र में पानी की आपूर्ति

सूचना जलकल विभाग को दी। विभागीय कर्मचारियों ने मौके पर पहुंच कर पंप की मोटर ठीक की लेकिन उसे लगाते समय वह बोरिंग के बीच में ही छूट गई।

अवर अभियंता शिवांगी ने बताया कि बुधवार को दिन भर बोरिंग से मोटर बाहर निकालने का काम चलता रहा जो रात आठ बजे पूरा हो पाया। इसके बाद बोरिंग का काम शुरू कराया गया। क्षेत्रीय पार्षद हरीशचंद्र लोधी ने बताया कि गुरुवार को सुबह चार बजे तक पानी मिलने की उम्मीद है। मंगलवार को पंप जलने के बाद मरम्मत के दौरान मोटर बोरिंग के अंदर छूट गई थी। पंचवटी ट्यूबवेल से रहीम नगर, नई बस्ती, पुरानी बस्ती व पंचवटी को पानी की सप्लाई होती है। जलकल विभाग की ओर से इलाके में 14 टैंकर लगाए गए थे, जिससे पानी की आपूर्ति की गई।

कर्मचारियों की लापरवाही से परेशान हो रहे लोग : जलकल विभाग के कर्मचारियों ने मंगलवार को पंप जलने के बाद ठीक किया और मोटर को बोरिंग के अंदर ही छोड़ दिया। इसी के चलते फिर से बुधवार को दिन भर बोरिंग से मोटर हटाने का काम चलता रहा और लोग परेशान होते रहे। वहां मौजूद लोगों ने कहा कि कर्मचारी लापरवाही से काम कर रहे है ।

राजधानी में अगले दो दिनों में बारिश के आसार

अमृत विचार, लखनऊ: मानसून का इंतजार कर रहे राजधानी के लोगों को जल्द ही राहत मिलेगी। मौसम विभाग के मुताबिक अगले दो दिनों में लखनऊ सहित प्रदेश के कई जिलों में पानी गिर सकता है। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मॉनसून ने मंगलवार को मध्यप्रदेश के रास्ते बुंदेलखंड से प्रवेश किया।

लखनऊ नगर निगम

टी.एन.मार्ग, लालबाग, लखनऊ. फोन-फैक्स: 0522-2612639, ई-टेण्डर पोर्टल: https://etender.up.nic.in

पत्रांक : D-256 / CE (E/M) दिनांक : 25.06.2024

ई-निविदा सूचना

मार्ग प्रकाश विभाग द्वारा लखनऊ नगर निगम सीमा के अन्तर्गत मार्ग प्रकाश व्यवस्था हेतु विभिन्न सामग्रियों की वार्षिक आपूर्ति एवं अस्थायी प्रकाश व्यवस्था के कार्यों की वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए दरों के निर्धारण हेतु द्वि-लिफाफा पद्धति के माध्यम से दिनांक 27.06.2024 से 10.07.2024 समय 13:00 बजे तक ई-निविदा पोर्टल https://etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा हेतु निर्धारित जमानत धनराशि एवं निविदा शुल्क की धनराशि आर०टी०जी०एस०/एन०ई०एफ०टी०/इण्टरनेट बैकिंग के माध्यम से पोर्टल https://induscollect.indusind.com/pay/index.php पर लॉगिन करके जमा किया जायेगा। उक्त ई-निविदाएं दिनांक 10.07.2024 को 16:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। किसी भी ई-निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। अन्य समस्त निविदावार विवरण/नियम/शर्तें यथा कार्य का नाम, आगणक की धनराशि, निविदा प्रपत्र की धनराशि एवं जमानत धनराशि तथा निविदा प्रपत्र पोर्टल https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

मुख्य अभियन्ता (वि./यॉ.)

एमओयू हस्ताक्षर कार्यक्रम में परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर, भारत पैट्रोलियम के बिजनेस हेड राहुल टंडन व अन्य। अमृत विचार

बस अड्डों पर लगेंगे 100 वाटर कूलर

अमृत विचार, लखनऊ: बस स्टेशन पर जल्द ही 100 वाटर कूलर लगेंगे। सभी कूलर 80 लीटर की क्षमता के होंगे। परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह के निर्देश परबुधवार को परिवहन निगम व भारत पेट्रोलियम कंपनी के मध्य एमओयू साइन किया गया।

एमओयू हस्ताक्षरित करते समय परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर, अपर प्रबंध निदेशक प्रणता ऐश्वर्या, मुख्य प्रधान प्रबंधक प्राविधिक राजीव आनंद तथा सभी प्रधान प्रबंधक उपस्थित थे।

इस मौके पर भारत पेट्रोलियम की तरफ से बिजनेस हेड राहुल टंडन, सीजीएम मार्केटिंग मनोज मेनन, सीजीएम सेल्स संजय कड़गांवकर और स्टेट हेड यूपी प्रशांत मोहन झा उपस्थित थे।

100 दिन में सेवाओं को सबसे बेहतर बनाएगा बीएसएनएल

अमृत विचार , लखनऊ : भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) अगले सौ दिनों में अपनी सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार लाएगा। पूर्वी सर्किल की कार्य समीक्षा के दौरान मुख्य महाप्रबंधक महेश चन्द्र सिंह ने इस बाबत मातहतों को जरूरी निर्देश दिए।

उन्होंने 'मिशन 100 डेज' लांच करते हुए कहा कि इसमें दशा व दिशा परिवर्तन के साथ सौ प्रतिशत मीडिया रेडीनेस और 99 प्रतिशत नेटवर्क उपलब्धता पर फोकस किया जाएगा। बैठक में प्रधान महाप्रबंधक राजेश कुमार, वरिष्ठ महाप्रबंधक कमलेश कुकरेती, उप महाप्रबंधक रंजन कुमार, उप महाप्रबंधक प्रकृति श्रीवास्तव, उप महाप्रबंधक आनंद मोहन उपस्थित रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

सूचना

पहले मेरा नाम RAMNATH था अब मैंने बदलकर अपना नाम RAMNATH KORI रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O: LALLAN R/O- BHANDARA BHANDAR PARASRAMPUR, SULTANPUR.**

सूचना

सूचित हो कि मेरा घर का नाम आशू यादव है जबकि स्कूल, आधार व पैन सभी दस्तावेजों में मेरा नाम अभिजीत सिंह दर्ज है। उपरोक्त अभिजीत सिंह व आशू यादव एक ही व्यक्ति के नाम हैं। **अभिजीत सिंह उर्फ आशू यादव पुत्र स्व0 चन्द्र जीत सिंह, निवासी- ग्राम नरापति खेड़ा, पो0- इन्देमऊ, उन्नाव।**

सूचना

सूचित हो कि मैंने आराजी स्थित ग्राम बनार अलीपुर की गाटा सं0- 0.25 रकबा 0.0250 में 1/4 भाग रकबा 0.0781 हे0 कलावती पत्नी महाराज सिंह नि0 उधुमपुर तह0 डेरापुर से क्रय किया था। जिसका विक्रय पत्र दिनांक 23/06/09 था, जिसका मूल बैनामा कहीं खो गया है। **राम किशोरी पत्नी कौशल किशोर निवासिनी- शहजादपुर प0 बनार अलीपुर तह0- अकबरपुर कानपुर देहात।**

सूचना

सभी को सूचित किया जाता है कि मेरे पति स्व0 शिवराम की भारतीय जीवन बीमा निगम की पालिसी संख्या 275659883 थी जिसमें नामिनी के तौर पर मेरा नाम शिवपता लिखा है। जबकि मेरा नाम पार्वती और शिवपता दोनों है मैं दोनों नाम से जानी जाती हूं। **पार्वती उर्फ शिवपता पत्नी शिवराम निवासी ग्राम तिलका कटरा बाजार गोंडा।**

सूचना

सूचित हो कि मेरे पति के मृत्यु प्रमाण पत्र नं0- 000142, दिनांक- 09/02/2024 में मेरे पति का नाम शिव चरन लाल व मेरा नाम सोमवती अंकित है जबकि मेरे पति का सही नाम शिव शंकर लाल व मेरा सही नाम सीता देवी है। उपरोक्त शिव चरन लाल व शिव शंकर लाल दोनों नाम एक ही व्यक्ति (मृतक) के हैं तथा सोमवती व सीता देवी दोनों नाम मेरे हैं। अतः मेरे पति के मृत्यु प्रमाण पत्र में पति का नाम शिव चरन लाल के स्थान पर शिव चरन लाल उर्फ शिव शंकर लाल व पत्नी का नाम सोमवती के स्थान पर सोमवती उर्फ सीता देवी दर्ज किया जाये। **सोमवती उर्फ सीता देवी पत्नी शिव चरन लाल उर्फ शिव शंकर लाल निवासिनी मोहल्ला रामगंज पक्का तालाब, तहसील व जिला फतेहपुर।**

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

पहले मेरा नाम PINTU था अब मैंने बदलकर अपना नाम PINTU PRAJAPATI रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O: RAM SUFAL R/O- BHANDARA BHANDAR PARASRAMPUR, SULTANPUR.**

सूचना

पहले मेरा नाम PARVEJ BEG था अब मैंने बदलकर अपना नाम MIRZA PARVEZ BEG रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O: ANSAR BEG R/O- VILL MUTTAKIPUR POST ALLU NAGAR DIGURIYA MADIYAWA, LUCKNOW.**

सूचना

पहले मेरा नाम SHAREEN ALI था अब मैंने बदलकर अपना नाम SHIREEN ALI रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **W/O: AZHAR HUSSAIN R/O- 158/110, GANGA PRASAD ROAD RAKABGANJ, LUCKNOW.**

सूचना

मैंने अपने इकलौते पुत्र हेमंत कुमार और पुत्रवधू प्रियंका के गलत सोहबत में पड़ने कारण संबंध विच्छेद कर चल अचल संपत्ति से हमेशा के लिए बेदखल कर दिया है। किसी भी कृत्य के लिए वे दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे। उन दोनों के किसी प्रकार के कार्य से मेरा कोई सरोकार नहीं है। **सुशीला यादव पत्नी शिव कुमार निवासी कस्बा बसरेहर थाना बसरेहर जिला इटावा।**

सूचना

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र रमन उर्फ नवीन पाण्डेय के गलत आचरण, गलत व्यवहार व गलत चाल चलन के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से पूर्ण रूप से बेदखल कर दिया है। इसके द्वारा किये गये किसी अनैतिक कार्य/परिवारिक वाद विवाद, लेन-देन या आपत्ति जनक कृत्य के लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मुझसे या मेरे परिवार से कोई लेना देना या संबंध नहीं होगा। **कमलेश पाण्डेय पुत्र स्व0 गया शंकर पाण्डेय एवं श्रीमती मनोरमा पाण्डेय पत्नी श्री कमलेश पाण्डेय निवासीगण- एम.एल. - 288, जरौली प्रथम, कानपुर नगर।**

पीजीआई में बीएसएल-3 लैब तैयार

अगले माह होगी शुरू, टीबी के मरीजों को मिलेगा और बेहतर इलाज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : एसजीपीजीआई में अब टीबी के मरीजों को और बेहतर इलाज मिल सकेगा। बीमारी की सटीक पहचान के लिए क्षय रोग जैव सुरक्षा स्तर-3 (बीएसएल-3) लैब बनाई गई है। लैब का काम अंतिम चरण में है। संस्थान प्रशासन का दावा है कि जुलाई महीने से इसका लाभ मिलने लगेगा।

पीजीआई में पूरे प्रदेश के गंभीर मरीज इलाज के लिए लाए जाते हैं। इनमें हवा के जरिए फैलने वाले संक्रमण की सटीक जांच करने में कई तकनीकों का इस्तेमाल किया जा रहा था। सटीक जांच के लिए माइक्रोबायोलॉजी विभाग की देखरेख में बीएसएल-3 लैब बनाई गई है। इसमें कल्चर और ड्रग सेंसिटिविटी जांच के साथ ही मॉलीक्यूलर परीक्षण और शोध पर काम भी आसान होगा। संस्थान के निदेशक डॉ. आरके धीमन बताया कि कोरोना कॉल में सरकार ने पीजीआई में बीएसएल-3 लैब स्थापित करने की मंजूरी दी थी। लैब का नोडल माइक्रोबायोलॉजी विभाग की डॉ. रिचा मिश्रा को बनाया गया है।

एक्सट्रीमली ड्रग रेजिस्टेंट टीबी का चलेगा पता : डॉ. रिचा मिश्रा ने बताया कि ड्रग सेंसिटिविटी टेस्ट से मल्टी ड्रग रेजिस्टेंट टीबी और एक्सट्रीमली ड्रग रेजिस्टेंट टीबी का पता लगाना आसान होगा। यह परीक्षण बीएसएल लैब में ही संभव है। ड्रग रेजिस्टेंट टेस्ट के बाद ही टीबी का सटीक उपचार संभव होगा। अभी तक पीजीआई में ड्रग सेंसिटिविटी टेस्ट की सुविधा नहीं थी।

केजीएमयू में जल्द दूर होगा मुफ्त दवाओं का संकट

अमृत विचार, लखनऊ : केजीएमयू में मरीजों को मिलने वाली मुफ्त दवाओं का संकट दूर होगा। केजीएमयू प्रशासन की ओर से दवाओं की खरीद के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू करा दी गई है। 9 जुलाई तक प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। इसके बाद दवा आपूर्ति शुरू होगी। केजीएमयू की ओपीडी में रोजाना सात से आठ हजार मरीज आ रहे हैं।ओपीडी मरीजों के साथ वार्ड में भर्ती मरीजों को भी कुछ प्रकार की दवाएं मुफ्त मुहैया कराई जाती हैं। अभी तक दवाओं के संकट का खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा था। संस्थान के प्रवक्ता डॉ. सुधीर सिंह का कहना है कि मरीजों को बेहतर व किफायती इलाज उपलब्ध की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द से जल्द टेंडर प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसके बाद मरीजों को और अधिक प्रकार की दवाएं मिल सकेंगी।

वरूण अर्जुन विश्वविद्यालय

कैम्पस : वरूण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

कोर्स	अवधि	योग्यता
एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी	3 वर्ष	अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए।
एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री	3 वर्ष	
एम.एस.सी. फिजियोलॉजी	3 वर्ष	
एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी	3 वर्ष	
एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी	3 वर्ष	
बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस	3 वर्ष	पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी.)

फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट

कोर्स	अवधि	योग्यता
एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन)	2 वर्ष	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों।
एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ)	2 वर्ष	

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.

प्रवेश हेतु संपर्क करें

डॉ. अनिल पाल (डिप्टी रजिस्ट्रार) मो. 9956248504

डॉ. अमित सिंह (डिप्टी मेडिकल सपरिटेन्डेन्ट) मो. 7521001987

शिवेन्द्र ऑर्थो क्लीनिक
A UNIT OF HAMATE POLYCLINIC
जोड़ प्रत्यारोपड़ सर्जरी, स्पोर्ट्स इंजरी, फ्रेक्चर उपचार, ट्रामा सर्जरी, स्पाइन सर्जरी और कंधे का जाम हो जाना, फिजिओथेरपी, अस्थि ट्यूमर उपचार, समस्त हड्डी और जोड़ रोग उपचार
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा
हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | पूर्व (AIIMS) जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | अत्याधुनिक विधि द्वारा दर्द रहित इलाज
क्या आप जोड़ों के दर्द से हैं परेशान?
आज ही सम्पर्क करें हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
8,000 से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी का अनुभव
20 वर्षों से अधिक अनुभव
डॉ. शिवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
MBBS, M.S, Mch (Ortho)
Joint Replacement & ADV. trauma Surgeon
Fellow in Primary & Revision Joint Replacement (USA)
ए-733, कन्वेंशन सेंटर के पास, इंदिरा नगर लखनऊ,
फोनः 0522-3545321, 9839330666
Timings:- Morning : 11am-2pm, Evening : 5pm-8:30pm
24x7 Emergency

एक नजर

आईबीटी में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों का हुआ सम्मान

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल अलीगंज प्रथम कैम्पस के कक्षा-5 के तीन छात्र समृद्धि श्रीवास्तव, रोहित कुमार एवं आरव सिन्हा ने इंटरनेशनल बेंचमार्क टेस्ट (आईबीटी) में शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन के लिए तीनों छात्रों को सार्टिफिकेट ऑफ हाई डिस्टिंक्शन एवं मेडल से सम्मानित किया गया। प्रबंधक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी जन-सम्पर्क अधिकारी ऋषि खन्ना ने दी।

वूमेन इन इंजीनियरिंग डे मनाया गया

अमृत विचार, लखनऊ : एकेटीयू के इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी के आईईईई ब्रांच के छात्रों ने वूमेन इन इंजीनियरिंग डे मनाया। विश्व भर में महिला इंजीनियर्स और वैज्ञानिकों के योगदान और उपलब्धियों को याद किया गया। इस मौके पर ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से गोष्ठी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और चौथे इंडस्ट्रीयल क्रांति में अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़ने पर चर्चा की गयी। डॉ. पारूल यादव ने एआई और आईआर में महिलाओं के प्रभाव और भूमिका पर प्रकाश डाला। साथ ही कहा कि इस क्षेत्र में महिलाओं की सहभागिता काफी बढ़ी है। इस क्रम में सुदीप भट्टाचार्य, डॉ. रंजना रजनीश और नागादीप्ती ने भी अपने विचार साझा किये।

एकेटीयू के 10 छात्रों का हुआ कैंपस प्लेसमेंट

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय परिसर में संचालित एमबीए के 10 छात्रों का चयन विभिन्न कंपनियों में हुआ है। इसमें दो छात्रों का चयन श्री राम फाइनेंस लिमिटेड में मैनेजमेंट ट्रेनी के पद पर सालाना तीन लाख 18 हजार रुपये के पैकेज पर तो दूसरे छात्र का चयन इन्वेसोर में सेल्स एग्जीक्युटिव के पद पर 4 लाख 25 हजार सालाना पैकेज पर हुआ। वहीं सात छात्रों का चयन जस्ट डायल कंपनी में इंटरनेट कंसल्टेंट के पद पर 2 लाख 76 हजार रुपये सालाना पैकेज पर हुआ है।

राजकीय कॉलेज में बनेगा करियर काउंसिलिंग प्रकोष्ठ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ छात्रों का तनाव को दूर करने के लिए उपलब्ध होंगे काउंसलर

अमृत विचार : माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेन्द्र देव ने सभी राजकीय जिला पुस्तकालयों के अध्यक्षों के साथ बुधवार को समीक्षा बैठक की। जिसमें पुस्तकालय के सुचारू रूप से संचालन एवं व्याप्त समस्याओं सहित कई अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा की गयी।

निदेशक ने सभी आयु वर्ग के पाठकों के लिये समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये हैं। राजकीय जिला पुस्तकालय से इतर एक अत्याधुनिक डिजिटल पुस्तकालय की स्थापना की प्रगति के संबंध में भी विचार-विमर्श हुआ। निदेशक ने सभी पुस्तकालयाध्यक्षों को निर्देशित किया कि वे अपने राजकीय जिला पुस्तकालय में छात्र-छात्राओं के करियर से संबंधित समस्याओं को दूर करने के लिये करियर काउंसिलिंग प्रकोष्ठ का गठन करें। साथ ही करियर को लेकर तनावग्रस्त छात्रों की काउंसिलिंग के लिए काउंसलर की भी व्यवस्था करें। बैठक में शान्त्वना तिवारी, विशेष कार्याधिकारी (पुस्तकालय), उत्तर प्रदेश शासन राम शंकर सहित सभी अधिकारी मौजूद रहे।

सभी सरकारी स्कूलों में मनाया जाएगा प्रवेशोत्सव

प्रमुख सचिव बेसिक ने जारी किया आदेश, 1 जुलाई से प्रातः 8 बजे से 2 बजे तक संचालित होंगे स्कूल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राइमरी और जूनियर विद्यालयों में प्रवेशोत्सव मनाया जाएगा। बच्चे जब 1 जुलाई को पढ़ाई के लिए स्कूल पहुंचेंगे तो उनका विशेष स्वागत किया जाएगा। पहले दिन मध्यान्ह भोजन के साथ-साथ हलुआ और खीर भी परोसी जाएगी। इस संबंध में प्रमुख सचिव बेसिक डा. एमके शन्मुगा सुन्दरम ने बुधवार को आदेश जारी कर दिया है।

राजधानी सहित प्रदेश भर में संचालित 1.33 लाख से अधिक प्राइमरी और जूनियर विद्यालयों में प्रवेशोत्सव मनाये जाने का आदेश दिया गया है। इस बार विद्यालयों में बच्चे 28 जुलाई से समर कैंप का हिस्सा बनेंगे। जबकि बच्चों की पढ़ाई 1 जुलाई से शुरू होगी। विद्यालय प्रातः 8 बजे से 2 बजे तक संचालित होंगे। इससे पहले तीन दिनों तक समर कैंप का आयोजन होगा। इसके लिए प्रातः 7:30 बजे से 10:30 बजे तक समय निर्धारित किया गया है।

▸▸ मध्यान्ह भोजन के साथ बच्चों को मिलेगी हलुआ और खीर

▸▸ सजाएं जाएंगे विद्यालय

सभी परिषदीय विद्यालयों में शिक्षक, शिक्षामित्रों एवं अनुदेशकों द्वारा 1 जुलाई को एक उत्सव का रूप देते हुए विद्यालय को फूल, पत्तों, रंगोली, झंडियों, गुब्बारों आदि से सजाया जाएगा। विद्यालय आने वाले बच्चों को रोली-टीका लगाकर स्वागत किया जाएगा। इस दिन मध्याहन भोजन में बच्चों के लिए रूचिकर हलुवा, खीर आदि बनाया जाएगा।

▸▸ जनपद स्तरीय अधिकारी भी विद्यालय में रहें मौजूद

प्रमुख सचिव बेसिक ने जिला स्तरीय सभी अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वह 1 जुलाई को अलग-अलग सरकारी विद्यालयों में पहुंचकर बच्चों का उत्साह बढ़ाये। इसके साथ ही स्कूल चलो अभियान की शुरूआत भी करानी होगी। इसके लिए सभी डायट प्राचार्य, प्रवक्ता, मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक), जिला स्तरीय अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, स्टेट रिसोर्स ग्रुप, अकादमिक रिसोर्स परसन एवं जिला समन्वयक की जिम्मेदारी तय की गई है।

क्षेत्रीय प्रतिनिधियों को बनाया जाएगा मुख्य अतिथि : विद्यालयों में प्रवेशोत्सव मनाने के लिए क्षेत्रिय प्रतिनिधियों को भी बुलाने का आदेश दिया गया है। वह छोटे बच्चों को कक्षा 1 व 2 की किताबों का वितरित करेंगे। इस संबंध में बेसिक शिक्षा अधिकारियों को भी दिशा-निर्देश जारी किए हैं। प्रमुख सचिव ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से छात्रों की नियमित उपस्थिति और पढ़ाई में सक्रियता एवं रुचि उत्पन्न होगी।

एडमिशन से पहले फैकल्टी किस स्तर की, जानना आसान नहीं

एकेटीयू से संबद्ध निजी कॉलेजों की वेबवाइट पर नहीं रहता शिक्षकों का ब्योरा

रविशंकर गुप्ता, लखनऊ

अमृत विचार : यूपी के निजी इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट कॉलेजों में शिक्षक कैसे हैं और पढ़ाई की गुणवत्ता क्या है, कॉलेजों में अपने बच्चे का प्रवेश कराने वाले अभिभावकों के लिए यह जानना आसान नहीं है।

बड़ी बात तो यह है कि ये निजी कॉलेज जिस डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय से संबद्ध हैं। उसी विश्वविद्यालय की ओर से जारी गाइडलान का पालन तक नहीं करते हैं। विश्वविद्यालय की ओर से समय-समय पर कॉलेज प्रबंधनों को इस संबंध में चेतावनी भी दी जाती है कि वह अपनी वेबसाइट पर पूरा ब्योरा अपलोड करें ताकि अभिभावकों को आसानी से जानकारी मिल सके लेकिन अधिकांश कॉलेजों की मनमानी जारी है। इन कॉलेजों का कोई मालिक या तो सत्ता का करीबी है या फिर ऊंची पहुंच के चलते छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहा है।

कई निजी कॉलेज प्रवेश के दौरान बच्चों से फीस तो मोटी लेते हैं लेकिन गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई के लिए अच्छे शिक्षकों की अपने यहां तैनाती नहीं करते। ये कॉलेज प्रबंधन प्रचार प्रसार में भी आगे रहते हैं लेकिन इनकी वेबसाइट पर फैकेल्टी का ब्योरा नहीं होता है। यदि ब्योरा अपलोड भी किया जाता है तो पूरा डाटा फेक होता है। वास्तविक रूप से पढ़ाने वाले शिक्षक अलग ही होते हैं, इन शिक्षकों का वेतन भी 15 से 18 हजार रुपये के बीच होता है।

कॉलेज प्रबंधन योग्य फैकेल्टी रखें इसके लिए समय-समय पर कॉलेजों के शिक्षकों को दिए जाने वाले वेतन की भी जांच कराये जाने का दावा था लेकिन इस पर भी अमल नहीं हो सका। साक्ष्य के रूप में सेलरी स्लिप शामिल को शामिल गया था। बता दें कि एकेटीयू को निजी कॉलेजों में योग्य फैकेल्टी न होने की अभी तक अनगिनत शिकायतें मिल चुकी हैं।

प्रवेश से पहले हर बच्चे व अभिभावक का अधिकार है कि कॉलेज के बारे में उसे पूरी ऑनलाइन जानकारी मिल सके। योग्य फैकल्टी नहीं होगी तो शैक्षिक गुणवत्ता पर असर पड़ता है। इस बारे में हमारी ओर से निजी कॉलेज प्रबंधनों को नोटिस दी गई है। जो कॉलेज मनमानी कर रहे हैं, उनके खिलाफ भी संबद्धता निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

-प्रो. जेपी पाण्डेय, कुलपति, एकेटीयू

▸▸ एआईसीटीई गाइडलाइन का पालन नहीं

एआईसीटीई की गाइडलाइन के मुताबिक, आईआईटी सहित सभी इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक कॉलेजों में पढ़ाने वाले स्टाफ के लिए आठ मॉड्यूल सर्टिफिकेट कोर्स को अनिवार्य कर दिया है। इस कोर्स को किए बिना किसी भी उम्मीदवार को कॉलेजों में फैकल्टी में नियुक्त नहीं किया जाएगा। लेकिन निजी कॉलेज प्रबंधन ज्यादा वेतन देने से बचने के लिए योग्य शिक्षकों का चयन नहीं करते हैं। इसका सीधा असर शैक्षिक गुणवत्ता पर पड़ रहा है।

▸▸ एकेटीयू ने पहले भी पकड़े हैं फर्जी शिक्षक

कई कॉलेजों की शिकायत मिलने के बाद एकेटीयू ने अलग-अलग कॉलेजों में ऐसे शिक्षकों को भी पकड़ा था जो वास्तविक रूप से कॉलेजों में तैनात ही नहीं थे। सूची सार्वजनिक हुई तो हड़कंम मच गया। 2016-17 में 500 से अधिक निजी इंजीनियरिंग कॉलेजों में फर्जी शिक्षक होने का खुलासा हुआ था। मामले का शासन ने भी संज्ञान लिया था। लेकिन मामला दब दिया गया था।

कॉलेजों में ये है दिक्कतें

- ▸▸ शैक्षिक गुणवत्ता न होने से छात्रों का भविष्य दांव पर।
- ▸▸ अप्रशिक्षित फैकल्टी और सुविधाओं की भी कमी।
- ▸▸ अन्य राज्यों के मुकाबले अधिक फीस।
- ▸▸ प्लेसमेंट करवाने में कॉलेज फिसड्डी।

पुनर्वास विवि में स्टार्टअप को मिलेगा बढ़ावा

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के सिविल इंजीनियरिंग विभाग ने अपनी आगामी कार्य योजनाओं का बुधवार को प्रस्तुतीकरण दिया। विभागवार प्रेजेंटेशन के मद्देनजर समन्वयक कुंवर हरिभानु सिंह यादव ने कुलपति प्रो. संजय सिंह के सामने विभाग की आगामी कार्य योजनाओं का प्लान रखा। इस दौरान उन्होंने बताया कि सिविल इंजीनियरिंग से संबंधित टेक्नोलॉजी और उनके समाधानों के लिए स्टार्टअप को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके लिए एक नवाचार केंद्र (इंक्युबेशन सेंटर) की स्थापना करने की योजना है। विभाग ने आगामी कार्ययोजना में स्थानीय निर्माण फर्मों और सरकारी एजेंसियों के साथ साझेदारी करने का प्लान रखा है। इससे छात्रों को इंडस्ट्रियल टूर और इंटर्नशिप प्रदान की जा सकेगी। विभाग में संचालित जियो टेक्निकल लैब का आधुनिकीकरण किया जाएगा। कुंवर हरिभान सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों को पठन-पाठन में इस्तेमाल नई इनोवेशन टेक्निक्स के बारे में बताया जाएगा। आगामी तीन वर्षों में अंतःविषय विभाग और इंडस्ट्री की मदद से विज्ञान सम्मेलन, सेमिनार, वर्कशॉप और एफडीपी कराने की योजना है।

एमएससी नर्सिंग छत्राओं को मिलेगी तीन लाख की छात्रवृत्ति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ विवेकानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग कुल 32 सीटों पर छात्राओं को देगा छात्रवृत्ति

▸▸ अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विवि की प्रवेश परीक्षा में सफल होने वाली छात्राओं को मिलेगा लाभ

अमृत विचार : विवेकानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग में एमएसी नर्सिंग करने वाली छात्राओं को विवेकानंद पॉलीक्लीनिक एवं आयुर्विज्ञान की ओर से तीन लाख रुपये की छात्रवृत्ति दी जाएगी। इसका लाभ उन्हीं छात्राओं को मिलेगा जिन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सालय की ओर से आयोजित प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल की है।

यह जानकारी बुधवार को संस्थान की ओर से आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान सचिव स्वामी मुक्तिनाथानंद ने साझा कि। उन्होंने बताया कि छात्राओं को व्यक्तिगत खर्चों के लिए 6,500 रुपये हर माह दिया जाएगा। इतना ही नहीं जो छात्राएं इंस्टीट्यूट में रहकर पढ़ाई करना चाहती हैं। उन्हें कैंपस में रहने के लिए जगह भी दी जाएगी।

स्वामी मुक्तीनाथानंद का कहना है कि ऐसा वह महिलाओं को आगे लाने और स्वामी विवेकानंद द्वारा दिए गए नारे बेटी बचाव, बेटियों पढ़ाओं को आगे बढ़ाने के लिए कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2016 से चार विषयों पर एमएससी नर्सिंग कोर्स संचालित किये जा रहे हैं। जिसमें (मेडिकल सर्जिकल, स्त्री एवं प्रसूति, चाइल्ड हेल्थ एवं कम्युनिटी हेल्थ नर्सिंग) के हर विषय पर चार शीटें हैं। यानी कुल 32 सीटों पर छात्राओं को छात्रवृत्ति दी जाएगी।

आईवीएफ की सुविधा अगले माह से

स्वामी मुक्तिनाथानंद ने बताया कि 15 जुलाई तक अस्पताल में आईवीएफ की व्यवस्था भी शुरु हो जाएगी। लैब वैगरह सब बनकर तैयार है। 15 जुलाई से इसकी शुरुआत की जाएगी। यहां पर आईवीएफ से जुड़ी सभी जांचें भी उपलब्ध कराई जाएंगी। प्रेसवार्ता के दौरान उन्होंने बताया कि निजी संस्थानों में आईवीएफ के लिए महिलाओं को तीन से चार लाख रुपये देने पड़ते हैं। यहां पर एक-दो लाख रुपये में आईवीएफ की सुविधा दी जाएगी।

सार-संक्षेप

लोकसभा अध्यक्ष बनने पर ओम बिरला को दीपक मिश्र ने दी बधाई

अमृत विचार, लखनऊ : समाजवादी चिंतक और सांविधानिक व संसदीय अध्ययन संस्थान (आईसीपीएस) की कार्यसमिति के सदस्य दीपक मिश्र ने ओम बिरला को दोबारा से लोकसभा अध्यक्ष बनने पर बधाई दी है। सांविधानिक थिंक टैंक संस्था आईसीपीएस के पदेन अध्यक्ष लोकसभा अध्यक्ष होते हैं। लोकसभा अध्यक्ष बनते ही ओम बिरला स्वत: आईसीपीएस के मुखिया हो गए। वह संस्थान के दैनंदिन काम काज के लिए लोकसभा के किसी वरिष्ठ सदस्य को उपाध्यक्ष मनोनीत करेंगे। दीपक मिश्र ने ओम बिरला को बधाई देते हुए कहा कि उनके इस कार्यकाल में सांविधानिक मूल्यों को गुणात्मक ताकत मिलेगी। लोकसभा में लोकस्वर और अधिक सशक्त होगा तथा मावलंकर, रवि राय सदृश लोकसभा अध्यक्षों द्वारा स्थापित परंपरा व गरिमा कायम रहेगी। उल्लेखनीय है कि दीपक के आग्रह पर पिछले कार्यकाल में ओम बिरला ने आईसीपीएस के लोगों में हिंदी को स्थापित किया था। सांविधानिक व संसदीय अध्ययन की स्थापना तत्कालीन राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने 10 दिसंबर 1965 को की थी।

दीपक मिश्र

ओम बिरला

राहुल को नेता प्रतिपक्ष चुने जाने पर श्रम प्रकोष्ठ ने दी बधाई

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी श्रम प्रकोष्ठ में एक बैठक आहूत की गई। जिसमें राहुल गांधी को 18वीं लोकसभा का प्रतिपक्ष का नेता चुने जाने पर बधाई और शुभकामनाएं दी। चेयरमैन नरेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि अब मजदूरों की आवाज दबाने की हिम्मत नही होगी। श्रमिकों की समस्याओं को बेहतर ढंग से राहुल गांधी द्वारा उठाया जाएगा और समाधान कराया जाएगा। राहुल गांधी के विपक्ष का नेता बनने पर श्रमिकों में हर्ष और उत्साह है।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के समापन कार्यक्रम में सम्मानित होने वाली छात्राएं।

नियमित योग करने का लिया संकल्प

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के समापन कार्यक्रम के मौके पर छात्र-छात्राओं और कर्मचारियों ने नियमित योग करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय की प्रति कुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने बताया कि विश्वविद्यालय में योग से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम अनवरत रूप से संपन्न हो रहे हैं। इस कार्यक्रम में शिक्षक, कर्मचारी, छात्र-छात्राओं के अतिरिक्त जनमानस भी लाभान्वित हो रहे हैं। वहीं, को-ऑर्डिनेटर डॉ. अमरजीत यादव ने कहा कि योग संकाय की ओर से 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के क्रम में एक महीने के कार्यक्रमों का प्रारूप तैयार किया गया था। इसमें योग से संबंधित 10 सेमिनार, 4 कार्यशालाएं, 30 योग शिविर तथा विशेष योग शिविरों का आयोजन किया गया।

एमओयू के दौरान लविवि के मनोविज्ञान विभाग व एचपीसीएल के पदाधिकारी।

लविवि व एचपीसीएल के बीच हुआ एमओयू

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग ने हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के साथ एक समझौता हस्ताक्षर किया। मनोविज्ञान विभाग कार्यशालाओं, सेमिनारों और संयुक्त अनुसंधान पहलुओं के माध्यम से एचपीसीएल के साथ अपनी विशेषज्ञता साझा करेगा। लखनऊ विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग की प्रमुख डॉ. अर्चना शुक्ला और एच.आर. एचपीसीएल के एनसीजेड प्रभाग के प्रमुख मधुकर कैथा इस कार्यक्रम के समन्वयक होंगे। प्रो. कुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने बताया कि यह समझौता ज्ञापन उन छात्रों के लिए सहायक होगा, जिन्हें एचपीसीएल के कामकाज की जानकारी मिलेगी।

गदीर की कक्षाओं के मेधावियों को मिला पुरस्कार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ ऐनुल हयात ट्रस्ट की ओर से चलाई जा रही है कक्षाएं

▸▸ गदीर के संबंध में छोटे इमामबाड़े में लगी दर्शनीय प्रदर्शनी

अमृत विचार : गदीर और हम के शीर्षक से शहर- ए- लखनऊ में ऐनुल हयात ट्रस्ट की ओर से चलाई जा रही कक्षाओं के मेधावी विद्यार्थियों को छोटे इमामबाड़े में पुरस्कृत किया गया। हर सेंटर से टॉप-5 विद्यार्थियों को पुरस्कार मिले।

इमामबाड़ा मलका जहां तहसीनगंज में चलाई गई कक्ष में तस्लीम फातिमा ने टॉप किया। शिया यतीम खाना काजमैन रोड में चल रही कक्षाओं में मरियम फातिमा ने टॉप किया और गर्ल्स इंटर कॉलेज मुफ्तीगंज में चल रही कक्षाओं में कुमैल अब्बास ने टॉप किया। इनमें 80 फीसदी उपस्थिति वाले 11 छात्रों को भी पुरस्कार दिए गए।

कार्यक्रम को संबोधित करते मौलाना।

इस्लामिक अपीयरेंस में छह-छह छात्रों और छात्राओं को पुरस्कार दिए गए। बेस्ट नोटबुक में 15 छात्रों को इनाम दिया गया। शिल्प प्रतियोगिता में 27 छात्रों को इनाम से नवाजा गया। यह कार्यक्रम ऐनुल हयात ट्रस्ट के अलावा हैदरी एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी, शोर वेलयात ट्रस्ट और वेलयात एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के सहयोग से आयोजित किया गया।

इस मौके पर छोटे इमामबाड़े गदीर को लेकर जानकारी परक प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी में गदीर का मैदान, गदीर की मस्जिद के अवशेष, जोहफा का वह स्थान जहां अपने आखिरी हज से लौटते समय पैगम्बर मोहम्मद साहब ने हजरत अली को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था की तस्वीरें लगाई गईं।

इस प्रदर्शनी में नक्शों के माध्यम से समझाया गया कि हज से वापस लौटते समय जिस स्थान पर उन्होंने हजरत अली को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया वह स्थान मक्का से कितनी दूर है। मदीना से कितनी दूर है। उस स्थान पर रुकने के बाद मोहम्मद साहब ने हाजियों को क्या-क्या निर्देश दिए।

छोटे इमामबाड़े में प्रदर्शनी के साथ-साथ गदीर के सम्बन्ध में जानकारी देने वाली पुस्तकों का स्टाल भी लगाया गया। यहां ऐसी तमाम पुस्तकें उपलब्ध हैं जो आसानी से बाजार में नहीं मिलती हैं। यह प्रदर्शनी कल भी शाम को 5 बजे से रात 10 बजे तक चलेगी।

अथर्व, फैजान व श्रेयांश के खेल से सेंचुरी स्पोर्ट्स बना चैंपियन

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

▸▸ प्रयागराज के द फिफ्थ पिलर क्लब को एकतरफा 9 विकेट से किया पराजित

अमृत विचार: मैन ऑफ द मैच अथर्व कुमार गुप्ता (2 विकेट, नाबाद 34 रन) के आलराउंड खेल, फैजान खान (नाबाद 50) के अर्धशतक और श्रेयांश सरोज के पांच विकेट की बदौलत सेंचुरी स्पोर्ट्स सोसायटी ने अभ्युदय यूथ प्रांतीय क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब जीत लिया।

एकल अभियान (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का आनुषांगिक संगठन) से संबद्ध अभ्युदय यूथ क्लब की ओर से आयोजित प्रतियोगिता को लेकर केडी सिंह बाबू स्टेडियम मे खेले गए फाइनल में सेंचुरी स्पोर्ट्स सोसायटी ने प्रयागराज के फिफ्थ पिलर क्लब को एकतरफा 9 विकेट से हराया। बुधवार को हुए फाइनल का उद्घाटन मुख्य अतिथि एकल अभियान के राष्ट्रीय प्रभारी माधवेंद्र सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में एकल अभियान के खेलकूद प्रभारी अनिल बंसल, समाजसेवी अमित बंसल, टूर्नामेंट व्यवस्थापक प्रभाकर सिंह समेत अन्य ने पुरस्कार प्रदान किए। प्रतियोगिता की विजेता सेंचुरी स्पोर्ट्स सोसायटी को विजेता ट्रॉफी और 21 हजार रुपये और उपविजेता फिफ्थ पिलर क्लब को ट्रॉफी और 11 हजार रुपये का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

अभ्युदय यूथ प्रांतीय क्रिकेट प्रतियोगिता में जीत दर्ज करने वाले टीम के खिलाड़ी। अमृत विचार

फाइनल में फिफ्थ पिलर क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। लेकिन टीम 30.4 ओवर में मात्र 90 रन ही बना सकी। सेंचुरी स्पोर्ट्स सोसायटी से श्रेयांश सरोज ने फिफ्थ पिलर की आधी टीम को पवैलियन भेजा। उन्होंने 6.4 ओवर में 20 रन देकर 5 विकेट की सफलता प्राप्त की। जवाब में सेंचुरी स्पोर्ट्स सोसायटी ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 12.4 ओवर में एक विकेट पर 91 रन बनाकर विजेता ट्रॉफी जीत ली।

एबीवीपी के महानगर संगठन मंत्री बने अनुज

अमृत विचार, लखनऊ : कैसरबाग स्थित एबीवीपी प्रांत कार्यालय में लखनऊ महानगर विभाग का स्वागत व परिचय बैठक हुई। बैठक में प्रांत अध्यक्ष प्रो. नीतू सिंह ने सत्र 2024-25 के लिए कई पदों के लिए पदाधिकारिय की घोषणा की। डॉ. भुवनेश्वरी भारद्धाज बताया कि कि एबीवीपी लखनऊ महानगर के विभाग संगठन मंत्री के रूप में अनुज श्रीवास्तव को चुना गया है। इसी तरह लखनऊ पूरब जिला प्रमुख विजय लोधी व जिला संयोजक आशुतोष राय और लखनऊ पश्चिम जिला प्रमुख ख डॉ. प्रवीण मिश्र व जिला संयोजक अनुराग मिश्रा बने। इसी तरह लखनऊ उत्तर जिला प्रमुख-प्रो. अरुणिमा वम जिला संयोजक अमन सिंह व जिला विस्तारक भूपेंद्र सिंह को नियुक्त किया गया।

एक नजर

जमीन के विवाद में घर में घुसकर भाइयों को पीटा

अमृत विचार, बीकेटी : बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में जमीन के विवाद में दो पक्षों में मारपीट में कई लोग घायल हो गये। पुलिस ने मारपीट, बलवा समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। क्षेत्र के रैथा निवासी मोनू ने पुलिस को दिये प्रार्थना-पत्र में बताया मंगलवार को भाई सोनू के साथ घर पर था। तभी भूमि विवाद को लेकर लाठी- डंडे लेकर घर में घुसे पड़ोसी अरुण, सूरज और उसकी पत्नी मारपीट करने लगे। इसके बाद पथराव कर दिया, जिसमें वह और उसका भाई सोनू चोटिल हो गए। आरोपियों ने उसका मोबाइल फोन भी तोड़ दिया। इंस्पेक्टर का कहना है कि आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

पति पर बेटी को छीन कर घर से निकालने का आरोप

अमृत विचार, काकोरी : पारा क्षेत्र निवासी महिला ने दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर जान से मारने का प्रयास करने व घर से निकालने का आरोप लगा पति पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, आरडीएसओ कलंदर खेड़ा निवासी रेशमा ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया कि पति शाहरुख ने 10 दिन की बच्ची को छीन कर उसे घर से निकाल दिया। आरोपी रोज शराब पीकर उसे पीटता है। आरोपी का कहना है कि मायके वालों से 5 लाख रुपए लेकर आओ तभी रहने देंगे। बिना रुपये लिये लौटने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। प्रताड़ना व दहेज की मांग से तंग विवाहिता ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

दंपति समेत चार लोगों से 3.86 करोड़ रुपये ठगे

साइबर अपराधियों का कारनामा, किसी से पुलिस अफसर तो किसी को सीबीआई अधिकारी बनकर झांसे में लिया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: किसी अनजान जगह पर सेफ हाउस में बैठे साइबर अपराधी किसी भी समय लोगों को जाल में फंसाकर डरा धमका कर करोड़ों रुपये वसूल रहे हैं। मामला दर्ज करने के बाद भी पुलिस इन अपराधियों तक पहुंचने में नाकाम रहती है। ऐसे में इन अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। अब साइबर अपराधियों द्वारा दंपति समेत चार लोगों से 3.86 करोड़ की ठगी का मामला सामने आया है। फिलहाल पीड़ितों ने साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। किसी के साथ पुलिस अफसर तो किसी को सीबीआई अधिकारी बन मनी लॉड्रिंग का मामला दर्ज होने के नाम पर ठगा गया है। फिलहाल हजरतगंज कोतवाली क्षेत्र निवासी दंपति को तीन दिन डिजिटल अरेस्ट कर हुई 2.71 करोड़ की ठगी के आरोपियों की तलाश में टीमें आगरा के लिये रवाना की गई हैं। अन्य मामलों में भी पुलिस आरोपियों की पहचान कर आगे की कार्रवाई की तैयारी में है।

कंपनी सेबी से संबद्ध बताकर मोटे लाभ का झांसा दे ठगे 93.53 लाख : गोमतीनगर विस्तार थाना क्षेत्र निवासी कुलदीप के मुताबिक, 21 अप्रैल को साइबर अपराधियों ने उन्हें एक ग्रुप में जोड़ स्टॉक एक्सचेंज में मोटे मुनाफा का झांसा दिया। संबंधित कंपनी को सेबी से संबद्ध होने की बात बोल उसे भरोसे में लिया। इसके बाद एक एप डाउनलोड कराया। जिसमें विभिन्न बैंक खातों से 6 जून तक कुलदीप ने 93,53,500 रुपये जमा कर दिये। इसके बाद आरोपियों द्वारा बनाये गये उसके खाते में मुनाफे की रकम 6.40 करोड़ दिखने लगी। लेकिन काफी प्रयास के बाद भी रकम उसके खाते में ट्रांसफर नहीं हुई। जब इस संबंध में बात की तो 20 फीसदी टैक्स जमा करने पर जमा राशि ट्रांसफर होना बताया। तब कुलदीप को ठगी का पता चला। कुलदीप के प्रार्थना-पत्र पर साइबर थाने में आईटी एक्ट में मामला दर्ज किया गया है।

- ठगी का पता चलने पर पीड़ितों ने साइबर थाना में दर्ज कराई रिपोर्ट
- आरोपियों की तलाश में टीमें आगरा के लिये रवाना, जल्द खुलासे की उम्मीद

ये बने ठगी के शिकार

दीपा रस्तोगी	2,71,10,000 रुपये
कुलदीप कुमार	93,53,500 रुपये
मानवी मेहरोत्रा	13,73,655 रुपये
पूनम	7,91,000 रुपये
कुल	3, 86, 28, 155 रुपये

फर्जी अरेस्ट वारंट भेज, दंपति से ठगे 2.71 करोड़

हजरतगंज कोतवाली क्षेत्र के अशोक मार्ग निवासी दीपा रस्तोगी पत्नी डॉ. पंकज रस्तोगी ने साइबर थाने में प्रार्थना-पत्र दिया। बताया 9 जून को दोपहर करीब 2 बजे उनके मोबाइल पर अनजान नंबर से काल आई। उधर से बोल रही महिला ने खुद को एसबीआई कस्टमर केयर के सर्विस डिपार्टमेंट की कर्मी बताया। कहा 2 अप्रैल को आपने क्रेडिट कार्ड इश्यू कराया था। जिसमें से 109669 रुपये खर्च किये हैं। उससे कार्ड जारी नहीं कराने की बात कही तो रवी कुमार नामक युवक ने व्हाटसअप पर वीडियो काल कर कहा आपकी आईडी का गलत उपयोग हुआ है। मेरा आधार लेकर अरेस्ट वारंट भेजा। बताया आप सुरेश अनुराग मनी लान्ड्रिंग केस में सस्पेक्ट हैं। ये केस नेशनल सीक्रेट से जुड़ा है किसी को बताना नहीं। आरोपी के घर से आपका एटीएम कार्ड मिला है। आपके खाते में 25 लाख रुपये ट्रांसफर किया गया। इस केस से निकलने के लिये नवजोत सिम्मी का नंबर दिया। जिस पर वीडियो काल करने पर दूसरी तरफ महिला पुलिस की वर्दी में दिखी। इसके बाद दंपति को डरा कहा कि अरेस्ट वारंट होल्ड रखूंगी। कहा कि आपकी सुरक्षा की जिम्मेदारी मेरी है। कई आदमी आपके 3 किमी के दायरे में सादे कपड़े में सुरक्षा में तैनात हैं। केस से बचाने के लिये रुपयों की डिमांड की। इसके बाद 10 अप्रैल से 13 जून तक अलग-अलग खातों में 2,71,10,000 रुपये ट्रांसफर करा लिये। इसके बाद और राशि की मांग की। तब उन्हें ठगी का पता चला। साइबर क्राइम थाने में मामला दर्ज किया गया है। सूत्रों के अनुसार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये टीमें रवाना की गई हैं।

ट्रेडिंग में अधिक लाभ के झांसे में आकर गंवाये 7.91 लाख

कैंट क्षेत्र के ऑफिसर्स मेस निवासी पूनम पत्नी हरमनजीत सिंह के मुताबिक, 10 मई को उसके मोबाइल नंबर को एचडीएफसी सिक्योरिटी नामक व्हाटसअप ग्रुप में एड किया गया। एडमिन ने मैसेज डालकर बताया कि ट्रेडिंग से कम पैसे लगाकर अधिक लाभ ले सकती हैं। झांसे में आकर भेजे गये लिंक के माध्यम से एप डाउनलोड कराया। इसके बाद पूनम ने अपने व पति के बैंक खातों से 17 मई से 2 जून तक 7 .91 लाख रुपये जालसाजों द्वारा दिये बैंक खाता नंबरों में ट्रांसफर कर दिये। जब जमा पूंजी निकालनी चाही तो कमीशन के रूप में 30 फीसदी राशि और जमा करने को कहा। तब पीड़िता को ठगी का एहसास हुआ। साइबर थाना में पीड़िता के प्रार्थना-पत्र पर आईटी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

68 मिलियन की धोखाधड़ी में आरोपी बता युवती से हड़पे 13.73 लाख

इंदिरानगर निवासी मानवी मेहरोत्रा ने साइबर थाने में प्रार्थना-पत्र दिया। बताया 23 मई को उनके मोबाइल पर अनजान नंबर से काल आई। उधर से बताया गया कि वह ट्राई से बोल रहा है। आपके नाम से दूसरा सिम एक्टिवेट है जिससे गलत मैसेज भेजे जा रहे हैं। आपके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। मनी लॉड्रिंग का मामला है। आरोपी ने अपना परिचय आईपीएस सुनील कुमार गौतम निवासी नेहरु नगर पुलिस स्टेशन दिल्ली के रूप में दिया। इसके बाद व्हाटसअप नंबर से काल कर कहा कि मामले में आपसे सीबीआई अफसर बात करेंगे। इसके बाद किसी से बात कराई, उसने कहा कि आपको हर घंटे अपनी लोकेशन भेजनी है और किसी से इस संबंध में बात नहीं करनी है। बताया आपके अकाउंट में 40000 रुपये हर महीने भेजे जा रहे हैं। इसमें 68 मिलियन का फ्राड हुआ है। मामले में बैंक मैनेजर संदीप कुमार को पकड़ा गया है। उन्होंने आपका नाम लिया है। आरोपी ने फर्जी अरेस्ट वारंट भी भेजा। जिस पर दिल्ली पुलिस का लोगो था। 24 मई को अकाउंट नंबर में 13,73,653 रुपये यह बोल कर ट्रांसफर करा लिये कि कोर्ट में जमा होंगे जो आधे घंटे बाद पुनः वापस कर दिये जायेंगे। जब 27 मई को दोबारा और 12 लाख रुपये ट्रांसफर करने को कहा तो पीड़िता को ठगी का पता चला। पुलिस मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

पुराने ई-वे बिल से पार कर रहे थे 30 टन सरिया, पकड़े गए

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एक्सप्रेस-वे पर कब्जे में लिया गया 18 लाख का मेटल स्क्रैप
- दोनों वाहनों में करीब 11 लाख रुपये से अधिक की जीएसटी चोरी का मामला पकड़ में आया

अमृत विचार : पुराने ई-वे बिल से सरिया ले जा रहे ट्रक को जीएसटी टीम ने सुलतानपुर रोड पर धर लिया। इस पर करीब 30 टन सरिया लदी हुई थी। इसके अलावा मेटल स्क्रैप से भरे एक अन्य वाहन को आगरा एक्सप्रेस-वे पर जीएसटी की विशेष अनुसंधान शाखा ने पकड़ लिया। दोनों वाहनों से करीब 11 लाख रुपये से अधिक की जीएसटी चोरी का मामला सामने आया है।

सूचना पर एडीशनल कमिश्नर अमरेश त्रिपाठी और ज्वाइंट कमिश्नर अखिलेश कुमार सिंह के निर्देश पर धर्मेंश सिंह, जितेन्द्र पांडेय, विपिन मिश्रा आदि अफसरों की टीम को लगाया गया। सुलतानपुर रोड पर अयोध्या से लखनऊ आ रही एक ट्रक में सरिया लदी मिली। जांच दल ने जब ई-वे बिल मांगा तो चालक की ओर से पुरानी तिथि के ई-वे बिल को पेश किया गया। अधिकारियों के दल ने ट्रक को जब्त कर लिया और उसे जीएसटी भवन ले आई। जांच के दौरान करीब साढे. पांच लाख से अधिक की पेनाल्टी लगाई गई। विशेष अनुसंधान शाखा के संयुक्त आयुक्त अखिलेश सिंह ने बताया कि आगरा एक्सप्रेस-वे पर गलत पता दिखा करीब 18 लाख मूल्य का मेटल स्क्रैप लोडिंग कर ले जाया जा रहा था। अन्य कागजात भी मौके पर चालक उपलब्ध नहीं करा सका। ट्रक को कब्जे में लेने के बाद करीब साढे.पांच लाख रुपये का अर्थदंड लगाया गया है।

फ्लैट व सोलर पैनल के नाम पर महिला समेत दो से हड़पे लाखों

अमृत विचार, लखनऊ : जानकीपुरम और सरोजनीनगर क्षेत्र निवासी महिला समेत दो लोगों से जालसाजों ने फ्लैट और सोलर पैनल लगवाने के नाम पर तीन लाख रुपये हड़प लिये। पीड़ितों के प्रार्थना-पत्र पर पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। जानकीपुरम में सहारा स्टेट निवासी एकता बाजपेयी के मुताबिक, उन्होंने फ्लैट खरीदने प्रवेश पांडेय को दो लाख रुपये दिए थे। लेकिन प्रवेश ने उन्हें फ्लैट बेचा और न रकम लौटाई। आरोपी ने साथी राकेश कुमार मिश्रा, रवि सिंह व अनूप कुमार गुप्ता के साथ मिलकर रुपये हड़प लिये। उधर, जानकीपुरम के न्यू गुडौरा निवासी तरन्नूम बेगम ने बताया कि उनके मोबाइल पर एक कॉल आई। फोनकर्ता नीरज कुमार ने उनसे मकान की छत पर सोलर पैनल लगवाने की बात कही। तरन्नूम को झांसे में लेकर करीब एक लाख रुपये जमा कराए गए। पूछने पर बताया कि जल्द ही रुपये वापस आपके अकाउंट में आ जाएंगे। कई दिन इंतजार करने के बाद भी रुपये नहीं आये तो ठगी का पता चलने पर नीरज कुमार, रोशन कुमार और विपुल रावत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

रोडवेज बस की टक्कर से साइकिल सवार युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मुआवजे की मांग को लेकर परिजनों ने किया प्रदर्शन

अमृत विचार : वजीरगंज क्षेत्र में सिटी स्टेशन के पास बुधवार को परिवहन विभाग की अनुबंधित रोडवेज बस की टक्कर से साइकिल सवार युवक की मौत हो गयी। घटना से आक्रोशित परिजन आरोपी पर कार्रवाई की मांग को लेकर जाम लगाकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई का भरोसा देकर लोगों के शांत कर शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा।

पुलिस के मुताबिक, निरालानगर स्थित मेड़ई का पुरवा मायानगर निवासी रिजवान (40) कैम्पवेल रोड स्थित एसी प्लांट ऑफिस में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी था। बुधवार सुबह वह साइकिल से ऑफिस जा रहा था। करीब 8 बजे सिटी स्टेशन के पास शहर नर्सिंग होम के सामने रोडवेज बस यूपी 34 0024 ने रिजवान को टक्कर मार दी। हादसे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। हादसे के बाद आरोपी चालक बस समेत भाग निकला। आसपास के लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने रिजवान की पहचान कर परिजनों को हादसे की जानकारी दी। रिजवान की मौत की जानकारी होते ही परिजन मौके पर पहुंचे। रास्ता जामकर आरोपी चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन करने लगे। पिता जाहिद हुसैन का कहना है कि रिजवान घर का इकलौता कमाने वाला था। माता-पिता और पत्नी के अलावा दो छोटे भाइयों की भी जिम्मेदारी उसी के कंधों पर थी। परिजनों ने मुआवजा की मांग कर चालक पर कार्रवाई की मांग की। इंस्पेक्टर दिनेश चन्द्र मिश्रा का कहना है कि पिता के प्रार्थना-पत्र पर रिपोर्ट दर्ज की है। बस कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

वाहन की टक्कर से लैब टेक्नीशियन की मौत

अमृत विचार, लखनऊः अमेठी क्षेत्र के मुंशीगंज निवासी कोमल मिश्र (23) गोमतीनगर स्थित लैब में टेक्नीशियन थीं। बुधवार सुबह वह ड्यूटी पर जाने के लिए गौतमपल्ली मार्टिनपुरवा में ऑटो का इंतजार कर रहीं थी। इसी दौरान कालीदास मार्ग की तरफ से आए तेज रफ्तार वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर घायल होने के कारण उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया। इंस्पेक्टर राकेश सिंह ने बताया कि घटना के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर आरोपी वाहन चालक की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

असलहा लहराकर पत्नी व बेटी को वकील ने दी धमकी

अमृत विचार, लखनऊः अलीगंज क्षेत्र में अधिवक्ता द्वारा पत्नी व बेटी से मारपीट कर असलहा लहराकर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पति की प्रताड़ना से आहत पत्नी ने डॉयल 112 पर मदद मांगी। मौके पर पहुंची पीआरवी टीम से भी अधिवक्ता ने गाली गलौज की। तलाशी लेने पर पुलिसकर्मियों ने आरोपी के पास से असलहा- कारतूस बरामद किया। इंस्पेक्टर विनोद कुमार तिवारी के मुताबिक, त्रिवेणीनगर द्वितीय निवासी अधिवक्ता अक्षय कटियार की पत्नी ने मंगलवार रात डायल 112 पर काल की। बताया पति उनके और बेटी के साथ मारपीट कर रहे हैं। सूचना पर डायल 112 मौके पर पहुंची। जहां अक्षय गाली गलौज करते हुये असलहा लेकर परिवार को धमकाते मिले। सिपाहियों ने उनके हाथ से असलहा छीनने का प्रयास किया।

छात्रा के मंगेतर को अश्लील फोटो भेजे, रिश्ता टूटा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ब्लैकमेल कर पांच लाख रुपये हड़पे, संबंध बनाने का डाला दबाव
- अलीगंज कोतवाली में आरोपी के खिलाफ पीड़िता ने दर्ज कराई रिपोर्ट

अमृत विचार : अलीगंज क्षेत्र में 12वीं की छात्रा को युवक द्वारा ब्लैकमेल कर पांच लाख रुपये हड़पने व शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने आरोपी पर उनकी फोटो मंगेतर को भेजकर रिश्ता तुड़वाने का भी आरोप लगाया है।

पुलिस के मुताबिक, क्षेत्र निवासी पीड़िता ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया कि वह 12 वीं की छात्रा है। आकाश सोनकर से दोस्ती थी। कई बार साथ में घूमने गई। इस बीच आकाश ने उसकी आपत्तिजनक फोटो खींच लीं। अब फोटो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डाल रहा है। विरोध पर मोबाइल व सोशल मीडिया अकाउंट पर उससे अश्लील बातें करने का भी प्रयास करता है। पीड़िता का आरोप है कि उसे धमकी देकर पांच लाख रुपये भी हड़प लिए। इसके बाद उसकी आपत्तिजनक फोटो मंगेतर के पास भेज दिए। इससे रिश्ता टूट गया। परिजन जब आकाश के घर फोटो डिलीट कराने पहुंचे तो उसकी मां सीमा सोनकर व दो बहनों ने पिटाई कर भगा दिया। इंस्पेक्टर ने बताया आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

सार-संक्षेप

बुजुर्ग दंपति ने बेटे-बहू पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

अमृत विचार, लखनऊ : आशियाना थाना क्षेत्र निवासी बुजुर्ग दंपति ने बहू बेटे पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पुलिस से आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के किला मोहम्मदी निवासी कासगंज चीनी मिल से सेवानिवृत्त बुजुर्ग वीरेंद्र मिश्रा ने थाने में प्रार्थना- पत्र दिया। बताया बेटे स्वतंत्र कुमार की शादी परिचित अशोक पाण्डेय की बेटी गुंजन से की थी। शादी के बाद से ही बेटा-बहू परेशान करने लगे। बहू को समझाने का प्रयास किया तो अपने पिता अशोक पाण्डेय से शिकायत कर दी। इस पर वह असलहों से लैस साथियों के साथ उल्टे उन्हें की धमकी देते हैं। आरोप है कि बेटा-बहू घर पर कब्जा करने की नीयत से उन्हें निकालना चाहते हैं। आरोप है कि मार्च महीने में बेटे और बहू ने उन्हें और बुजुर्ग पत्नी को पीटा था। तब मामला भी दर्ज किया गया था। इसके बाद भी दोनों प्रताड़ित कर रहे हैं। इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बहू बेटे को चेतावनी देकर बुजुर्ग दंपति को घर भेजा।

बहू ने घर में घुसकर सास-ससुर को पीटा

अमृत विचार, लखनऊ : ताल कटोरा क्षेत्र में दंपति के विवाद का मामला कोर्ट में चल रहा है। कोर्ट में समझौता नहीं होने से नाराज पत्नी ने भाई व अन्य परिवारीजनों के साथ ससुराल पहुंच घर पर पथराव किया। विरोध करने पर बहू ने सास-ससुर की पिटाई कर दी। मोहल्ला वासियों के आने पर आरोपी भाग निकले। पुलिस मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है। पुलिस के मुताबिक, राजाजीपुरम निवासी महेन्द्र ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया पारिवारिक विवाद में पत्नी ज्योति से अनबन चल रही है। मामला कोर्ट में विचाराधीन है। सोमवार को कोर्ट में दोनों पक्ष बुलाये गये थे। वहां सहमति नहीं बनी। इससे ज्योति गुस्सा गई। रात में पिता प्रदीप, भाई विशाल, संदीप और रवि के साथ घर में घुसी। ससुर रामचंद्र और सास इंद्राणी ने विरोध किया तो ज्योति ने दोनों को पीट दिया। इसके बाद पथराव कर दिया। इंस्पेक्टर कैलाश चंद्र दुबे ने बताया सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

बिना तलाक दिये पति ने कर ली दूसरी युवती से शादी

अमृत विचार, लखनऊ : महिला थाने में पीड़िता ने दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर घर से निकालने और बिना तलाक लिये दूसरी शादी करने का आरोप लगाते हुये पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, मड़ियांव के भिठौली निवासी निधि सिंह ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया 2009 में उसकी शादी सेक्टर -एच जानकीपुरम निवासी राघवेन्द्र सिंह के साथ हुई थी। शादी के बाद से पति समेत अन्य ससुरालवाले प्लाट दिलवाने का दबाव बनाने लगे। असमर्थता जताने पर मारपीट कर कमरे में बंद कर प्रताड़ित करने लगे। वर्ष 2012 पीड़िता ने क्वीन मैरी अस्पताल में बेटी को जन्म दिया। इससे नाराज होकर पति समेत अन्य ने उसके मायके पहुंच अपमानित किया। वर्ष 2015 में निधि के हार्ट का आपरेशन पति के इनकार करने पर पिता ने कराया। राघवेन्द्र के नाम प्लॉट खरीदकर दिया। इसके और 10 लाख रुपए की मांग करने लगे। विरोध पर उसे मायके छोड़ दिया। कुछ दिन बाद निधि को पता चला कि राघवेन्द्र ने दूसरी शादी कर ली है। पुलिस ने पति समेत अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

कीटनाशक का छिड़काव कर रहे किसान की मौत

अमृत विचार, निगोहां : निगोहां थाना क्षेत्र में खेत में कीटनाशक का छिड़काव करते समय किसान बेहोश हो गया। परिजन अस्पताल ले जा रहे थे। रास्ते में दम तोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक, उत्तरावां के मजरा रमपुरा निवासी किसान घनश्याम (26) की खेत पर मौत होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस को बहनोई सुखराम ने बताया घनश्याम खेत में कीटनाशक का छिड़काव करने गये थे। जहां दवा छिड़कते समय घनश्याम चक्कर खाकर गिर गये। उन्हें बेहोश देख आसपास के खेतों में काम कर रहे किसानों ने परिजन को घटना बताई। भाई संतराम उसे अस्पताल ले जा रहे थे। रास्ते में दम तोड़ दिया। इंस्पेक्टर अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजन ने आरोप से इनकार किया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

दंपति में मारपीट, दोनों ने दर्ज कराई रिपोर्ट

अमृत विचार, लखनऊ : मड़ियांव क्षेत्र में दंपति में मारपीट का मामला सामने आया है। दोनों ने एक दूसरे पर गंभीर आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, केशव नगर निवासी नवनीत शुक्ला ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया वर्ष 2016 में उसकी शादी हरदोई के अशरफ टोला निवासी शालिनी शुक्ला के साथ हुई थी। पारिवारिक विवाद के चलते पत्नी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी, तब कोर्ट में समझौता के बाद पत्नी को घर ले आया था। कुछ दिन बाद सास और साले उसके घर से गहने और 50 हजार की नकदी लेकर चले गए। विरोध करने पर पत्नी विवाद करने लगी। इसके बाद उसने कोर्ट में पत्नी से तलाक की अर्जी दायर की। इसकी जानकारी पर पत्नी ने साली के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की। पीड़ित पुलिस को सूचना देकर चौकी पर जा रहा था। तभी रास्ते में साले आशीष तिवारी ने सात अन्य साथियों के साथ जान से मारने का प्रयास किया। वहीं, शालिनी का आरोप है कि पति नवनीत शुक्ला, भाई पुनीत शुक्ला और बहनोई रामप्रकाश ने बहन की पिटाई कर दी। इंस्पेक्टर का कहना है कि पति -पत्नी के बीच का विवाद है। क्रास रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

सामूहिक दुष्कर्म का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में मंगलवार को महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने बुधवार को मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। एडीसीपी दक्षिणी शशांक सिंह ने बताया कि आरोपी से पूछताछ कर फरार छह साथियों की तलाश में टीमें दबिश दे रही हैं। एडीसीपी के मुताबिक, पूछताछ में मुख्य आरोपी ने बताया कि वह फल का ठेला लगाता है। महिला को आते-जाते देखता था।मंगलवार दोपहर को वह दवा लेने जा रही थी। साथियों को बुलाकर मौका देख जबरन बाग में ले गया। जहां पर सभी ने दुष्कर्म किया। इसके बाद घटना स्थल से भाग गए थे। एडीसीपी ने बताया आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। भागे आरोपियों को चिन्हित कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

महिला सुरक्षा कर्मी से दुष्कर्म का प्रयास, चार पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मदेयगंज क्षेत्र में बेटी के साथ किराये के मकान में रहती है

अमृत विचार : मदेयगंज क्षेत्र निवासी महिला सुरक्षाकर्मी ने मकान मालिक व उसके साथियों पर दुष्कर्म के प्रयास व लाखों के गहने हड़पने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

पीड़िता के मुताबिक, वह अपने पति से अगल बेटी के साथ मदेयगंज में किराये के मकान में रहती हैं। आरोप है कि जब वह काम पर जाती हैं तो मकान मालिक व उसके साथी बेटी का प्रताड़ित करते हैं। मकान मालिक के बेटों ने चार लाख के गहने भी हड़प लिए। विरोध करने पर आरोपी ने उनसे दुष्कर्म का प्रयास करते हैं। कई बार पीड़िता के नहाते व सोते समय कमरे में घुस कर छेड़छाड़ का प्रयास किया। 18 जून को सुबह 5 बजे आरोपी कमरे में घुसकर धमकी देने लगे। अन्य किरायेदार के एकत्र होने पर भाग निकले। पीड़िता का आरोप है कि मदेयगंज थाने पहुंची तो सुनवाई नहीं की। आईजीआरएस पर शिकायत करने पर पुलिस ने आरोपी मकान मालिक समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

दोस्तों के साथ नदी में नहाते समय युवक डूबा

अमृत विचार, लखनऊः दुबग्गा क्षेत्र में शराब पार्टी के बाद नदी में नहाने उतरे तीन दोस्तों में से एक डूब गया। साथियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से जब तक उसे निकाला मौत हो चुकी थी।

इंस्पेक्टर अनुभव वर्मा के मुताबिक, बुधवार शाम करीब पांच बजे कृष्णानगर क्षेत्र अंतर्गत कुशीबिहार कॉलोनी पुरनिया निवासी यशराज जायसवाल (32) पुत्र दिनेश दोस्त मोहित निवासी मानकनगर और सुनील निवासी मुशीपुलिया के साथ दुबग्गा घैलापुल के पास गया था।

जहां शराब पार्टी के बाद तीनों गोमती नदी में उतरे। इस दौरान यशराज डूब गया। परिजनों ने अभी कोई प्रार्थना-पत्र नहीं दिया है।

पति को नौकरी के बहाने पटना बुलाया वहां पत्नी के गहने लेकर भागा आरोपी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आलमबाग निवासी युवक से दोस्ती गांठ परिवार समेत बुलाया था पटना
- राजेंद्र नगर रेलवे स्टेशन पर हुई घटना, रेलवे थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

अमृत विचारः लखनऊ में आटो चालक से दोस्ती गांठ आरोपी ने नौकरी दिलाने का झांसा देकर पूरे परिवार समेत पटना बुलाया। जहां राजेंद्र नगर रेलवे स्टेशन पर ड्राइवर की पत्नी के बैग में रखे 2.52 लाख के गहने और नकदी लेकर आरोपी भाग निकला। पीड़िता के बयान पर रेलवे थाने की पुलिस मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है।

आलमबाग निवासी मीनू देवी ने रेलवे पुलिस को प्रार्थना-पत्र दिया। बताया उनके पति दिलीप आलमबाग से कृष्णा नगर तक भाड़े पर आटो चलाते हैं। 15 दिन पहले पति की एक युवक से दोस्ती हुई थी। उसने दिलीप से कहा कि पटना चलो, वहां 20 हजार की नौकरी दिलवा दूंगा। झांसे में आकर दिलीप, अपनी पत्नी मीनू और दोनों बच्चों के साथ कथित दोस्त के कहने पर 22 जून को पटना जंक्शन पहुंचे। फोन करने पर उसने सभी को पटना जंक्शन के बाहर बुलाया। जहां से आरोपी के साथ सभी आटो से राजेंद्र नगर पुल के नीचे सब्जी मंडी के पास पहुंचे।

ऑटो से उतरने पर मीनू ने बाथरूम जाने की बात कही। कथित दोस्त ने बगल के राजेंद्र नगर स्टेशन पर बाथरूम करने की बात कही। उनके पति को वहीं रोक मीनू दोनों बच्चे और आरोपी के साथ राजेंद्र नगर स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर पहुंची। मध्य ओवरब्रिज के नीचे बैग रख बाथरूम जाने लगी। तो आरोपी ने कहा गहने पहने हैं, वो बैग में रख लो, नहीं तो काम देने वाला आभूषण देख अमीर समझ पति को नौकरी नहीं देगा। मीनू गले की दो चेन, कान की बाली और पायल बैग में रख दिये।

चोरों ने तीन मकानों से नकदी व गहने किए पार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गोमतीनगर, मदेयगंज और दुबग्गा क्षेत्र की घटनाएं
- एफआईआर दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुटी

अमृत विचार : चोरों ने तीन मकानों को निशाना बनाते हुए नकदी और गहने समेत लाखों का सामान पार कर दिया। जानकारी होने पर पीड़ितों ने गोमतीनगर, मदेयगंज व दुबग्गा थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गोमतीनगर निवासी सुभाषिता अरोड़ा ने पुलिस को दिये प्रार्थना-पत्र में बताया कि उनकी मां विदुषी का विरामखंड में मकान है। वह इस समय बेंगलुरु में हैं। 24 जून को पड़ोसियों ने मां के मकान में चोरी होने की जानकारी दी थी। सुभाषिता पहुंचीं तो मेन गेट, कमरे और अलमारी के ताले टूटे मिले। चोर करीब पांच लाख के गहने व 60 हजार रुपये नकद चुरा ले गये।

बताया आंगन में लगे आम के पेड़ के पास पांव के निशान थे। पुलिस ने घटनास्थल की जांच कर एफआईआर दर्ज की है। उधर, मदेयगंज के रूपपुर खदरा निवासी श्याम कुमार वर्मा ने बताया 13 जून की रात व परिवार के साथ छत पर सो रहे थे। देर रात घर में घुसे चोर एक लाख के गहने, पांच हजार रुपये व अन्य सामान चुरा ले गये। चोरी की घटना मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। आरोप है कि फुटेज में पड़ोसी भी दिख रहा है। लेकिन पुलिस ने 13 दिन टरकाने के बाद अज्ञात पर चोरी का मामला दर्ज किया। इधर, रहीमाबाद निवासी सलीम के दुबग्गा स्थित निर्माणाधीन मकान से चोरों ने 53 हजार के तार पार कर दिये। जानकारी पर पीड़ित ने थाने में मामला दर्ज कराया है।

फंदे से लटका मिला पैथालॉजिस्ट का शव

अमृत विचार, लखनऊः हसनगंज क्षेत्र में पैथालॉजिस्ट ने मंगलवार रात फंदा लगाकर जान दे दी। बुधवार सुबह शव फंदे से लटका मिला।

पुलिस के मुताबिक, मूलतः सीतापुर निवासी राहुल कश्यप (26) डॉ. महेश प्रसाद पाण्डेय की पैथोलॉजी में काम करता था। बहन मनीषा ने बताया कि सुबह भाई को फोन मिलाया तो कॉल रिसीव नहीं हुआ। अनहोनी की आशंका में मनीषा हसनगंज स्थित कबड़ईया पुरवा पहुंची। तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। एसआई संतोष सोनकर ने बताया दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचे तो राहुल का शव फंदा से लटका मिला। बताया बहन ने आरोप से मना करते हुये घटना का कारण पता होने से इंकार किया है।

तीन दिन से लापता युवक का शव सईं नदी में मिला

संवाददाता, निगोहां

- निगोहां क्षेत्र के अहिनिवार गांव का निवासी था युवक

अमृत विचार : निगोहां क्षेत्र में तीन दिन से घर से लापता युवक का शव बुधवार को सईं नदी में मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा। परिजन ने शराब का लती बताते हुये आरोप से इनकार किया है।

पुलिस के मुताबिक क्षेत्र के अहिनिवार गांव निवासी किसान सुरेश कुमार का बेटा प्रमोद यादव (32) सोमवार शाम को घर से निकला था। इसके बाद से घर नहीं लौटा। तलाश के बाद भी जब नहीं मिला तो थाने में सूचना दी थी। पिता का कहना है कि पूर्व में भी कई-कई दिन लापता रहने पर पुलिस को सूचना दी थी। सुरेश का कहना है कि बेटा शराब पीने का आदी था। इसके चलते बहू उसे छोड़ कर चली गई थी। इंस्पेक्टर अनुज कुमार ने बताया कि बुधवार सुबह अहिनिवार गांव के पास सईं नदी में प्रमोद का शव मिला। पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। प्रथम दृष्टया नशे में नदी में गिरने से डूबने की आशंका है।

एक नजर

दुकान में चोरी करने वाला नौकर गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : सहादतगंज पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में काम करने वाले युवक को चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, वजीरबाग रोड रुस्तम नगर निवासी सैयद इफ्तिखार की इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान है। 7 वर्षों से उनकी दुकान पर वजीरबाग रोड, सहादतगंज निवासी हसन मियां काम कर रहा था। हसन मलिक का भरोसा जीत पेचकस से मालिक की गैर मौजूदगी में गल्ले से रुपये निकालने लगा। बिना रसीद दिए सामान भी बेच दिए। 15 जून को ज्यादा पैसे की जरूरत होने पर उसने डेढ़ लाख रुपये निकाल कर घर में रख दिये। लॉक टूटा देख सैयद इफ्तार को शक हो गया। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराई तो हसन फरार हो गया। बुधवार को पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर पूछताछ की तो चोरी की बात कबूल की।

बीमारी से परेशान युवती ने की आत्महत्या

अमृत विचार, लखनऊ : वजीरगंज थाना अंतर्गत ताजी खाना निवासी अब्दुल कादिर के मुताबिक नाजिश (28) अवसाद की बीमारी से परेशान थी। शुक्रवार को उसने जहर खा लिया था। हालत बिगड़ने पर नाजिश को बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया परिजन ने आरोप से इनकार किया है।

शिक्षकों के अंतः जनपदीय स्थानांतरण व समायोजन को शासन ने दी अनुमति

ग्रामीण से ग्रामीण व नगर से नगर में होगी शिक्षकों की तैनाती

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राथमिक व जूनियर विद्यालयों में अन्तः जनपदीय स्थानान्तरण व समायोजन के संबंध में शासन ने अनुमति दे दी है। समायोजन इसी शैक्षिक सत्र के दौरान निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 नियमावली 2011 के आधार पर होगा।

अन्तः जनपदीय स्थानान्तरण व समायोजन ग्रामीण सेवा संवर्ग से ग्रामीण सेवा संवर्ग व नगरीय सेवा संवर्ग से नगरीय सेवा संवर्ग में ही की जाएगी। साथ ही शैक्षिक सत्र 2023-24 की यू-डायस पोर्टल पर 31 मार्च, 2024 को उपलब्ध छात्र संख्या के आधार पर अधिक अध्यापक संख्या वाले विद्यालयों एवं अध्यापक की आवश्यकता वाले विद्यालयों को चिन्हित किया जाएगी। अधिक अध्यापक संख्या वाले चिन्हित विद्यालयों में मानक से अधिक शिक्षक व शिक्षिका को उनकी जनपद में सेवा अवधि के आधार पर क्रमानुसार (कनिष्ठ शिक्षक एवं शिक्षिका) चिन्हित किया जाएगा। साथ ही अध्यापक की आवश्यकता वाले विद्यालय में शिक्षक एवं शिक्षिका की आवश्यकता की गणना की जाएगी। अध्यापक की आवश्यकता वाले विद्यालय में शिक्षकों को भेजा जायेगा।

पोर्टल परअपलोड होगी रिक्तियों की सूची : आवश्यकता से अधिक अध्यापक वाले विद्यालय में चिन्हित शिक्षक एवं शिक्षिका तथा अध्यापक की आवश्यकता वाले विद्यालय में रिक्तियों की सूचना को पोर्टल पर प्रदर्शित किया जाएगा।ऑनलाइन पोर्टल पर अध्यापकों द्वारा मोबाइल नम्बर तथा मानव सम्पदा की आईडी का प्रयोग करते हुए लॉगिन किया जाएगा। मानव सम्पदा पोर्टल पर अंकित विवरण में किसी प्रकार की त्रुटि होने की दशा में शिक्षक एवं शिक्षिका द्वारा सुधार किया जायेगा तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा शिक्षक एवं शिक्षिका द्वारा किये गये सुधार को नियमानुसार अभिलेखीय आधार पर मानव सम्पदा पोर्टल पर सत्यापित किया जायेगा। निर्धारित प्रक्रियानुसार आवेदन पत्र सबमिट करने के उपरान्त ही पूर्ण माना जायेगा अन्यथा की स्थिति में आवेदन पत्र निरस्त माना जायेगा।

30 जून तक होगा कार्मिकों का तबादला

अमृत विचार : माध्यमिक शिक्षा विभाग के समूह-ग के कार्मिकों का तबादला 30 जून तक कर दिया जाएगा। बुधवार का अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा विभाग को निर्देश देते हुए तय समय में प्रक्रिया पूरी करने की बात कही। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग के अंतर्गत मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक), मंडलीय उप शिक्षा निदेशक (माध्यमिक), जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, शिक्षा निदेशालय प्रयागराज और लखनऊ में समूह-ग के ऐसे कार्मिकों का तबादला जल्द हो जिनके 3 साल पूरे हो चुके हैं। साथ ही ये भी निर्देश जारी किए कि इस प्रक्रिया में मेरिट का ध्यान रखा जाए। बेसिक शिक्षा और माध्यमिक शिक्षा विभाग के समूह-ग के कार्मिकों का संयुक्त तबादले के लिए अपर शिक्षा निदेशक (बेसिक) को निर्देशित करें और उनके स्तर से कार्मिकों का तबादला तय समय में सुनिश्चित करें।

सपा के संघर्ष से नफरत के सौदागरों को शिकस्त मिली : प्रो .रूपरेखा वर्मा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ सांझी दुनिया कार्यालय में संपन्न हुई बैठक

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति प्रो. रूपरेखा वर्मा ने कहा कि भारतीय संविधान की रक्षा और गरीब जनता के हित में जो संघर्ष समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबन्धन ने किया उससे नफरत के सौदागरो को शिकस्त मिली। साथ ही उन्होंने कहा, लोकतंत्र और संविधान पर हमले होने पर संसद से सड़क तक संघर्ष जारी रखने में नागरिक समाज, सपा का सहयोग भी करेगा।

सांझी दुनिया कार्यालय में बुद्धिजीवियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, साहित्यकारों और प्रबुद्ध नागरिकों की बुधवार को बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रही प्रो.रूपरेखा ने बताया कि प्रदेश की सत्ता में काबिज लोगों ने धर्मांधता और विभाजन का अड्डा बना दिया है। संविधान विरोधी फिर लामबंद होंगे और नफरत का खेल खेलेंगे। जनता के मुद्दों को नकारेंगे। विरोधी पार्टियों को तोड़ने की कोशिश करेंगे और जनता को आपस में लड़ा कर लोकतंत्र पर हमला करेंगे। इसलिए जो संघर्ष चुनाव के दौरान सपा द्वारा किया गया वही जज्बा जारी रखने की अपेक्षा है।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र और संविधान को खत्म करने का खतरा अभी टला नहीं है। इसलिए लगातार सजग रहने की जरूरत है। मतदाताओं ने नफरत की राजनीति के खिलाफ वोट किया है जनता के संकल्प की रक्षा के लिए हम आप और आपके गठबंधन से अपील करते हैं।

इस मौके पर सिविल सोसाइटी द्वारा हस्ताक्षरित सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को संबोधित पत्र, सपा के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी को भी सौपा गया। हस्ताक्षर करने वालों में इप्टा नाट्य निर्देशक राकेश वेदा, साहित्यकार वीरेन्द्र यादव, प्रो. रमेश दीक्षित, वंदना मिश्रा, इविवि लाल बहादुर सिंह, राजीव ध्यानी, एपवा कार्यकर्ता मीना सिंह, टिप्पणीकार अतहर हुसैन आदि मौजूद रहें।

लखनऊ पहुंचे बांग्लादेशी साइकिलिस्ट महमुदुल हसन इफाजा। अमृत विचार

बांग्लादेशी साइकिलिस्ट का राजधानी में किया स्वागत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग से बचाव के लिए बांग्लादेश के महमुदुल हसन इफ़ाज़ की ओर से बांग्लादेश टू ऑल इंडिया फ्रेंडशिप राइड के नाम से साइकिल से सफर की शुरुआत बुधवार को लखनऊ पहुंची।

राजधानी पहुंचने के बाद गोमतीनगर, विनय खंड-2 स्थित मॉडर्न अकादमी में स्थित उनका स्वागत हॉकी ओलंपियन सैयद अली और एसएनआई सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस के निदेशक डॉ. आनन्द किशोर पांडेय ने किया। वहां पर असन इफाज ने कहा कि पौधारोपण के माध्यम से दुनिया बचाने के लिए प्रिवेंट ग्लोबल वार्मिंग, प्रोटेक्ट ट्री, सेव वर्ल्ड का संदेश देने के लिए इस अभियान की शुरुआत की गई। यह पश्चिम बंगाल, झारखंड और बिहार होते हुए नवाबों के शहर लखनऊ पहुंचे।

इस अवसर पर ओलंपियन सैयद अली और डॉ.आनन्द किशोर पाण्डेय ने इफ़ाज़ के उद्देश्य की सराहना की और कहा कि ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के खतरे को देखते हुए पेड़ लगाने के साथ ही पेड़ बचाना भी जरूरी है।

नवोदित कलाकारों ने कथक नृत्य में दिखाई प्रतिभा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ नृत्यांगनाओं ने राम की महिमा पर दी प्रस्तुति

अमृत विचार : सुभद्रा नृत्य संस्था ने कथक कार्यशाला में नवोदित नृत्यांगनाओं का कथक नृत्य कार्यक्रम संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में आयोजित किया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। इस मौके पर प्रख्यात कथक गुरु प्रो. कुमकुम धर, पूर्व सांसद राम नारायण साहू, सुभद्रा नृत्य संस्था की संचालक हुमा साहू, और गिरधर गोपाल मौजूद रहे।

नृत्यांगनाओं ने राम की महिमा रामाष्टकम से की। इस प्रस्तुति में राम का गुणगान किया गया। राम के गुणगान के बाद ज्ञान की देवी सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की गई। ज्ञान की देवी का ध्यान करते हुए नृत्य कलाकारों ने अद्भुत अंदाज में सरगम प्रस्तुत किया।

पारम्परिक कथक में ठुमरी प्रस्तुत करते हुए भाव-भंगिमाओं के साथ-साथ प्रेम और विरह के भाव को कलाकारों ने अच्छे अंदाज में प्रस्तुत किया। कलाकारों ने कथक गुरु पं. बिरजू महाराज का तराना पेश किया। पं. बिरजू महाराज की रचना के जरिये कलाकारों ने नृत्य गुरु को अपने श्रद्धांजली पेश की। इस आयोजन में जगन्नाथ स्वामी की महिमा का बखान करने वाला नृत्य भी प्रस्तुत किया गया।

संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में कथक की प्रस्तुति देतीं नृत्यांगनाएं। अमृत विचार

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना संख्या-या/ 301/ इज्जत/24 - 25/ओ०टी०-16

मुख्य कारखाना प्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निविदापत्र में अंकित योग्यता मापदण्डों के अनुसार ई-निविदायें आमन्त्रित की जाती है। **क्रम सं०: 1 कार्य का संक्षिप्त विवरण** यांत्रिक कारखाना, इज्जतनगर में विद्युत लोको और डीईएमयू के मोटर सस्पेंशन यूनिट (एमएसयू) ट्यूबों की मरम्मत/पुनर्निर्माण कार्य (स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार) 12 महीने की अवधि के लिए **अनुमानित मूल्य (रू० में)** ₹ 4735160.00 (सैंतालीस लाख पैंतीस हजार एक सौ साठ रुपये मात्र) **जमानत राशि (रू० में)** ₹ 94700.00 चौरानबे हजार सात सौ रुपये मात्र) **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू०)** शून्य **कार्य अवधि** 12 माह **निविदा खुलने की तिथि व समय** दिनांक 18.07.2024 को 15.10 बजे। **नोटः 1.** उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित दिनांक 25.06.2024 को समय 17.00 बजे से वेवसाइट www.ireps.gov.in पर टेण्डर खुलने की तिथि 18.07.2024 को 15.00 बजे तक उपलब्ध है। **2.** उपरोक्त निविदा में ई-बिड के अतिरिक्त किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिये कि वे अपने आपको IT- Act 2000 के अर्न्तगत C.C.A. द्वारा जारी क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS की बेवसाइट पर पंजीकृत करायें। **3.** निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित आनलाइन दर्ज करने पर ही विचारणीय हैं। दरे तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। **4.** ई-निविदा हेतु धरोहर राशि ई-भुगतान नेट बैंकिंग अथवा गेटवे भुगतान के रूप में ही स्वीकार की जायेगी।

उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर (प्लान्ट) इज्जतनगर

मुजाधि/यांत्रिक-38

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

छत्रपति शाहूजी ने 1902 में रख दी थी न्याय की नींव

अमृत विचार, लखनऊ : छत्रपति शाहूजी महाराज ने 1902 में ही सामाजिक न्याय की नींव रखी थी। उन्होंने राज्य में सभी समाज को समान अधिकार व समान शिक्षा को लागू कर इतिहास रचा था। यह बातें पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने शाहूजी महाराज के जन्मदिवस पर कही।

छत्रपति शाहूजी महाराज स्मृति मंच की ओर से बुधवार को केजीएमयू के मुख्य द्वार पर शाहूजी महाराज के प्रतिमा पर पुष्प अर्पण किए। इसके बाद लखनऊ विश्वविद्यालय के ब्राउन हाल में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि छत्रपति शाहूजी महाराज के बताए रास्ते पर चलकर समाज को आगे बढ़ाया जा सकता है।

मोहर्रम में सफाई, पानी व बिजली की हो समुचित व्यवस्था : अशफाक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ जर्जर तारों को बदलने की उठाई मांग की

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अशफाक सैफी ने 17 जुलाई को मनाये जाने वाले मोहर्रम 'यौम-ए-आशूरा' के मद्देनजर अपर मुख्य सचिव गृह, नगर विकास और ऊर्जा विभाग से कानून व्यवस्था, साफ-सफाई, जगह-जगह पानी का छिड़काव और सुचारू विद्युत व्यवस्था कराये जाने की अपेक्षा की है। उन्होंने बताया कि मोहर्रम का त्योहार पूरे प्रदेश में मनाया जाता है। मोहर्रम में मुस्लिम समुदाय के लोग कर्बला के शहीदों की याद में जुलूस निकालते हैं।

सैफी ने कहा कि मोहर्रम का जुलूस निर्धारित मार्ग से ही निकाला जाए। जुलूस मार्ग में सुरक्षा की उचित व्यवस्था की जाए। जुलूस के मार्ग में साफ-सफाई की व्यवस्था के साथ पानी का छिड़काव किया जाए। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के दृष्टिगत ताजियेदारों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था भी कराई जाए। मोहर्रम के अवसर पर कहीं-कहीं परम्परागत रूप से काफी ऊंचे ताजिये निकाले जाते हैं। बिजली के तारों की चपेट में आने पर हादसे की संभावना बनी रहती है। जुलूस के मार्ग में आने वाले बिजली के तारों को ऊंचा कर दिया जाए और जर्जर तारों को बदले जाने की व्यवस्था कराई जाए।

लखनऊ कनेक्शन 30 को करेगा सुर संगम का आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ : अंतरराष्ट्रीय समूह लखनऊ कनेक्शन वर्ल्डवाइड की ओर से आयोजित होने वाला सांस्कृतिक कार्यक्रम सुर संगम 30 जून को सवाय बैंक्वेट हॉल गोमतीनगर में होगा। इस कार्यक्रम में गजल, गीत, संगीत और नृत्य की प्रस्तुति देखने को मिलेगी।

ग्रुप एडमिन अनिल शुक्ला ने बताया कि इस अवसर पर गजल गायक देवेश चतुर्वेदी और प्रदीप अली समेत कई स्थानीय कलाकार शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में अलका अजय श्रीवास्तव सितार पर लाइव प्रस्तुति देंगी। ग्रुप के संस्थापक सुनील मिश्र ने कहा कि यह आयोजन न केवल कला और संस्कृति के प्रति हमारी मोहब्बत का प्रतीक है, बल्कि इससे समाज में भाईचारा और सौहार्दपूर्ण वातावरण भी बढ़ेगा।

29 को मनाया जाएगा व्यापारी कल्याण दिवस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश पदाधिकारियों की एक बैठक दारुलसफा स्थित संगठन कार्यालय में हुई। बैठक में अध्यक्ष संदीप बंसल ने कहा, आगामी भामाशाह जयंती के मौके पर 29 जून को व्यापारी कल्याण दिवस मनाया जाएगा। प्रदेश की योगी सरकार ने व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में सभी जनपदों में कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है।

ऐसे में व्यापारी प्रतिनिधियों को पूरे प्रदेश में होने वाले कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। जिला प्रशासन द्वारा किए जाने वाले कार्यक्रम में हिस्सा लें। साथ ही इस मौके पर सर्वाधिक टैक्स देने वाले और कर के लिए प्रेरित करने वाले व्यापारी प्रतिनिधियों को भी सम्मानित किया जाए। इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं वित्त संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना का आभार बैठक में जताया गया। इस दौरान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रिपन कंसल, प्रदेश प्रवक्ता एवं महानगर अध्यक्ष सुरेश छबलानी,जावेद बेग, अश्वन वर्मा, राजीव कक्कड़, दीपेश गुप्ता, शिशिर सिंह, अलोक एरन, महिला अध्यक्ष कजरा निगम, जिला अध्यक्ष ललित सक्सेना, पतंजलि सिंह सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

खुली निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य परियोजना प्रबन्धक, गतिशक्ति, उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा (**एकल पैकेट प्रणाली**), जिसकी बंद होने की तिथि दिनांक **16.07.2024** को **11:30 बजे** तक है, आमंत्रित की जाती है।

1	**निविदा सूचना संख्या :** 24-DyCEE-GSU-LKO-2024-25 दिनांक 25.06.2024
2	**निविदा संख्या :** 24-DyCEE-GSU-LKO-2024-25
3	**कार्य का नाम :** उत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल में स्थित प्रयाग रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन स्कीम के अंतर्गत 13 पैसेन्जर क्षमता की 03 लिफ्टों की आपूर्ति, इंस्टालेशन, टेस्टिंग व कमीशनिंग एवं पावर सप्लाई की व्यवस्था का कार्य।
4	**अनुमानित लागत :** रु. 61,49,865.43
5	**धरोहर राशि :** रु. 1,23,000.00
6	**कार्य की समापन अवधि :** स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छह माह।
7	**निविदा डालने का प्रारंभ :** 02.07.2024
8	**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 16.07.2024, 11:30 बजे
9	**वेबसाईट :** www.ireps.gov.in

नोटः- निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। **1904/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 18.07.2024 को 15:00 बजे तक है आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि द्वारा करेगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपॉजिट रसीद एवं एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

1	निविदा सूचना संख्या	05502024 दिनांक 25.06.2024
2	निविदा संख्या	15-Sr-DEN-VI-LKO-2024-25
3	कार्य का नाम	लखनऊ मंडल में दरियापुर गुड्स शेड के विकास का कार्य
4	अनुमानित लागत	रु. 3,85,55,905.02
5	धरोहर राशि	रु. 3,42,800.00
6	कार्य की समापन अवधि	स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से आठ माह।
7	निविदा डालने का प्रारंभ	04.07.2024
8	निविदा बंद होने की तिथि एवं समय	18.07.2024, 15:00 बजे
9	वेबसाइट	www.ireps.gov.in

नोट : 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। **1903/24**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

मादक पदार्थों के सेवन से परिवार, समाज व राष्ट्र को पहुंचती है क्षति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः 'नशा मुक्त भारत अभियान' व 'एक युद्ध नशे के विरूद्ध' मुहिम को गति प्रदान करने की आवश्यकता है। केवल शासकीय प्रयासों से ही यह सम्भव नहीं होगा। इस कार्य में प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका अत्यधिक महत्वपूर्ण है। यह बात बुधवार को मादक पदार्थों का दुरुपयोग एवं अवैध व्यापार विरोधी अंतरराष्ट्रीय दिवस कार्यक्रम के अवसर पर आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कही।

मद्यनिषेध विभाग की ओर से अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, गोमतीनगर के सभागार में मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जन जागरूकता के लिए मद्यनिषेध प्रदर्शनी, संगोष्ठी सहित विभिन्न प्रकार के शिक्षात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

राज्य मद्यनिषेध अधिकारी आरएल राजवशी ने मादक पदार्थ विरोधी दिवस मनाए जाने की पृष्ठ भूमि से अवगत कराया गया। इसके बाद विभागीय 'स्मारिका' के संस्करण का विमोचन मंत्री नितिन अग्रवाल ने किया। समाज कल्याण विभाग सचिव डॉ. हरिओम ने कहा कि मादक पदार्थों के सेवन से परिवार, समाज व राष्ट्र को क्षति हो रही है। केजीएमयू के मानसिक चिकित्सा विभाग के डॉ. आदर्श त्रिपाठी ने मादक पदार्थों के दुरुपयोग एवं उनके सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के साथ-साथ इसके बचाव के तरीकों पर व्यापक रूप से प्रकाश डाला।

नशा मुक्त पंचायत दिवस पर दिलाया गया संकल्प : सनातन महासभा और लाल ब्रिगेड की ओर से जानकीपुरम स्थित नशा मुक्ति मानसिक स्वास्थ्य केंद्र में नशा मुक्त पंचायत दिवस का आयोजन किया गया। डॉ. प्रवीण ने इस मौके पर नशा मुक्त रहने का संकल्प दिलाया। भारत को नशा व अपराध मुक्त बनाने के लिए राजधानी में नशा मुक्त गली, नशा मुक्त क्षेत्र, नशा मुक्त पार्क, नशा मुक्त विद्यालय और महाविद्यालय, नशा मुक्त मोहल्ला तथा नशा मुक्त कार्यालय बनाने की तैयारी करने का निर्णय लिया गया।

डॉ. प्रवीण ने बताया कि ड्रग्स के नाम पर पूरे प्रदेश में स्मैक, चरस, गांजा, भांग, नशे की गोलियां, इंजेक्शन, सांप व छिपकली का जहर और चूहे मार दवाएं बाजार में आसानी से उपलब्ध हैं। कुछ थाना क्षेत्रों जैसे नाका, कैसरबाग, आलमबाग, ठाकुरगंज, चौक, चिनहट, हसनगंज, तालकटोरा में तो स्कूटी से लेकर झोपड़ी तक से उपलब्ध है। इस विषय में शासन प्रशासन को अवगत भी कराया गया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

कार्यक्रम में महासचिव देवेंद्र शुक्ल, डॉ. आहुति ओझा, रवि कचरू, लता बाजपेयी, आशा सिंह, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, शोभित सिंह, प्रिंस गिरि, दीन दयाल, ध्रुव और श्याम शर्मा मौजूद रहे।

रैली निकाल कर मादक पदार्थ के दुरुपयोग के प्रति किया जागरूक : 'मादक पदार्थ के दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस' के अवसर पर बुधवार को स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान एवं 'दिशा नशामुक्ति सह पुनर्वास केन्द्र' के सहयोग से जनेश्वर मिश्र पार्क के गेट नं. छह पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें नवयुग कन्या महाविद्यालय, साऊथ सिटी स्थित लखनऊ पब्लिक स्कूल के छात्र- छात्राएं और एनसीसी की 19वीं वाहिनी के कैडेट्स ने प्रतिभाग किया। रैली को मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. बीएन यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कार्यक्रम के दौरान स्मारिका का विमोचन करते आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल व अन्य।

एनसीसी कैडेट्स ने दौड़कर किया एक युद्ध नशे के विरुद्ध का एलान । अमृत विचार

एनसीसी कैडेट्स ने दौड़कर किया एक युद्ध नशे के विरुद्ध की घोषणा

अमृत विचार : अंतरराष्ट्रीय नशा एवं तस्करी निरोधक दिवस के मौके पर नवयुग कन्या महाविद्यालय की एनसीसी कैडेट्स ने प्राचार्य प्रो . मंजुला उपाध्याय और एनसीसी अधिकारी मेजर मनमीत कौर सोढ़ी के निर्देशन में नशे के खिलाफ जागरूकता दौड़ में भाग लिया। इस मौके पर एनसीसी कैडेट्स ने गृह मंत्रालय के नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा जारी शपथ को ऑनलाइन ग्रहण किया। गोमती नगर स्थित जनेश्वर मिश्र पार्क में आयोजित विशेष कार्यक्रम एक युद्ध नशे के विरुद्ध में महाविद्यालय की कैडेट्स पलक गुप्ता, सोनल सिंह, अंजलि अस्थाना, नैंसी विश्वकर्मा, शिवानी वर्मा, दिव्या बर्थवाल, अंजलि रावत, शुभांगी निगम, साक्षी सोनकर और श्रेया गुप्ता ने मेजर मनमीत कौर सोढ़ी के नेतृत्व में जागरूकता दौड़ में भाग लिया।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियन्ता, कर्मशाला, उत्तर रेलवे, सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित कार्यों हेतु मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित करते है।

1	निविदा सूचना संख्याः-	विद्युत/डब्ल्यू०/आलमबाग/179 A/2024-25
क	कार्य का विवरण	कैरेज एण्ड वैगन वर्कशाप आलमबाग लखनऊ में वातानुकूलित एवं गैर वातानुकूलित रेलवे सैलून यानों में फ्लेमलेस कूकिंग की व्यवस्था का कार्य।
ख	अनुमानित लागत	रू० 43,60,532.36
ग	धरोहर राशि	रू० 87,200/-
घ	निविदा प्रपत्र मूल्य	शून्य
ङ.	कार्य समापन अवधि	06 माह
अन्य सूचना		
3	निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि एवम समय	10.07.2024 को अपरान्ह 15:00 बजे तक।
4	निविदा खुलने की तिथि व समय	10.07.2024 को अपरान्ह 15:00 बजे के बाद।

● निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा निर्धारित तिथि के अनुसार भरा जा सकता है। ● मैनुअल आफ़र पर विचार नहीं किया जायेगा। ● निविदाकर्ता निविदा फार्म की धरोहर राशि का भुगतान केवल www.ireps.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान प्रणाली द्वारा ही किया जायेगा। ● डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक/डिपॉजिट रसीद/एफ०डी०आर० या अन्य किसी रूप में निविदा धरोहर धनराशि का भुगतान स्वीकार नहीं किया जायेगा। ● प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज़ की प्रस्तुति एवं उससे संबन्धित निविदा उपरांन्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किए जाएंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा।

निविदा संख्याः- विद्युत/डब्ल्यू०/आलमबाग/179 A/2024-25 दिनांक- 26.06.2024 **1917/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

एक नजर

बिजली के पोल से टकराई बेकाबू कार, चालक भागा

महमूदाबाद, सीतापुर। महमूदाबाद के रामपुरमथुरा रोड पर बाबाकुटिया के करीब मंगलवार की देर रात रामपुर मथुरा की तरफ से तेज गति से आ रही एक कार अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई। हालांकि हादसे के बाद ड्राइवर मौके से फरार हो गया।

लकड़कट्टों ने शीशम के चार पेड़ काटे

झरेखापुर, सीतापुर, अमृत विचार। बुधवार को पगुरोई गांव मे दो तथा बिराहिमबाद गांव मे दो शीशम के पेड़ लकडकट्टों ने काट डाले और लकड़ी गायब कर दी। इसकी शिकायत ग्रामीणों ने वन विभाग के उच्च अधिकारियों से की तो हड़कम्प मच गया। वनक्षेत्राधिकारी सुयश श्रीवास्तव व एसडीओ विकास यादव ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल की। वन क्षेत्राधिकारी सुयश श्रीवास्तव ने बताया कि पेड़ काटने वालों कार्रवाई की गयी है।

25 हजार की नकदी व जेवरात चोरी

लहरपुर सीतापुर, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम परसिया मजरा अढमलपुर में मंगलवार की रात चोरों ने एक घर से 25 हजार की नकदी सहित सोने चांदी के जेवर पार कर दिये। जाकिर हुसैन निवासी ग्राम परसिया ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि बीती रात उसके घर के पीछे की दीवार से चढ़कर चोर घर में घुस आए और कमरे में रखी सेफ का ताला तोड़कर हार, झाला, अंगूठी पायल व लगभग 25 हजार नकदी पार कर दी। घटना के संबंध में प्रभारी राम मणि यादव ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है। घटना की जांच के लिए पुलिस को भेजा गया है।

खोदे गए रास्तों की मरम्मत कराने की मांग

लहरपुर सीतापुर, अमृत विचार। ग्रामीणों को कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से बुधवार को क्षेत्र के ग्राम टांडा कलां व ग्राम पंचायत मूडी खेरा में बैठक का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत मूडीखेरा के पंचायत भवन में आए 10 लोगों में से शौचालय के 5, वृद्धा पेंशन के 3 तथा राशन कार्ड के दो आवेदन दिए। ग्राम वासियों ने पाइप लाइन डालने के लिए खोदे गए रास्तों की मरम्मत कराने की मांग की।

तालकटोरा रोड स्थित बालाजी मंदिर के पास सड़क पर बने अवैध दुकान से समान निकलते लोग। अमृत विचार

तालकटोरा में टूटेंगी 100 दुकानें

पीडब्ल्यूडी ने दी चार दिन की मोहलत, सामान समेटने लगे व्यापारी

कार्यालय संवाददाता

अमृत विचार, लखनऊ : तालकटोरा इंडस्ट्रियल एरिया में तुलसीमार्ग पर सड़क चौड़ीकरण के लिए लगभग 100 दुकानें तोड़ी जाएंगी। पीडब्ल्यूडी ने व्यापारियों को चार दिन में स्वयं दुकानें तोड़ने का समय दिया। व्यापारियों की आधी दुकानें ध्वस्तीकरण की जद में हैं।

पीडब्ल्यूडी के अभियंता ने बुधवार को सुबह ही पुलिस बल और नगर निगम जोन दो के अधिकारियों के साथ बुलडोजर लेकर मौके पर पहुंचे और व्यापारियों को दुकानें खाली करने का निर्देश दिया। मौके पर व्यापारी एकजुट होकर इसका विरोध करने लगे। मौके पर पहुंचे व्यापारी नेता अजय त्रिपाठी मुन्ना और क्षेत्रीय व्यापारियों की पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता से बातचीत में चार दिन में दुकानें स्वयं तोड़ने पर सहमति बनी।

व्यापारी नेता ने बताया कि बालाजी मंदिर की ओर सड़क सकरी है, जिससे जाम लगता है। इस समस्या को इंडस्ट्रियल एरिया के व्यापारियों द्वारा उद्योग बंधु की बैठक में उठाने के बाद जिला प्रशासन की ओर से पीडब्ल्यूडी को सड़क चौड़ी करने के निर्देश दिये गए हैं इसलिए यह कार्रवाई की जा रही है।

तालकटोरा रोड स्थित बालाजी मंदिर के पास सड़क पर बने अवैध दुकान व मकानों को खाली करने के लिए नोटिस देते नगर निगम कर्मचारी। अमृत विचार

निगम ने उत्तरधौना में 7.40 करोड़ रुपये की जमीन कब्जा मुक्त कराई

- पार्श्वनाथ सिटी हाउसिंग से निगम को मिली 0.377 हेक्टेयर भूमि पर थे अवैध कब्जे

अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम ने उत्तरधौना गांव में नगर निगम की 7.40 करोड़ रुपये की .377 हेक्टेयर भूमि कब्जा मुक्त कराई है।

गाटा संख्या 395 व 398 की .377 हेक्टेयर भूमि पार्श्वनाथ सिटी हाउसिंग सोसाइटी से नगर निगम को बदले में मिली थी। इस भूमि पर कई लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया था। नगर निगम के सम्पत्ति विभाग ने अवैध कब्जेदारों को भूमि खाली करने का नोटिस जारी किया था। अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव के निर्देश पर जेसीबी से अवैध निर्माण ध्वस्त कर दिए। साथ ही नगर निगम ने भूमि पर तार से घेराबंदी करके अपना बोर्ड लगा दिया।

कार्रवाई नगर निगम के नायब तहसीलदार संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में राजस्व निरीक्षक अविनाश तिवारी, लेखपाल सुभाष, संदीप कुमार, राकेश कुमार, लालू कुमार, आशुतोष, आलोक कुमार, राजू सोनी एवं नगर निगम की ईटीएफ टीम एवं प्रवर्तन दल के सहयोग से की गई।

भारतीय हॉकी टीम में प्रदेश के दो खिलाड़ी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- वाराणसी के ललित उपाध्याय और गाजीपुर के राजकुमार पाल पेरिस ओलंपिक में खेलते नजर आएंगे
- टोक्यो के बाद ललित का यह दूसरा ओलंपिक होगा, राजकुमार को मिला पहला मौका

अमृत विचार: पेरिस ओलंपिक में उतरने वाली भारतीय हॉकी टीम में उत्तर प्रदेश के दो खिलाड़ी जगह बनाने में कामयाब रहे। गया है। वाराणसी के ललित उपाध्याय लगातार दूसरे ओलंपिक में उतरेंगे, जबकि गाजीपुर के राजकुमार पाल पहली बार ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने उतरेंगे। बंगलूरू में पिछले दो दिन तक चली चयन प्रक्रिया में 27 खिलाड़ियों में 16 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन भारतीय हॉकी टीम में किया गया है। यूपी के दो अन्य खिलाड़ी आमिर अली और विष्णुकांत सिंह भी स्कैन शामिल थे, लेकिन वह टीम में जगह नहीं बना सके। दुनिया में खेल का महाकुंभ 26 जुलाई से 11 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। महाकुंभ के लिए हॉकी इंडिया ने बुधवार को भारतीय

टीम की घोषणा कर दी। टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम की निगाहें इस बार स्वर्ण पदक पर होगी। पिछले ओलंपिक में यूपी से एक खिलाड़ी ललित उपाध्याय ही भारतीय हॉकी टीम में शामिल थे। इस बार राजकुमार पाल को भी मौका मिला है । ऐसे में प्रदेश हॉकी जगत के लिए यह शुभ संकेत हैं।

दूसरा ओलंपिक होने से ललित से अधिक उम्मीदें पिछले दस साल से भारतीय टीम से जुड़े वाराणसी के अनुभवी फारवर्ड ललित अनुभवी खिलाड़ी है । टोक्यो ओलंपिक में मिले मौकों का ललित ने पूरा फायदा उठाया । टीम के एकजुट प्रदर्शन ने ही भारत को अरसे बाद कांस्य पदक दिलाया। चयन समिति ने टीम में एक बार फिर से टीम में ललित को शामिल किया है। प्रदेश के पहले राजपत्रित अधिकारी बनने वाले 30 वर्षीय स्टार फारवर्ड के खाते में 162 मैच हैं, जिसमें उन्होंने अभी तक 44 गोल दागे हैं। सभी को पेरिस में उनसे शानदार प्रदर्शन की उम्मीद है। राजकुमार को को ओलंपिक में यह पहला मौका मिला है । ऐसे में खुद को साबित करने के लिए उन पर दबाव भी होगा। राष्ट्रीय स्तर पर यूपी के प्रदर्शन में राजकुमार पाल ने हमेशा शानदार प्रदर्शन किया है। टीम को कई मौकों पर उन्होंने जीत भी दिलाई। मिडफील्डर के रूप में किए दमदार प्रदर्शन को देखते हुए भारतीय चयनकर्ताओं ने उन्हें टीम में मौका दिया। यहां उन्होंने चयनकर्ताओं को निराश नहीं किया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 48 बार देश का प्रतिनिधित्व कर चुके 26 वर्षीय खिलाड़ी दमदार प्रदर्शन कर रहे हैं । भारतीय हॉकी टीम के लिए मैच वह तुरुप का इक्का होंगे। किसी टीम के प्रदर्शन में मिडफील्डर की भूमिका सबसे अहम होती है और राजकुमार देश के बेहतरीन खिलाड़ियों शुमार हैं।

राजकुमार पाल।

ललित कुमार उपाध्याय।

चकबंदी लेखपाल व चपरासी पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- उप संचालक चकबंदी ने हजरतगंज कोतवाली में दिया प्रार्थना-पत्र

अमृत विचार: हजरतगंज कोतवाली में चकबंदी विभाग की पदस्थापन सूची को इंटरनेट में प्रसारित करने के मामले में बुधवार को लेखपाल व चपरासी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। प्रार्थना-पत्र उप संचालक चकबंदी मधु सूदन दूबे ने दिया है।

इंस्पेक्टर विक्रम सिंह के मुताबिक, उप संचालक ने बताया कि उप्र आयुक्त चकबंदी विभागाध्यक्ष कार्य के आधार पर प्रति वर्ष पदों की स्थापन करते हैं। वर्ष 2024-25 के लिए पदस्थापन की कार्यवाही की जा रही है। चकबंदी आयुक्त के अनुमोदन व बिना हस्ताक्षर के पदस्थापन की आवंटन सूची इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दी गई। मामले की जांच विभाग द्वारा की गई। जिसमेंचकबंदी लेखपाल अरुण और नजारत चपरासी संतोष का नाम सामने आया। वाट्सएप पर वायरल स्क्रीनशॉट भी मिले हैं। इंस्पेक्टर ने बताया जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

इलेक्ट्रिक वाहन के साथ रेवफिन के सीईओ समीर अग्रवाल।

रेवफिन ने जागृति यात्रा अभियान की शुरुआत की

अमृत विचार, लखनऊः भारत के प्रमुख डिजिटल लेंडिंग प्लेटफॉर्म रेवफिन ने बुधवार को गोमतीनगर के एक होटल से जागृति यात्रा अभियान की शुरुआत की। इस अभियान का उद्देश्य प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना है। साथ ही 2030 तक सरकारी विभागों में 100 प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहनों के इस्तेमाल के सरकार के प्रयासों का समर्थन करना भी है। सीईओ समीर अग्रवाल ने चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर में किए गए मजबूत निवेश और इलेक्ट्रिक वाहनों के विकास के उभरते अवसरों को प्रस्तुत किया।

परिजन ने ग्रामीणों के साथ सड़क पर युवक का शव रखकर किया प्रदर्शन

परिवारवालों ने प्रेमिका और प्रधान पर लगाया युवक की हत्या का आरोप

आक्रोश

- प्रेमिका से मिलने गये युवक का मंगलवार सुबह पेड़ से लटका मिला था शव

संवाददाता, सकरन/सीतापुर

अमृत विचार। रेउसा थाना इलाके में प्रेमिका से मिलने गये युवक का शव पेड़ से लटकता मिलने के मामले में 18 घंटे बाद भी पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए परिजनों ने सड़क पर शव रखकर परिजनों ने ग्रामीणों के साथ प्रदर्शन किया। परिजनों ने युवक की प्रेमिका व प्रधान पर हत्या कर शव लटकाये जाने का आरोप मंगलवार को लगाया था। पुलिस की हीला हवाली पर परिजन बुधवार को आक्रोश व्यक्त करते हुए सड़क पर आ गये। सूचना पर पहुंची कई थानों की फोर्स ने परिजनों से बातचीत कर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजनों ने हंगामा खत्म किया। शव के अंतिम संस्कार के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली।

ग्रामीणों के साथ प्रदर्शन करते पप्पू के परिजन। अमृत विचार

सकरन थाना क्षेत्र के ऊंचगांव निवासी पप्पू गौतम (40) पुत्र दीनबन्धु का शव मंगलवार की सुबह रेउसा थाना क्षेत्र के सोनावा गांव में आम के बाग में पेड़ से लटकता मिला था।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया था। युवक के परिजनों का आरोप है कि पंचनामा के समय पुलिस द्वारा उन्हें सूचना नहीं दी गयी थी। उसके बाद युवक के भाई रामनरेश ने रेउसा पुलिस को तहरीर देकर सोनावा गांव निवासी प्रधान व प्रेमिका पर पप्पू की हत्या कर शव लटकाये जाने का आरोप लगाया था।

परिजनों का आरोप है कि तहरीर के बावजूद रेउसा पुलिस द्वारा मुकदमा नहीं दर्ज किया गया। इसके बाद परिजनों ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगायी थी। बताया जाता है कि मंगलवार देर रात जब पप्पू का शव पोस्टमार्टम के बाद गांव पहुंचा तो बुधवार की सुबह परिजनों ने ऊंचगांव में शव रख कर प्रदर्शन किया।

परिजनों ने बताया कि जब तक दोनों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज नहीं किया जायेगा तब तक शव का अंतिम संस्कार नही होगा। ग्रामीणों के प्रदर्शन की सूचना पर रेउसा, सकरन, तम्बौर थानों की पुलिस गांव पहुंची तथा नाराज परिजनों को समझाने का प्रयास किया।

घंटों दोपहर दो बजे जब पुलिस ने मुकदमा दर्ज किए जाने की बात कही तब जाकर परिजन माने और हंगामा खत्म किया। मृतक के भाई ने प्रधान सोनावा महेन्द्र कुमार व प्रेमिका आरती के विरुद्ध रेउसा पुलिस को तहरीर दी। पुलिस के आश्वासन के बाद परिजनों ने प्रदर्शन खत्म कर शव का अंतिम संस्कार किया। प्रभारी निरीक्षक रेउसा घनश्याम राम ने बताया कि मृतक के भाई की तहरीर पर महेन्द्र व आरती के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की तफ्तीश की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और बयानों के आधार पर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

घर में घुसकर तोड़फोड़ करने वाले 11 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

शाहाबाद, हरदोई

अमृत विचार। कोतवाली के मोहल्ला खेड़ा बीबीजई में युवक के ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा चढ़ावे का जेवर रख लेने, मारपीट करने एवं घर में घुसकर तोड़ फोड़ करने का मामला प्रकाश में आया है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने 11 आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

कोतवाली के मोहल्ला खेड़ा बीबीजई निवासी सिराजुद्दीन ने बताया उसका विवाह जेबा रानी पुत्री हनीफ निवासी मिशन फील्ड थाना रामचंद्र मिशन शाहजहांपुर के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के साथ संपन्न हुआ था। वह विवाह में चढ़ाने के लिए कीमती जेवर और दो लाख रुपए नगद लेकर गया था। ससुराल वालों ने विवाह के बाद दोबारा वापसी पर जेवर अपने पास रोक लिया और उसकी पत्नी की विदाई भी नहीं की। उसने बहुत पंचायतें डलवाई सुलह होकर विदाई करवाने के लिए। हारकर उसने न्यायालय में 15 मई 2023 को विदाई को मुकदमा डाला था, जो विचाराधीन है। ससुराली जनों को जब विदाई के मुकदमे की जानकारी हुई तो उन्होंने गुस्से में आकर 25 फरवरी 2024 को रात में 11 बजे उसके घर में जबरदस्ती घुसकर गाली गलौज कर मारपीट की, जिससे उसे काफी चोटें आई थी। घर में तोड़फोड़ की। उसकी पत्नी जेबा रानी,ससुर हनीफ, सास सलमा, साले नईम,वसीम, आसिम, नदीम, मोहम्मद नवी, सलीम,साली चांदनी और अर्शी ये लोग चार पहिया गाड़ियों से आए और उसका व उसकी मां का मोबाइल लूट लिया, घर का सामान तोड़ दिया और धमकी देकर चले गए। उसने घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी थी। कोई कार्रवाई न होने पर वह न्यायालय की शरण में गया।

शुगर मिल के अधिकारी की ट्रेन में हुई मौत

हरदोई, अमृत विचार : दिल्ली से नौचंदी एक्सप्रेस पर सवार हो कर वापस लौट रहे तिपोना शुगर मिल के अधिकारी की ट्रेन में ही तबियत बिगड़ गई। आनन-फानन में उन्हें मेडिकल कालेज ले जाया गया,लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही मौत हो गई। पुलिस इस सारे मामले की गहराई से छानबीन कर रही है।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942

केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट

- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

भैंस चोरों के गिरोह का किया पर्दाफाश

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। कछौना कोतवाली के समसापुर निवासी पंकज सिंह ने पुलिस को दी तहरीर मे.कहा था कि मंगलवार की रात उसके दरवाज़े पर बंधी भैंस चोरी हो गई। बुधवार को तहरीर मिलते ही एसएचओ कछौना राकेश कुमार अपनी टीम के साथ छानबीन करने में जुट गए,उसी बीच उन्हे सुराग़ लगा कि भैंस चोरी करने वाले बालामऊ की तरफ गए है। जिस पर पुलिस टीम ने कलौली-गौसगंज रोड पर डबल नहर पुल के आस-पास घेराबंदी कर दी। उसी बीच वहां बाइक और पिकअप लिए खड़े लोग पुलिस को देखते ही भागने लगे। जिन्हें चारों तरफ से घेर कर पकड़ लिया गया। पुलिस की पकड़ में आने वाले सचिन यादव निवासी चकपुरवा कोतवाली बिलग्राम, उसका भाई विष्णु यादव, किश्वर निवासी जमुरा थाना मझिला, रोहित रावत निवासी जलालपुर कोतवाली सण्डीला और सण्डीला कोतवाली के ही करना टिमरुख निवासी सद्दाम के पास से 35 हज़ार 950 रुपये, चोरी की भैंस, एक पिकअप, बाइक के अलावा तीन तमंचे और तीन कारतूस बरामद किए हैं। उन्होंनें पुलिस से हुई पूछताछ में बताया कि उनका गिरोह भैंस चोरी कर उन्हे बेंचने का धंधा करते है,उन्होंनें कई भैंस चोरियों को कुबूल किया।

दोबारा की गई जांच, क्या बड़ों पर आएगी आंच

बर्खास्त कर्मी ने खड़े किए सवाल, कहा- दूसरों को बचाने के लिए दबाव में की गई कार्रवाई

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। डेड बाडी से लूट करने के आरोप में बर्खास्त कर्मी अपनी बेगुनाही साबित करने के लिए इधर-उधर भटक रहा है। उसका कहना है कि दूसरो को बचाने के लिए दबाव में कार्रवाई की गई। उसका वीडियो वायरल होने के बाद अर्लट मोड में आए सीएमओ ने दोबारा जांच के आदेश दिए है। ऐसे में सवाल उठ रहें है कि क्या दोबारा की गई जांच में किसी बड़े पर कोई आंच आएगी,या फिर पहले की तरह किसी दूसरे वार्ड ब्वाय या स्वीपर पर गाज गिरेगी ? बुधवार को सीएमओ ऑफिस में सारे दिन चक-चक मची रही।

फालोअप

बताते चले कि पोस्टमार्टम हाउस में डेड बाडी के साथ लूट करने के आरोप में बर्खास्त किए गए वार्ड ब्वाय रूपेश पटेल ने मंगलवार को वीडियो वायरल कर अपने को बेगुनाह बताया और सीएमओ को चैलेंज किया कि मामले की सही तरीके से जांच हो,9 अप्रैल के सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले जाए। उसका कहना था कि सीएमओ ने दूसरों को बचाने के लिए दबाव में इस तरह की कार्रवाई की। वीडियो वायरल होने के बाद अलर्ट मोड में आए सीएमओ डा.रोहिताश्व कुमार ने दोबारा जांच कराने के दिए,जिस पर बुधवार को नोडल अधिकारी डा.पकंज मिश्रा, अहिरोरी सीएचसी अधीक्षक डा.मनोज सिंह पोस्टमार्टम हाउस पहुंचें और वहां तैनात कर्मियों के दोबारा बयान लिए। बर्खास्त कर्मी रूपेश पटेल ने पहले की जांच को मिली भगत का नतीजा बताया था,उसका कहना है कि जिनके इशारे पर ऐसा होता था,उन्हे बचा लिया गया। लोगों का कहना है कि दोबारा कराई जा रही जांच में कुछ होगा या फिर दिखावे के तौर पर की जा रही है।

हवा में उड़ गया शाम को रिपोर्ट आने का दावा

सीएमओ ने बुधवार की शाम को ही दोबारा जांच कराने की रिपोर्ट शाम तक आने का दावा किया था,लेकिन जब इस बारे में उनसे पूछा गया कि रिपोर्ट में क्या आया ? सीएमओ बोले रिपोर्ट नहीं आई,क्यों कि फार्मासिस्ट पकंज सचान को बयान के लिए तलब किया था,लेकिन उनके न आने से जांच अधूरी रह गई।

कलेक्ट्रेट के इर्द-गिर्द दिखाई दिया था फार्मासिस्ट

सीएमओ जिस फार्मासिस्ट के बयान के बिना जांच अधूरी बताई,वही फार्मासिस्ट बुधवार को सारे दिन कलेक्ट्रेट के इर्द-गिर्द दिखाई दिया। बताते है कि तूल पकड़ते डेड बाडी से लूट के मामले से अपना बचाव करने के लिए सेटिंग-गेटिंग की कोशिश में सारे दिन इधर से उधर टहलता रहा।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज

- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

एक नजर

चोरों का गिरोह पकड़ा गया, आठ लोग गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : पुलिस ने चोरी की साजिश रच रहे बड़े गिरोह का पर्दाफाश कर आठ शातिरों को गिरफ्तार कर लिया। इसमें एक नाबालिग भी शामिल है। स्वाट, सर्विलांस व शहर कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने मध्य प्रदेश निवासी अरकाश, अजय कुमार, जलबाज, खेलवर, संजू, एलवर, अर्जुन, जरकास को ओबरी जंगल से गिरफ्तार कर लिया। इसके पास से चंदन की लकड़ी के चार बोटे, 590 ग्राम स्मैक, एक तमंचा, तीन कारतूस, तीन चाकू, आरी, नकब लगाने का उपकरण, चांदी की सिल्ली व अन्य चोरी की गई वस्तुएं बरामद कीं।

प्रतियोगिता में कमिश्नरेट लखनऊ का रहा दबदबा

बाराबंकी, अमृत विचार : स्थानीय पुलिस लाइंस में चल रही दो दिवसीय लखनऊ जोन की 29वीं अंतर्जनपदीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का बुधवार को समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में लखनऊ जोन के 11 जिलों की टीमों ने हिस्सा लिया। खेल प्रतियोगिता के दूसरे दिन महिला कुश्ती प्रतियोगिता में लखनऊ कमिश्नरेट टीम को पहला तो वहीं बाराबंकी टीम को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। पुरुष प्रतियोगिता में भी लखनऊ कमिश्नरेट ने बाजी मारते हुए पहला स्थान अर्जित किया तो वहीं बाराबंकी दूसरे स्थान पर रहा। इसी तरह महिला बॉक्सिंग प्रतियोगिता में लखनऊ कमिश्नरेट को पहला तो बाराबंकी को दूसरा स्थान मिला। जबकि पुरुष बॉक्सिंग में लखनऊ कमिश्नरेट को पहले तथा बाराबंकी को दूसरा स्थान मिला। पुरुष आर्म रैसलिंग प्रतियोगिता में अंबेडकर नगर टीम ने पहला स्थान अर्जित किया जबकि लखनऊ कमिश्नरेट के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए इस प्रतियोगिता में भी दूसरा स्थान अर्जित किया।

कोठी थाने में प्रशिक्षु दरोगा ने गोली मारकर दी जान

संवाददाता, कोठी, बाराबंकी

अमृत विचार : कोठी थाना परिसर में अपने कमरे में बुधवार की देर शाम एक प्रशिक्षु दरोगा ने सर्विस रिवॉल्वर से अपनी कनपटी में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। दरोगा के कमरे से सुसाइड नोट भी मिला है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक दरोगा माइग्रेन बीमारी से ग्रसित था। मौके पर पहुंचे एसपी दिनेश कुमार सिंह ने जांच की। कानपुर के मूल निवासी अरुण कुमार यादव (30) कोठी थाने में प्रशिक्षु दरोगा के पद पर तैनात थे। 2023 बैच के दरोगा अरुण कुमार यादव अविवाहित थे। बुधवार की शाम देर तक वह थाना परिसर स्थित अपने कमरे से बाहर नहीं निकले तो पुलिसकर्मी देखने पहुंचे। खिड़की से झांकने पर अंदर दरोगा का शव दिखा। दरोगा ने खुद को गोली मार ली थी। सूचना पाकर एसपी दिनेश कुमार सिंह समेत सभी पुलिस अधिकारी थाने पर पहुंच गए।

जांच कर की जा रही है कार्रवाई

उपनिरीक्षक अरुण कुमार यादव पुत्र सुरेन्द्र सिंह कोठी थाने में प्रशिक्षु दरोगा थे। प्रशिक्षु उपनिरीक्षक विशेष कुमार उनके साथ ही कमरे में रहते थे। काफी देर तक अरुण के कमरे का दरवाजा न खुलने पर विशेष ने सूचना दी तो थाने के सभी पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। दरवाजा तोड़कर कमरे में प्रवेश किया गया तो अरुण मृत मिले। दाहिनी कनपटी पर गोली लगना पाया गया। सुसाइड नोट मिला, जिसमें खुद को माइग्रेन की पीड़ा से ग्रसित होने के कारण आत्महत्या करना पाया गया। जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

-डॉ. अखिलेश नारायण सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी।

टेंडर प्रक्रिया में मनमानी पर संभागीय खाद्य नियंत्रक सस्पेंड

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार: मनमानी तरीके से टेंडर कराने के मामले में देवीपाटन मंडल के संभागीय खाद्य नियंत्रक सरयू प्रसाद को शासन के आदेश पर निलंबित कर दिया गया है। खाद्य रसद आयुक्त सौरभ बाबू ने यह कार्रवाई की है। उनके खिलाफ विभागीय जांच के भी आदेश दिए गए हैं। खाद्य नियंत्रक के खिलाफ की गयी इस कार्रवाई को शासन के भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस नीति से जोड़कर देखा जा रहा है।

देवीपाटन मंडल में संभागीय खाद्य नियंत्रक के पद पर तैनात सरयू प्रसाद पर खाद्य विभाग के ठेकेदारों ने मनमानी तरीके से टेंडर प्रक्रिया करने का गंभीर आरोप लगाया था। पूर्व मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्रा ने अपर आयुक्त देवीपाटन मंडल से पूरे मामले की जांच कराई थी। जांच में संभागीय खाद्य नियंत्रक सरयू प्रसाद दोषी पाए गए थे। जिसको लेकर के पूर्व कमिश्नर योगेश्वर राम मिश्रा ने अपनी जांच रिपोर्ट खाद्य आयुक्त उत्तर प्रदेश को भेजी थी। पूर्व कमिश्नर योगेश्वर राम मिश्रा की रिपोर्ट के 28 दिन बाद संभागीय खाद्य नियंत्रक को निलंबित कर दिया।

कार्यालय ग्राम पंचायत बनवा, विकास खण्ड हलिया मीरजापुर

पत्रांक: मेमो/ग्रा0पं0 निविदा सत्र 2024–25 दिनांक 26.06.2024

निविदा सूचना

ग्राम पंचायत बनवा, विकास खण्ड हलिया मीरजापुर में वित्तीय वर्ष 2024–25 में पंचम रा0वित्त/15वां केन्द्रीय वित्त/मनरेगा योजना अन्तर्गत/स्वच्छ भारत मिशन, SLWM फेज–2 के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यो के लिए निम्नलिखित कार्यो सी0सी0 रोड, इण्टरलांकिग खड़ंजा, नाली, पुलिया, बाउन्ड्री वाल, हैण्डपम्प मरम्मत, प्लेटफार्म एवं शौचालय, सोख्ता, गड्ढा, आर0सी0सी0 सेन्टर, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र, आर0जी0एस0ए0 व अन्य मदो/योजना अन्तर्गत निर्माण हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्री क्रय हेतु/आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। जैसे ईट 150 एमएम प्रथम श्रेणी, सीमेंट प्रति बोरी, मोटी बालू, महीन बालू प्रति घनमी0, गिट्टी 22.4, 63 एमएम, डालाग्रीट 19 एमएम, सरिया, आयरन, स्टील, टीनशेड, ह्यूम पाइप, 150एमएम से 450 एमएम, ह्यूम पाइप कालर, पटिया एवं पटिया दाब प्रति नग, कोटा स्टोन/स्टोन बोल्डर, डाला डस्ट मोरम, जी0एस0बी0 प्रति घनमी0, इण्टरलांकिग ईट, कंकीट, ब्रेच, साईन बोर्ड, स्ट्रीट लाइट/सोलर लाइट, एस्वेस्टशीट/ टीशेड, कूड़ा गाड़ी, ई–उचयरिक्शा, सगड़ी, हैण्डपम्प सामग्री, सबमर्सिबल, टाइल्स, फलाइबुड/डस्टबीन, कोविड कीट, स्वच्छता कीट, पी0वी0सी0 पाईप, जी0आई0 पाईप, हैण्डपम्प रिबोर, विद्युत सामग्री, फर्नीचर वाल राइटिंग इत्यादि का आपूर्ति कार्य स्थल पर करने हेतु दरें आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता अपने लेटर हेड पर संलग्न बन्द लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 27.06.2024 से दिनांक 28.06.2024 तक निविदा प्रस्तुत कर सकते है तथा जो दिनांक 28.06.2024 को अपराह्न 3.00 बजे से कय समिति/निर्माण समिति के सदस्यो के समक्ष स्वीकृति हेतु खोली जायेगी। निविदा के शर्ते एवं आवेदन पत्र सम्बन्धित ग्राम पंचायत कार्यालय से प्रात: 10.00 बजे से 3.00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है।

इन्द्र बहादुर बिन्द
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत बनवा
विकास खण्ड हलिया मीरजापुर

राजेन्द्र प्रसाद
ग्रा0वि0अ0/ग्रा0पं0अ0/सचिव
ग्राम पंचायत बनवा
विकास खण्ड हलिया मीरजापुर

संजय सिंह के मामले में आरोपी फिरोज को जेल

सुलतानपुर, अमृत विचार: खराब बिजली व्यवस्था को लेकर रोड जाम, सरकारी काम में बाधा, पुलिस कर्मियों से अभद्रता और अन्य आरोपों में फरार रहे खैराबाद निवासी मो. फिरोज को एमपी एमएलए कोर्ट ने बुधवार को जेल भेज दिया। सांसद संजय सिंह तथा अन्य पर विचाराधीन केस की सुनवाई के दौरान कई आरोपियों के हाजिर नहीं आने पर कोर्ट ने वारंट जारी किया था। इसी मामले में फिरोज ने हाजिर होकर वारंट निरस्त करने की अर्जी कोर्ट में दी, जिसे विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने खारिज कर दिया और जेल भेजा।

गर्भगृह में पानी की एक भी बूंद नहीं टपकी

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : श्रीराम मंदिर परिसर में बारिश के पानी के आने के बाद से बढ़ी रार कम होने का नाम नहीं ले रही है। मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास के आरोपों के बाद लगातार सफाई देने का क्रम जारी है। मंदिर निर्माण समित के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र के बाद बुधवार को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने भी सफाई में बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि गर्भगृह में जहां रामलला विराजमान हैं, वहां एक भी बूंद पानी छत से नहीं टपका है और न ही कहीं से पानी गर्भगृह में प्रवेश हुआ है। गर्भगृह के आगे पूर्व दिशा में गूढ़ मंडप है। वहां मंदिर के द्वितीय तल की छत का कार्य जो भूतल से लगभग 60 फीट ऊंचा घुम्मट जुड़ेगा और मंडप की छत बंद हो जाएगी। जिसको अस्थायी रूप से प्रथम तल पर ही ढक कर दर्शन कराये जा रहे हैं। चंपत राय के मुताबिक पत्थरों से बनने वाले मंदिर में बिजली के कन्ड्युट व जंक्शन बॉक्स का कार्य छत के ऊपर होता है, जिसे छेद करके नीचे उतारा जाता है। मंदिर के भूतल के छत की लाइटिंग होती है। प्रथम तल पर बिजली, वाटर प्रूफिंग व फ्लोरिंग का कार्य प्रगति पर है।

चंपत राय, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव

उत्तर भारत में नागर शैली का होगा पहला मन्दिर

चंपत राय ने बताया कि लोहे का उपयोग किए बिना केवल पत्थरों से उत्तर भारतीय नागर शैली में मंदिर का निर्माण हो रहा है। केवल देश विदेश में स्वामी नारायण परंपरा के मंदिर पत्थरों से बने हैं। प्राण प्रतिष्ठा के बाद से लगभग एक लाख से अधिक भक्त प्रतिदिन दर्शन कर रहे हैं। उन्होंने बताया है कि सुबह 6.30 से रात्रि 9.30 बजे तक दर्शन के लिए प्रवेश होता है। मंदिर में मोबाइल ले जाना प्रतिबंधित है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद लखीमपुर–खीरी (उ0प्र0 262701)

पत्रांक: 109/जमनिर्माण/एम0बी0एल0/2024–25 दिनांक 26.06.2024

पुन : अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग / राज्य सरकार/ केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभागों में विभिन्न श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से 32KLD FSTP के रख–रखाव एवं संचालन कार्य हेतु दिनांक 26.06.2024 सायं 05:00 बजे से दिनांक 08.07.2024 अपरान्ह 02:00 बजे तक प्रतिशत दर के आधार पर ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता वेबसाइट http://etender.up.nic.in के माध्यम से निम्न विवरणानुसार निविदा में प्रतिभाग कर सकते है।

1. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि– 27.06.2024 सायं 05:00 बजे से
2. ई–निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि– 08.07.2024 अपरान्ह 02:00 बजे तक
3. ई–निविदा के माध्यम से टेक्निकल बिड निविदा खोलने की तिथि 09.07.2024 अपरान्ह 04:00 बजे।
4. फाइनेन्शियल बिड टेक्निकल बिड स्वीकृत होने के उपरान्त खोली जायेगी।

निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज 10 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखे। अधिक जानकारी व शर्तो के लिए कृपया वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉगिन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

संजय कुमार
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद,
लखीमपुर।

डा0 इरा श्रीवास्तव
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद,
लखीमपुर।

अयोध्या की सुरक्षा व्यवस्था को समझने आया हूं : एडीजी जोन

अयोध्या,कार्यालय

अमृत विचार। नवागत एडीजी जोन एसबी शिरोडकर ने बुधवार को कहा कि अयोध्या की सुरक्षा व्यवस्था को समझने आया हूं। इसे और बेहतर कैसे किया जा सकता है, इस पर अधिकारियों के साथ बैठक कर मंथन किया है। आवश्यक हिदायत दी है। वो पुलिस लाइंस सभागार में राजपत्रित अधिकारियों के साथ कानून व्यस्था की समीक्षा बैठक करने के बाद पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। इसके बाद राममंदिर परिसर समेत क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और दर्शन-पूजन कर लखनऊ लौट गए।

समीक्षा बैठक के बाद एडीजी जोन एसबी शिरोडकर और आईजी प्रवीण कुमार।

इस मौके पर आईजी प्रवीण कुमार, एसएसपी राजकरन नैय्यर समेत सभी राजपत्रित अधिकारी मौजूद रहे।

रामजन्मभूमि परिसर और अयोध्या क्षेत्र के स्थलीय निरीक्षण तथा सुरक्षा व्यवस्था व श्रद्धालुओं के सुविधाओं की जानकारी हासिल करने के साथ एडीजी ज़ोन ने परिसर में ट्रस्ट व सुरक्षा से जुड़े अधिकारियों के साथ बैठक की। कहा राममंदिर की सुरक्षा को यंत्र खरीद की प्रक्रिया जारी है। ट्रस्ट से भी कुछ उपकरण खरीदने का अनुरोध किया गया था, ट्रस्ट ने एक डी थर्ड ड्रोन की खरीद का अनुरोध स्वीकार किया है। आगे भी उपकरण खरीद जाएंगे। इस तरह की व्यवस्था की जाएगी, जिससे श्रद्धालुओं को असुविधा न हो। श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पतराय ने बताया कि टाटा के अधिकारियों ने स्क्रीन के माध्यम से राम मंदिर निर्माण की तकनीकी जानकारी दी।

भाजपा विधायक समेत छह पर समन जारी

सुलतानपुर, अमृत विचार: बीते विधानसभा चुनाव के दौरान बिना अनुमति जन सभा कर प्रचार आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने के आरोपों में एमपी-एमएलए कोर्ट के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने लंभुआ भाजपा विधायक सीताराम वर्मा समेत छह आरोपियों पर समन जारी किया है। अभियोजन पक्ष के मुताबिक 23 फरवरी 2022 को विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान सीताराम वर्मा ने लंभुआ क्षेत्र केशवपुर महात्मा गांधी मनरेगा खेलकूद मैदान ग्राम खड़ुआन में बिना प्रशासन की अनुमति के चुनावी सभा की थी।

पूर्व भाजपा विधायक के मामले में नहीं हुई गवाही

सुलतानपुर : भाजपा की पूर्व विधायक गरिमा सिंह व उनके पुत्र अनंत विक्रम सिंह के आचार संहिता उल्लंघन के मामले में अभियोजन के साक्ष्य के लिए तत्कालीन कांस्टेबल पंकज द्विवेदी को तलब किया था पर वे गवाही देने बुधवार को नही आये।

डंपर से भिड़ी कार सिविल इंजीनियर की गई जान

घाटमपुर (कानपुर), अमृत विचार: सजेती थाना क्षेत्र के अनूपुर मोड़ के पास सड़क हादसे में एक सिविल इंजीनियर की मौत हो गई। तेज रफ्तार कार सामने से आ रहे डंपर में जा घुसी, जिससे कार चला रहे सिविल इंजीनियर की जान चली गई। हमीरपुर हाईवे पर सजेती थाना क्षेत्र के अनूपुर मोड़ के पास मंगलवार की सुबह ओवरटेक करने के दौरान तेज रफ्तार कार सामने से आ रहे डंपर में टकरा गई, जिससे कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने हालत चिंताजनक देखते हुए हैलट कानपुर रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

पानी बढ़ा तो गंगा में खोल दिया सीसामऊ नाला

कानपुर, अमृत विचार : शहर में बुधवार को हुई तेज बारिश के बाद शहर के बड़े नालों में उफान आ गया। सीसामऊ नाला ओवरफ्लो हो गया। वहीं, नाले में पानी का लोड बढ़ने की वजह से भैरोघाट एसपीएस में आपातकाल में पानी को गंगा में ही गिराना पड़ा। इस दौरान करोड़ों लीटर सीवेज और वर्षा जल गंगा में गिरता रहा। बरसात के पानी को शहर से बाहर निकालने के लिये दूसरे चैनलों को भी खोलना पड़ा। अमृत विचार

कार्यालय नगर पालिका परिषद हाटा (कुशीनगर)

पत्रांक : 245(III)/न0पा0प0हाटा/2024–25 दिनांक – 26.06.2024

निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ सर्वेक्षण–2024 के दृष्टिगत् नगरपालिका परिषद हाटा (कुशीनगर) में राज्य वित्त आयोग / निकाय निधि की धनराशि से पूर्व में विभिन्न वार्डो में निर्मित सामुदायिक/सार्वजनिक शौचालयों का मरम्मत आदि कार्य कराया जाना है। लोक निर्माण विभाग/नगर पालिका परिषद/आदि के पंजीकृत ठीकेदारों से मुहरबंद निविदाएं दिनाँक 29.06.2024 को दिन में 1 बजे तक निकाय कार्यालय पर आमंत्रित की जाती है और उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा फार्म के साथ अर्नेस्टमनी एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद हाटा (कुशीनगर) के नाम से बंधक होगा अथवा कार्यालय में एम0ए0सी0–5 पर नगद धनराशि जमा करके रसीद संलग्न करना आवश्यक होगा। अधोहस्ताक्षरी को बिना कोई कारण बताये किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्णत: निरस्त करने का अधिकार होगा। निर्माण कार्य की गुणवत्ता का विनिश्चियन लोक निर्माण विभाग द्वारा कराने के उपरान्त ही भुगतान किया जायेगा। निविदा से सम्बंधित नियम व शर्तो की समस्त जानकारी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	आगणन की धनराशि (लाख रू0 में)	अर्नेस्ट मनी	निविदा प्रपत्र मूल्य कर सहित	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	निर्माण / मरम्मत फर्श, टाईल व पेन्टिग कार्य सार्वजनिक शौचालय वार्ड न0–01, बाघनाथ (पिंक शौचालय)	8.11	40550	850	एक माह
2	निर्माण / मरम्मत फर्श, टाईल व पेन्टिग कार्य सामुदायिक शौचालय वार्ड न0–09 मस्जिदियां	3.29	16450	350	एक माह
3	निर्माण / मरम्मत फर्श, टाईल व पेन्टिग कार्य सामुदायिक शौचालय वार्ड न0–11 पटना मिश्रौली	9.81	49050	1000	एक माह
4	निर्माण / मरम्मत फर्श, टाईल व पेन्टिग कार्य सामुदायिक शौचालय वार्ड 14 करमहा उग्रसेन	7.89	39450	800	एक माह
5	निर्माण / मरम्मत फर्श, टाईल व पेन्टिग कार्य सामुदायिक शौचालय वार्ड न0–16 भड़गंवा	9.77	48850	1000	एक माह
6	निर्माण / मरम्मत फर्श, टाईल व पेन्टिग कार्य सामुदायिक शौचालय वार्ड न0–19, आजाद नगर	9.94	49700	1000	एक माह
7	निर्माण / मरम्मत फर्श, टाईल व पेन्टिग कार्य सामुदायिक शौचालय वार्ड न0–20, मदरहां	9.42	47100	950	एक माह
8	निर्माण / मरम्मत फर्श, टाईल व पेन्टिग कार्य सार्वजनिक शौचालय तहसील प्रांगण, वार्ड न0–21, गांधीनगर	5.93	29650	600	एक माह
9	निर्माण / मरम्मत फर्श, टाईल व पेन्टिग कार्य सामुदायिक शौचालय वार्ड न0–22, बेलवनिया	8.62	43100	850	एक माह
10	निर्माण / मरम्मत फर्श, टाईल व पेन्टिग कार्य सार्वजनिक शौचालय सी0एच0सी0 हाटा में वार्ड न0–25, इन्दिरानगर	0.82	4100	100	एक माह

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद हाटा
(कुशीनगर)

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद हाटा
(कुशीनगर)

रामपथ फिर धंसा, गड्ढों में तब्दील हो गईं प्रमुख सड़कें

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: जिले में बुधवार सुबह तीन बजे के बाद तेज गरज के साथ देर तक बारिश हुई। करीब पौने आठ सौ करोड़ रुपये से बना रामपथ फिर धंस गया। अयोध्या से फैजाबाद तक कई प्रमुख सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए। सीवर लाइन के बगल की मिट्टी धसक गई। विकास की असलियत सतह पर आ गई। यातायात बाधित हुआ। पुलिस का बैरियर लगा। मरम्मत के लिए जेसीबी, ट्रैक्टर-ट्रॉली और मजदूर सड़क पर आ गए। कोशिश रही कि गड्ढों पर जल्द से जल्द पर्दा गिर जाए। जिले में सुबह करीब तीन बजे तेज गरज के साथ बारिश शुरू हुई तो शहर सो रहा था। नींद से जागा तो तस्वीर फिर बदली दिखी। घर से बाहर निकलने में सोचना पड़ा। पहली बारिश के दौरान रामपथ धंसने के बाद उपजा डर सतह पर आ गया।

स्टेशन रोड स्थित स्टेट बैंक के बगल धंसी सड़क को पाटने के लिए गई ट्रॉली भी धंसी।

तेजी से हो रहा ब्रॉडगेज लाइनों का विद्युतीकरण

संवाददाता, नई दिल्ली

अमृत विचार: उत्तर पश्चिम रेलवे पर पर्यावरण अनूकुल रेल संचालन को ब्रॉडगेज लाइनों का विद्युतीकरण कार्य तीव्र गति से चल रहा है। वर्ष 2023-24 में 1127 किमी ब्रॉडगेज लाइनों का विद्युतीकरण पूर्ण किया गया। अब तक कुल 5145 किमी. रेलमार्ग का विद्युतीकरण हो चुका है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार जीएम अमिताभ के निर्देशन में विद्युतीकरण कार्य तेजी से हो रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे पर 160 जोड़ी रेल सेवाएं विद्युत ट्रेन पर संचालित की जा रही है। इस वर्ष अब तक सरूपसर-अनूपगढ़ 51 किमी रेलमार्ग का विद्युतीकरण कार्य पूरा किया गया है। वर्तमान में उत्तर पश्चिम रेलवे पर बिच्छीवाडा-जगबोर 13 किमी, जैसलमेर-आशापुर गोमट 106 किमी, फुलेरा-मकराना 65 किमी, दौसा-गंगापुर सिटी 93 किमी व थयात हमीरा-सोनू 56 किमी रेलमार्गों का कार्य प्रगति पर है। सभी रेलमार्गों के विद्युतीकरण होने से ट्रेनों की रफ़्तार बढ़ेगी जिससे यात्रा समय में बचत होगी साथ ही सुविधा भी मिलेगी।

निषेवते प्रशस्तानी निन्दितानी न सेवते ।
अनास्तिक : श्रद्धान एतत् पण्डितलक्षणम् ॥

सद्गुण, शुभ कर्म, भगवान् के प्रति श्रद्धा और विश्वास, यज्ञ, दान, जनकल्याण आदि, ये सब ज्ञानीजन के शुभ-लक्षण होते हैं।

संपादकीय

फिर उठा कश्मीर मुद्दा

पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। उसने संयुक्त राष्ट्र महासभा में फिर कश्मीर का मुद्दा उठाया। महत्वपूर्ण है कि हर बार की रह इस बार भी उसे मुंह की खानी पड़ी। भारत ने कश्मीर का जिक्र किए जाने वाले पाकिस्तान के बयान को झूठा और निराधार बताया है। भारत ने कहा कि पाकिस्तान ने इस मुद्दे को उठाकर मंच का दुरुपयोग किया है। कश्मीर का मुद्दा संयुक्त राष्ट्र में चर्चा का विषय नहीं था, इसलिए पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि मुनीर अकरम इसे बार-बार फिलिस्तीन से जोड़ने की कोशिश कर रहे थे। मंगलवार को भी उन्होंने ऐसा ही किया, लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ। पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र के विभिन्न मंचों पर जम्मू कश्मीर के मुद्दे को नियमित रूप से उठाता रहता है। इससे पहले पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया था। संयुक्त राष्ट्र में प्रथम सचिव अनुपमा सिंह ने जवाब देते हुए पाकिस्तान के अल्पसंख्यकों के दमन और आतंकवाद का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की उपलब्धि दुनिया में आतंक का सबसे बड़ा निर्यातक होना है। इसी साल फरवरी में पाकिस्तान के साथ तुर्की ने कश्मीर का मुद्दा उठाया था। तब भारत ने उसे आंतरिक मामलों में दखल न देने को कहा था।

गौरतलब है कश्मीर विवाद भारत और पाकिस्तान के बीच 1947 से जारी है। भारत में विलय के लिए विलय-पत्र पर दस्तखत किए थे। गवर्नर जनरल माउंटबेटन ने 27 अक्टूबर को इसे मंजूरी दी। विलय-पत्र का खाका वही था जिसका भारत में शामिल हुए अन्य सैकड़ों रजवाड़ों ने अपनी-अपनी रियासत को भारत में शामिल करने के लिए उपयोग किया था। इस वैधानिक दस्तावेज पर दस्तखत होते ही समूचा जम्मू और कश्मीर, जिसमें पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाला क्षेत्र भी शामिल है, भारत का अभिन्न अंग बन गया। भारत का कहना है कि कश्मीर का मुद्दा और दूसरे सभी विवाद दोनों देशों के बीच 1972 के शिमला समझौते के तहत द्विपक्षीय मामले हैं। इसके अलावा कश्मीर में जनमत संग्रह के लिए सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव पर इस्लामाबाद एक महत्वपूर्ण बात की अनदेखी करता है कि उसे पहले कश्मीर के सभी क्षेत्रों से हटना होगा, जिस पर उसने कब्जा कर रखा है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में पाकिस्तान ने कश्मीर का मुद्दा ऐसे समय में उठाया है जब सिंधु जल संधि के तहत पाकिस्तान का प्रतिनिधिमंडल जम्मू कश्मीर आया हुआ है। दरअसल पाकिस्तान अपने घरेलू मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मंचों से जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाता है। जम्मू-कश्मीर हमेशा से भारत का अभिन्न हिस्सा रहा है और रहेगा। कोई भी दुष्प्रचार इस तथ्य को बदल नहीं सकता।

वैज्ञानिक सामर्थ्य से काबू होता है भीषण गर्मी का मिजाज



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

भारत में छः ऋतुओं में से गर्मी, सर्दी और बरसात के दिनों में अगर ऋ तु प्रभाव अत्यधिक से भी आगे की श्रेणी में है तो इसके प्रतिकूल फिजियोग्राफिक प्रभाव धरती को झेलने पड़ते हैं। इन कुप्रभावों से मनुष्य और जीव-तंतुओं की प्राणरक्षा की जिम्मेवारी राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (राआप्रप्रा) की है।

150 वर्ष के भीतर हर तीन साल के अंतराल से भारत में हीट-वेव और दस साल के अंतराल से हीट-वेव के कारण 50 डिग्री सेल्सियस चरम को छूने के रिकॉर्ड मौजूद हैं। शरीर का हीट-वेव एक्सपोजर होने से लाखों लोग एक सदी के भीतर मरे हैं या अपंग हुए हैं। मौसम की विशाल मशीनरी पर न केवल निरंतर नज़र रखने की जरूरत है,बल्कि इस बारे में जो भी स्टेटिस्टिकल डेटा जुटाया गया है। उसके विश्लेषण से 'प्रीडिक्टिव मॉडल्स' विकसित किए गए हैं। इन मॉडल्स के आधार पर अभी तक सिर्फ 'शॉर्ट टर्म लोकल वेदर' का ही पूर्वानुमान लगाना संभव है। पृथ्वी के विशाल भू-भाग के लिए दीर्घकालीन अनुमान लगाए जाने के लिए स्टेटिस्टिकल मॉडल्स भी विकसित किए गए हैं,लेकिन इनकी 'प्रीडिक्टिव रिलाएब्लिटी' और 'एफिशिएंसी' अभी अनिश्चित है। उपग्रहों से पृथ्वी के टेम्परेचर चार्ट्स या नक्शे हर तीन घंटा बाद तैयार होते हैं। इस एटलस में जर्रा भर परिवर्तन महसूस किए जाने के तुरंत बाद अनापेक्षित घटना की तैयारी के लिए भारत का आपदा प्रबंधन तंत्र सक्रिय हो जाता है।

भारत में छः ऋतुओं में से गर्मी, सर्दी और बरसात के दिनों में अगर ऋतु प्रभाव अत्यधिक से भी आगे की श्रेणी में है तो इसके प्रतिकूल फिजियोग्राफिक प्रभाव धरती को झेलने पड़ते हैं। इन कुप्रभावों से मनुष्य और जीव-तंतुओं की प्राणरक्षा की जिम्मेवारी राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (राआप्रप्रा) की है। इसका एडमिनिस्ट्रेटिव स्ट्रक्चर राज्यों में जिला स्तर तक काम करता है। मौसम के मिजाज में अचानक और गहन परिवर्तन होने की वजह से तापमान में आमतौर से न्यूनतम और अधिकतम सीमाओं से बहुत नीचे और ऊपर होने से बादल फटने और लगातार अत्यधिक वर्षा होने से जल-प्लावन, भू-स्खलन और नदी-नालों के तेज बहाव, सूखा, भू-कंप, दावानल, सूनामी या बड़ी दुर्घटनाओं के समय आपदा प्रबंधन में लगे विशेषज्ञ सबसे पहले जन-जीवन की रक्षा करने के लिए सक्रिय होते हैं। आपदा प्रबंधन में जो तत्व सबसे अहम बनकर उभरा है वह है कुदरती तौर पर होने वाली बड़ी आपदाओं का पूर्वानुमान किए जाने की क्षमता को तकनीकी तौर से बढ़ाना और आपदा आने पर बचाव के प्रबंधन को दक्ष टास्क-फोर्स द्वारा कुशलतम होकर सिस्टम की क्षमता बढ़ाना। घाघ-भड्डरी की कहावतों से नहीं, बल्कि सैटेलाइट इमेजरीज ही अब मौसम की नब्ज को पकड़ने का हमारा विश्वनीय आसरा है। ख्यात पत्रिकाओं में ऊंचे स्तर के अब तक पचास प्रकाशित शोधपत्र भीषण गर्मी पैदा होने की वजह, पृथ्वी के विभिन्न और विशाल प्रभावजनक घटकों, इलेक्ट्रो एवं पैथो फिजियोलॉजी,अति-ताप और अति-शीत के रेस्पांस में मनुष्य देह की एडाप्टेशन और शरीर क्रिया प्रणाली पर इसके असर के बारे में देख चुका हूं।

> क्लाइमेट चेंज स्टडीज और हीट-वेव का असर जाहिरा तौर से भारत में मानसूनी वर्षा की चक्रवातीय गतिविधि और वर्षा से गिरने वाले जल की कुल मात्रा और इसके क्षेत्रीय प्रसार,फसलों की पैदावार से जुड़ी हुई फूड सिक्यूरिटी की साथ-साथ मनुष्य और जीव जंतुओं की सेहत से वास्ता रखती हैं।

इन सबमें हीट स्ट्रेस और एक्सपोजर की फिजियोलॉजी के मैकेनिज्म को शरीर के सभी सिस्टम्स में कोशिका स्तर तक देखा जा चुका है और इससे वैज्ञानिकों की समझ में जबरदस्त इजाफा हुआ है। भारत के किसी भी हिस्से में हीट को न तो हम कम कर सकते हैं और न ही कुदरत की विशाल मौसम-मशीन के साथ कोई छेड़खानी अथवा इंटरवेंशन कर सकते हैं। परिवर्तनों पर नजर रखकर पूर्वाकलन करते हुए सिर्फ बचाव के उपाय किए जा सकते हैं, लेकिन उक्त अध्ययनों से हीट स्ट्रेस और एक्सपोजर झेल चुके मनुष्यों को इलाज करने के लिए मेडिकल साइंस में अब विस्तृत हो चुकी समझ से न केवल पीड़ित व्यक्ति को राहत दी जा सकती है,बल्कि जान भी बचाई जा सकती है। इनमें से कुछ रिसर्च में संदर्भ हेतु अत्यधिक बार नामांकित हुए शोधपत्रों को उद्धृत करना चाहूंगा, जैसे कि : इंटरनेशनल जर्नल ऑफ एनवायरनमेंटल रिसर्च एंड पब्लिक हेल्थ के 9 सितंबर 2020 के अंक में सिंगापुर में नान्यांग टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ मेडिसिन के वैज्ञानिक शिंग ल्यों लिम का फंडामेंटल कॉन्सेप्ट्स ऑफ ह्यूमन थर्मोरेगुलेशन एंड एडाप्टेशन टू हीट, जर्नल ऑफ नेचुरल रेमिडीज के जुलाई 2019 के अंक में वंदना वर्मा और साथियों द्वारा प्रकाशित आयुर्वेदिक इनसाइट्स ऑन फिजियोलॉजी ऑफ स्वेटिंग एंड थर्मोरेगुलेशन, साइंस एडवांसेज जर्नल के 7 जून 2017 के अंक में 11 साइंसदानों द्वारा साझा रूप से प्रकाशित किया गया पर्चा इनक्रीजिंग प्रोबबिलिटी ऑफ़ मोर्टेलिटी ड्यूरिंग इंडियन हीट वेव्स और ब्रिटिश मेडिकल जर्नल के 7 अक्टूबर 2021 के अंक में राधिका खोसला और साथियों का संपादकीय लेख हेल्थ रिस्क्स ऑफ एक्स्ट्रीम हीट। राधिका कहती हैं कि सन् 2019 में दुनिया में लोगों को 475 मिलियन बार हीट एक्सपोज़र हुए। इसका अर्थ है कि एक व्यक्ति अगर तीन दिन लगातार भयंकर गर्मी झेलता है तब इस हिसाब से सन् 2019 में ही 155 मिलियन या 15.5 करोड़ लोग हीट वेव के चपेट में आए थे। इससे हीट वेव के दुष्प्रभाव और इसकी व्यापकता मालूम होती है। उपरोक्त में से बहुत सी स्टडीज 'ट्रेंडी' कही जा सकती हैं,परंतु धरती पर रहने वाले मनुष्यों ने व्यवहार जनित परिवर्तन अगर नहीं किए तो ये प्रोजेक्शंस अनुमानित समय सीमा समाप्त होने से पहले भी घटित हो सकते हैं। कुदरत ने खुद ही अपने साथ हुई छेड़खानी का इलाज करने का कमाल कर दिखाया तो मध्यम असर वाली हीट-वेव तो चलेगी ही। खुद इलाज का अर्थ है प्राकृतिक आपदा की गहनता के साथ बारंबारता और असर का व्यापक होना जैसे कि भू-कंप की पुनरावृत्ति कम समय अंतराल से होना, सुनामी, अनावृष्टि या अकाल और ग्लोबल बाढ़ की स्थिति या एक बड़ा जियो-मैग्नेटिक परिवर्तन और झटका। एक बड़ी सोलर फ्लेयर ही धरती के एक तिहाई भाग को नष्ट कर सकती है जैसा कि एक साइंस फिक्शन राइटर ने अपने उपन्यास में कल्पना की थी या फिर रॉबर्ट सिल्वरबर्ग ने अपने उपन्यास नाइटफाल में कहा।

पृथ्वी पर बहुत सी आपदाओं को साइंस फिक्शन राइटर्स ने कल्पना में उतारा है,लेकिन इन सबमें मनुष्य के जिंदा रहने की तीव्र इच्छा और अदम्य साहस ने कहीं भी कैसे भी महाविनाश (कैटस्ट्रोफ) के बाद भी बचाकर रखा है। मानव कृत महाविनाश की घटना तो सिर्फ बड़े न्यूक्लियर युद्ध की वजह से ही संभव है,जिसमें कम से कम दस हजार मेगाटन शक्ति की विस्फोटक शक्ति हो। इतनी ऊर्जा पैदा करने के बाद विस्फोट तरंगों और हीट-वेव के कारण 13 करोड़ लोगों की तत्काल मृत्यु और बाकी में से अधिकांश की न्यूक्लियर शीत के कारण मृत्यु हो जाएगी। धरती से अधिकांश जीवन समाप्त हो जाएगा और दशकों तक हीट-वेव और अम्लीय वर्षा होती रहेगी।

क्लाइमेट चेंज स्टडीज और हीट-वेव का असर जाहिरा तौर से भारत में मानसूनी वर्षा की चक्रवातीय गतिविधि और वर्षा से गिरने वाले जल की कुल मात्रा और इसके क्षेत्रीय प्रसार,फसलों की पैदावार से जुड़ी हुई फूड सिक्यूरिटी की साथ-साथ मनुष्य और जीव जंतुओं की सेहत से वास्ता रखती हैं। महत्वपूर्ण यह जानना है कि क्षेत्र विशेष में रहने वाले मनुष्य अति-गर्म वातावरण को झेलने का आदी होने के बावजूद अपने इलाके में उम्मीद से अधिक गर्मी या ठंड पड़ने के समय इसकी भीषणता से बचने का क्या उपाय करता है। साधन संपन्न मनुष्य अपने लिए विश्वकर्मा दर्पण या विश्वकर्मा प्रकाश जैसे भारती वास्तुशास्त्र एवं शिल्प ग्रंथों के आधार पर ताप-सह्य घर का डिजाइन बनवाकर, ऊनी कपड़े पहनकर शरीर से 'हीट-लॉस' कम करके, घर के चारों ओर घनी छाया वाले वृक्ष लगाकर या पोखर एवं तड़ाग बनवाकर, वातानुकूलन संयंत्र लगाकर या पर्वतीय इलाकों में शीतल और सुकून देने वाली उपत्यकाओं में अस्थायी स्थानांतरण करके बचाव कर सकता है,लेकिन विपन्न व्यक्ति मारू गर्मी और ठंड को बर्दाश्त नहीं पाता और लंबे समय तक प्रतिकूल परिस्थितियों में रहने से अंततः मर ही जाता है। भीषण गर्मी में गरीब तबके के इंसान अत्यधिक ऊंचे ताप के कारण हाइपर-पायरेक्सिया और ठंड लगने पर हाइपो-थर्मिया होने के कारण मरते देखे गए हैं। पैथो-फिजियोलॉजी ऑफ एक्स्ट्रीम हीट एंड कोल्ड का असर गरीब और अमीर कितना और क्यों होता है, यह जानने के लिए भी शोध अध्ययन हुए हैं,जिनके जरिए इनकी आर्थिक पृष्ठभूमि में विशाल अंतर को आधार बनाया गया,लेकिन स्वास्थ्य मंत्रालय ने सन् 2021 में एक ऐसी अध्ययन रिपोर्ट का प्रकाशन किया,जिसमें हीट-स्ट्रेस से मरने वालों की शव परीक्षा और क्लिनिकल जांच के बारे जानकारी दर्ज है। इसीलिए सरकारी खर्चे पर बेसहारा लोगों के शीत और भीषण गर्मी से बचाव के लिए सामूहिक आवास गृह बनाए जाते हैं।

प्रसंगवश

ये खेल है या मुर्गों की लड़ाई

डॉ.धीरज सिंह
मुंबई

एक बार सुनील गावस्कर किसी टेस्ट मैच में ओपनिंग करने गए और दुर्भाग्य से जीरो पर आउट हो गए। गावस्कर भारी मन और धीमे कदमों के साथ पैवेलियन लौटे। बिना किसी से कोई बात किए उन्होंने बल्ला एक तरफ पटका और सोफे पर निढाल होकर पड़ गए। किसी साथी खिलाड़ी की हिम्मत नहीं हुई कि उनके पास जाकर उन्हें ढाढस बंधाए।

तभी पॉली उमरीगर,जो अपने समय के बहुत बड़े बल्लेबाज थे और उस वक्त क्रिकेट प्रशासन में किसी ऊंचे ओहदे पर थे, पानी का एक गिलास लेकर गावस्कर के पास पहुंचे। गावस्कर उनका बहुत सम्मान करते थे। उमरीगर को पानी का गिलास लाता देख वे उठने को हुए, लेकिन जब तक वे उठ पाते,उमरीगर वहां पहुंच गए और पानी का गिलास पकड़ाया। "क्रिकेट में ऐसा होता है" उमरीगर ने गावस्कर को कहा और उनकी बगल में बैठकर उन्हें कुछ समझाने लगे। अगली पारी में गावस्कर ने बेहतरीन 73 रन बनाए। रॉस टेलर न्यूजीलैंड के महान बल्लेबाज थे,जिन्होंने हाल में ही अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया है। टेस्ट और वन डे क्रिकेट रिकार्ड में उनकी बेहतरीन पारियां दर्ज हैं। वे आईपीएल खेल रहे थे। एक मैच में वे शून्य पर आउट हो गए। उनकी टीम भी हार गई। मैच खत्म होने के बाद टीम के मालिक ने सबके सामने उन्हें तीन-चार थप्पड़ रसीद कर दिए और कहा, "मैंने तुम्हें करोड़ों रूपये में खरीदा है। जीरो पर आउट होने के लिए नहीं"।

रॉस टेलर ने कुछ दिनों पहले प्रकाशित अपनी आत्मकथा में इस घटना का विवरण देते हुए लिखा, "हालांकि उन थप्पड़ों में आक्रामकता नहीं थी और वे बहुत जोर से नहीं मारे गए थे,लेकिन मैं उसका अर्थ समझ रहा था,जो हुआ वह सार्वजनिक रूप से हुआ।" सुनील गावस्कर अपने देश की टीम में चुने गए थे ,लेकिन रॉस टेलर की आईपीएल टीम ने उन्हें चुना नहीं था,बल्कि 'खरीदा' था। जब से क्रिकेट का बाजार सजा या कहें,बाजार में क्रिकेट उतरा, खिलाड़ी नायक न होकर अपने क्लबों के लिए मुर्गे बन गए।

मध्यकाल में सामंत लोग मुर्गे लड़वाया करते थे और आम जन भी उन तमाशों का मजा लेते थे,खुश हो होकर तालियां बजाते थे। मुर्गों का कोई देश या राज्य या मोहल्ला नहीं होता था,उनके सिर्फ मालिक होते थे। आधुनिक दौर में सामंतों की जगह पैसे वाले मालिकों ने ले ली और मुर्गों की जगह खिलाड़ियों ने ले ली। बाजार ने क्रिकेट को बेशुमार पैसा दिया,लेकिन क्रिकेट से उसकी आत्मा और खिलाड़ियों से उनकी गरिमा छीन ली।

आईपीएल में जब पहली बार विभिन्न शहरों पर आधारित टीमें बनीं तो उनका स्वरूप नितांत व्यावसायिक था,लेकिन भारतीय क्रिकेट प्रेमियों की भावनाओं और टॉप के कुछेक भारतीय क्रिकेटरों के उनके शहरों से जुड़ाव को देखते हुए 'आइकन प्लेयर' की परिकल्पना की गई। यानी जो खिलाड़ी अपने शहर में किसी आइकन की तरह लोकप्रिय है,उन्हें नीलामी की प्रक्रिया में न डालकर उनके शहर की टीम से जोड़ दिया गया और नियम बनाया गया कि वह टीम नीलामी में किसी खिलाड़ी को जिस अधिकतम कीमत पर खरीदेगी, अपने आइकन प्लेयर को उससे 15 प्रतिशत अधिक पैसे देगी।

पहले सीजन में इन आइकन खिलाड़ियों को खूब सम्मान दिया गया। कोलकाता की टीम में सौरव गांगुली,बैंगलोर की टीम में राहुल द्रविड़, हैदराबाद में वीवीएस लक्ष्मण, पंजाब में युवराज सिंह,मुंबई में सचिन तेंदुलकर आइकन प्लेयर बने। शायद, एकाध कोई और भी बने हों,लेकिन जीत, मुनाफा, ब्रांड वैल्यू आदि बाजारवादी मानकों पर गठित उन आईपीएल टीमों के लिए स्थानीयता और भावुकता पर आधारित आइकन प्लेयर की परिकल्पना पहले दूसरे साल से ही बोझ बनने लगी। साल दो साल बीतते-बीतते एक सचिन को छोड़ बाकी सारे के सारे आइकन साहब बाकायदा धकिया कर टीमों से बाहर कर दिए गए।

टी-20 के नायकों का उदय हुआ। नई पीढ़ी के खिलाड़ियों ने अपने खेल को इस तरह ढालने का अभ्यास किया कि वे हर तरह की क्रिकेट में प्रासंगिक बन सकें,लेकिन तब भी,आज की क्रिकेट में दुनिया के टॉप तीन बल्लेबाजों में शुमार स्टीव स्मिथ आईपीएल में बिना बिके रह गए। यह कैसी क्रिकेट है जिसमें स्टीव स्मिथ,द्रविड़, गांगुली, लक्ष्मण, माहेला जयवर्धने जैसे क्रिकेट के इतिहास पुरुष 'अनसोल्ड' रह जाते हैं। समय आएगा कि एक दिन क्रिकेट का स्वरूप दो सांड़ों की लड़ाई का हो जाएगा। हम सब तालियां बजाएंगे।

नालंदा विश्वविद्यालय और अमर्त्य सेन

पंकज मोहन
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> अंतर्राष्ट्रीय ख्याति के विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित नालंदा विश्वविद्यालय आज बिहार के चौबीस विश्वविद्यालयों में अठारहवें पायदान पर खड़ा है।

चीनी कहावत हैः इन सुइ, स युवैन, अर्थात् जब पानी पीते हो तो तालाब या कुंआ बनाने वालों के बारे में कृतज्ञतापूर्वक सोचो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नालंदा विश्वविद्यालय का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने जिस परिसर का उद्घाटन और लोकार्पण किया उसका टेंडर मेरे हस्ताक्षर से जनवरी 2017 में नागार्जुन कंस्ट्रक्शन को दिया गया था और कैंपस निर्माण के श्री गणेश के अवसर पर नागार्जुन कंपनी द्वारा आयोजित भूमि पूजन का जजमान मैं ही था। नालंदा विश्वविद्यालय कैंपस निर्माण के शुभारंभ (भूमि पूजन) के अवसर पर मैंने किसी राजनेता को आमंत्रित नहीं किया।

अब विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने नालंदा विश्वविद्यालय निर्माण के इतिहास की जो डॉक्युमेंटरी दिखाई, उसमें राष्ट्रपति कलाम और प्रधानमंत्री मोदी का ही उल्लेख था। किसी ने 2014 में नालंदा विश्वविद्यालय के अंतरिम परिसर का उद्घाटन कर अध्ययन-अध्यापन की प्रक्रिया के शुभारंभ में सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली राजनेत्री श्रीमती स्वराज का स्मरण नहीं किया। विश्वविद्यालय के निर्माण का विजन प्रदान करने वाले प्रथम कुलाधिपति प्रोफेसर अमर्त्य सेन,शासी समिति के सदस्य और प्रथम कुलपति डॉक्टर गोपा सभरवाल की भी उपेक्षा हुई। प्रोफेसर अमर्त्य सेन और शासी समिति के उनके विद्वान सहयोगियों ने विश्वविद्यालय के भावी स्वरूप का रोडमैप तो बनाया ही, 2014 में प्रोफेसर अमर्त्य सेन ने इंडोनेशिया में व्याख्यान के मानदेय के रूप में प्राप्त बीस लाख रुपये के दान द्वारा अभावग्रस्त छात्रों के लिए छात्रवृत्ति कोष बनवाया। अमर्त्य सेन की अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा के कारण आस्ट्रेलिया सरकार,चीन की सरकार और स्विटजरलैंड के एक एनआरआई व्यवसाय ने एक-एक मिलियन अमेरिकी डॉलर (कुल मिलाकर अठारह करोड़ रुपये) का दान दिया। थाईलैंड ने साठ लाख रुपये का अनुदान दिया।

सिंगापुर के प्रमुख व्यवसायियों का एक दल प्रोफेसर अमर्त्य सेन और शासी समिति के सदस्य श्री जार्ज यो,जो सिंगापुर के विदेश मंत्री थे,के अनुरोध पर नालंदा आया था। वे विश्वविद्यालय के पुस्तकालय के लिए करीब दस मिलियन अमेरिकी डालर,अर्थात् साठ करोड़ रुपये का अनुदान देने के लिए प्रतिबद्ध थे। जब सरकार ने अमर्त्य सेन को पहले कुलाधिपति पद से हटाया और फिर शासी समिति से भी बेदखल कर दिया,जार्ज यो ने भी नालंदा से नाता तोड़ लिया और सिंगापुर के उद्योगपति भी अनुदान के वादे से मुकर गए।

प्रोफेसर अमर्त्य सेन जब विश्वविद्यालय के काम से भारत आते थे तो उनके फ्लाइट के किराए का भुगतान विश्वविद्यालय को नहीं करना पड़ता था। वे यह भूल जाते हैं कि भारत रत्न सम्मान से नवाजे गए लोग जिस राज्य में जाते हैं,उन्हें राजकीय अतिथि का दर्जा मिलता है और राज्य सरकार उनके आतिथ्य के उत्तरदायित्व का निष्ठापूर्वक निर्वहन करती है। सरकार ने प्रोफेसर अमर्त्य सेन और उनके द्वारा नियुक्त कुलपति को कलंकित करने के उद्देश्य से हर तरह के हथकंडे अपनाए,नाना प्रकार की चालबाजी की,लेकिन सांच को आंच क्या? झूठ के सचमुच पांव नहीं होते। टाइम्स ऑफ इंडिया की पत्रकार भारती जैन ने ट्विटर पर प्रोफेसर अमर्त्य के खिलाफ कुछ आरोप लगाए। उसने लिखा कि नियुक्ति में धांधली हुई,उन्हें पांच लाख रुपये प्रति माह वेतन,बेहिसाब विदेश यात्रा,विलासितापूर्ण होटल का आतिथ्य,सीधी नियुक्तियों की शक्ति, आदि दिए गए थे। बाद में जब उसे तथ्यों से अवगत कराया गया,उसने अपने आरोपों को वापस लिया और क्षमा याचना की।

पोस्ट-अमर्त्य सेन युग की कुलपति महोदया ने सारा जीवन दक्षिण भारत के प्रांतीय विश्वविद्यालय के उस विभाग में अध्ययन और अध्यापन किया,जहां उनके पिताश्री वरिष्ठ और सम्मानित प्राध्यापक थे। कुलपति महोदया ने जीवन में कभी भी किसी अंतर्राष्ट्रीय स्तर की शोध पत्रिका या प्रकाशन गृह से शोधपत्र या पुस्तक प्रकाशित करने का प्रयास नहीं किया। यूरोप-अमेरिका के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों से पीएचडी डिग्रीधारी प्रोफेसर जिनकी बहाली प्रोफेसर अमर्त्य सेन के समय में हुई थी,ने या खुद विश्वविद्यालय छोड़ दिया या उन्हें हटा दिया गया। राष्ट्रीय महत्व के विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित जेएनयू ने अपनी स्थापना के प्रथम दशक मे ही अंतर्राष्ट्रीय ख्याति अर्जित कर ली थी। अंतर्राष्ट्रीय ख्याति के विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित नालंदा विश्वविद्यालय आज बिहार के चौबीस विश्वविद्यालयों में अठारहवें पायदान पर खड़ा है।

सोशल फोरम

आस्था कब तक कल्याणकारी

शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

रामेश्वरम से रामसेतु देखने धनुषकोडि गया और आनंद से भर गया। रामेश्वरम के धनुषकोडि से श्रीलंका के निकटतम बॉर्डर की दूरी करीब 25 किलोमीटर है, जबकि रामायण में जिस रामसेतु का उल्लेख है,वह सौ योजन लंबा और 10 योजन चौड़ा है। इस हिसाब से ढाई किलोमीटर चौड़ा पुल था। लंका के द्वार पर सुरसा भी हनुमान को निगलने के लिए सौ योजन बराबर मुख बड़ा कर लेती है। सभी बड़ी चीजें सौ योजन हैं। ऐसी चीजें कथा हैं,इन्हें तथ्य नहीं समझ लेना चाहिए और सामाजिक संदेश को समझना चाहिए।

रामकथा के इतिहासीकरण की शुरुआत अंग्रेजों ने की थी,1828 में पहली बार आर्य वीर राम द्वारा दक्षिण के द्रविड़ लोगों पर आक्रमण की बात कहकर। यह नस्लवादी जहर उन्हें खासकर तमिलनाडु के लोगों के मन में बो देने में सफलता मिली है,अंग्रेजों का उद्देश्य पूरा हुआ है। अंग्रेजों की देखा-देखी रामकथा में आए भौगोलिक स्थानों को इतिहास बनाकर उपस्थित करने का एक लंबा सिलसिला इधर फिर चला है, जो मुख्यतः पुरोहितों का व्यापारिक जाल है। इसी क्रम में समुद्र में रामसेतु की खोज हुई और रामेश्वरम में एक सज्जन ने कुछ प्लूमिस पत्थर लाकर एक हनुमान मंदिर में प्रदर्शित कर रखा है और घोषित कर रखा है कि ये पत्थर उसी राम सेतु के हैं। ये वस्तुतः किसी ज्वालामुखी के झाग के टुकड़े हैं,जो छिद्र वाले स्पंज जैसे दिखने वाले पत्थर होते हैं। ये पानी को अपने भीतर खींचकर तैरते हैं।

यदि राम नाम लिखे बिना भी ये तैरें, तो फिर राम का माहात्म्य क्या है? रामेश्वर के एक मंदिर में एक पुरोहित 1000 रुपए में इसके छोटे टुकड़े बेच रहा था। कुछ व्यक्ति भक्ति भाव से खरीदकर चमत्कार दिखाने के लिए घर ले जा रहे थे। आस्था के ऐसे शोषण के प्रति जागरूक रहना चाहिए। आस्था तभी तक कल्याणकारी है,जब तक बुद्धि का दामन नहीं छोड़ती। आस्था और अंधविश्वास में फर्क है। आस्था कई बार मनुष्य का आत्मविश्वास मजबूत करती है,जबकि अंधविश्वास हर बार आत्मविश्वास छीन लेता है। **-फेसबुक वॉल से**

असली इंसान

बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस
महानिरीक्षक उप्र.

> मैं व एसडीएम नंद किशोर आर्य नए तथा अनुभवहीन थे। हमने शहर में गस्त बढ़ा दी तथा कोतवाली में नगर सुरक्षा समिति की बैठक की।

जून,1979 को मेरा स्थानांतरण अपराध शाखा,लखनऊ से मुरादाबाद हो गया,जहां मैं सीओ अमरोहा बनाया गया। अपराध शाखा में मेरे पुलिस अधीक्षक रहे मंजूर अहमद साहब के साले मुजम्मिल खां अमरोहा में रहते थे। लंबे, तगड़े, गोरे खां साहब पुराने जमींदार थे और राजनीति व स्थानीय गुटबंदी से दूर रहते हुए प्रभावशाली व्यक्ति थे। 13 अगस्त 1980 को ईद के दिन मुरादाबाद ईदगाह पर हुए विवाद में पुलिस ने नमाजियों पर फायरिंग कर दी, जिसमें काफी लोग मारे व घायल हुए और मुरादाबाद में पुलिस-मुसलमान संघर्ष प्रारंभ हो गया,जो शाम होते-होते हिंदू-मुस्लिम दंगे में परिवर्तित हो गया। मुरादाबाद दंगे की तपिश अमरोहा में भी महसूस होने लगी। मैं व एसडीएम नंद किशोर आर्य नए तथा अनुभवहीन थे। हमने शहर में गस्त बढ़ा दी तथा कोतवाली में नगर सुरक्षा समिति की बैठक की। मुजम्मिल खां ने अपने 4-5 बंदों के साथ अपनी जोंगा जीप से रात्रि गस्त की पेशकश की।

15 अगस्त को लगभग दो बजे दिन में सूचना मिली कि दो घायल मुसलमान सरकारी अस्पताल में आए हैं। मैं तत्काल अस्पताल पहुंचा,वहां भीड़ एकत्र हो रही थी, भीतर घायलों ने बताया कि वे मुरादाबाद से गजरौला ट्रेन से जा रहे थे कि कैलसा स्टेशन के पास जाटों ने ट्रेन रोककर कुछ मुसलमानों को मारा व लूटा है। यह बात सांप्रदायिक तनाव बढ़ाने वाली थी। घायल व्यक्ति शिया थे। मैंने तत्काल अस्पताल के भीतर एकत्र मुस्लिमों को निकालकर अपने शिया मित्र,टेनिस खिलाड़ी शाने अकबर को बुला लिया। शाने अकबर अपने साथियों के साथ अस्पताल में आकर स्वयं को घायल का रिश्तेदार बताकर अन्य मुसलमानों को हटाकर इस घटना को आपसी मारपीट बताकर धार्मिक विवाद बनने से बचाया। इसी बीच पुलिस कंट्रोल ने मुझे बताया कि मुजम्मिल खां मुझसे तत्काल बात करना चाहते हैं। मुजम्मिल खां ने बताया कि जामा मस्जिद पर तीन घायल मुसलमान आए हैं,जो गजरौला रेलवे स्टेशन के पास हिंदुओं द्वारा मुसलमानों को मार-पीट कर मुस्लिम औरतों को बलात अपने साथ उठा ले जाने की बात बता रहे हैं। यह बात आसपास के मुस्लिम मोहल्लों में फैल रही है और लोग मस्जिद में भागकर आ रहे हैं,मैं तत्काल मस्जिद पर पहुंच जाऊं,वह वहीं मिलेंगे।

मैं जामा मस्जिद के लिए जीप से भागा। मस्जिद से 200 मीटर पहले ही रास्ते में मुजम्मिल खां अपने 5-6 साथियों के साथ मेरी प्रतीक्षा करते मिले। मुजम्मिल खां बार-बार कह रहे थे,ठाकुर कुछ करो,कुछ करो,हमारे अमरोहा को बचा लो,मैं किंकर्तव्यविमूढ़ खड़ा था। अंत में मैंने वापसी का निर्णय सुनाया। सुनकर खां ने कहा कि क्या मैं असली क्षत्रिय हूं,मेरे हां करने पर वह बोले कि असली क्षत्रिय मौत से नहीं डरता,वह पठान हैं और अपने शहर को बचाने के लिए जान भी दे देंगे। इतना सुनकर मेरे अंदर भी जोश आ गया। मैंने कहा कि तुम पठान हो मरने से नहीं डरते तो मैं भी क्षत्रिय हूं,मैं भी मौत से नहीं डरता,चलो। अब मैं मुजम्मिल खां के साथ मस्जिद की तरफ चल दिया। उस समय न मृत्यु का डर न परिवार की चिंता थी,बस सोच रहा था कि कैसे शहर को बचाया जाय और क्या मैं जान देकर भी सांप्रदायिक सौहार्द बचा पाऊंगा। हम मस्जिद में जैसे ही घुसे,मेरे वर्दी में होने के कारण शोर मचने लगा। मस्जिद परिसर में पुलिस व मेरे विरुद्ध नारेबाजी,गाली गलौज जारी था,जान से मारने की बात भी हो रही थी।

हम मस्जिद प्रबंधक के पास पहुंचे तो कुछ सकून मिला। प्रबंधक लगभग 80 वर्ष के बूढ़े, नाटे लंबी सफेद दाढ़ी वाले व्यक्ति थे। मुझे देखते ही वह बोले कि इन्हें हिंदुओं ने मारा व लूटा है तथा कुछ मुस्लिम खातूनों को हिंदू जबरन अपने साथ ले गए हैं,मैं तुरंत इस मसले को देखूं। मैंने कहा कि मुझे मारपीट का ज्ञान है और गजरौला पुलिस मौके पर छानबीन कर भी रही है, लेकिन औरतों के अगवा वाली बात सही नहीं है। मैंने धीरे से मुंतजिम से कहा कि वह घायलों को बाहर निकलवा दें तथा नमाज के बाद किसी को भी तकरीर करने का मौका न दें अन्यथा वे भड़काऊ भाषण से दंगा करा देंगे। मस्जिद में एक ही द्वार था,जो मुझसे 50 मीटर पीछे था और बीच में थी क्रोधित,नारे लगाती भीड़। वापसी संभव नहीं थी। इतने में चमत्कार हुआ। मुंतजिम ने दहाड़ते हुए कहा- "खामोश" और भीड़ सचमुच खामोश हो गई। वह बोले कि उन्हें भी पुलिस पर विश्वास नहीं है,लेकिन यह सीओ बहादुर ठाकुर है,इस पर मेरा विश्वास है। यह जरूर सही कार्रवाई करेगा। सभी लोग खामोशी से अपने अपने घर जाकर नमाज पढ़ें और अपने कस्बे और देश के अमनोअमान के लिए परवरदिगार से दुआ करें। यह मेरी मस्जिद है,आज यहां मगरिब (शाम) की नमाज नहीं होगी।

हम धीरे-धीरे मस्जिद के बाहर निकल आए, देखा कि कुछ दूर ड्राइवर वासुदेव जीप लेकर चिंतित खड़ा था,मुझे देखते ही वह जीप लाया जिस पर तीन घायल तथा मुजम्मिल खां को लेकर तेजी से अस्पताल आकर उन्हें भर्ती कराया। पहले भर्ती हुए दोनों घायलों की स्थिति ठीक थी और शाने अकबर पहरा दे रहे थे। वहां से मैंने कोतवाली आकर चाय पी और हंसते हुए मुजम्मिल खां से कहा कि आज तो उन्होंने मेरी हत्या करवाने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। उन्होंने भी हंसते हुए कहा कि थोड़ी हिम्मत करने से आज दंगा बच गया नहीं तो हजारों खुराफातियों की भीड़ को कौन रोक पाता? इसी बीच उनके चेले उनकी जोंगा जीप लेकर आ गए और हमने उन्हें विदा किया। मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि कोई मुसलमान मस्जिद में नमाज के लिए मना करेगा और नमाजी चुपचाप मान लेंगे। ऐसी घटना मैंने आज तक न देखी न सुनी। कोतवाली में बैठे हम बात कर रहे थे कि यदि मुजम्मिल खां न होते तो आज अमरोहा कस्बे की गलियां खून से लाल हो जातीं और अमरोहा की तवारीख पर एक बदनुमा दाग लग जाता।

राधे-राधे इस्पात कंपनी के डायरेक्टर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार: डायरेक्टर जनरल जीएसटी इंटेलिजेंस (डीजीजीआई) लखनऊ की टीम ने फजलगंज स्थित राधे-राधे इस्पात कंपनी के कार्यालय में छापेमारी कर 52 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी पकड़ी। टीम ने कंपनी के डायरेक्टर को गिरफ्तार कर स्पेशल सीजेएम की कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उन्हें 9 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

के ब्लॉक किदवई नगर निवासी नवीन जैन (57) श्री राधे-राधे इस्पात प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर हैं। फतेहपुर, मलवां में

नवीन जैन

▸▸ 52 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी का मामला

▸▸ डीजीजीआई लखनऊ की टीम ने पकड़ी टैक्स चोरी

उनकी फर्म है, साथ ही फजलगंज, सिग्मा हाउस प्लॉट नंबर 17 में उनका कार्यालय है। डीजीजीआई लखनऊ की टीम को काफी समय से इस्पात कंपनी में टैक्स चोरी की जानकारी मिल रही थी। जिस पर टीम ने फजलगंज स्थित कार्यालय में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान टीम ने 52 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी पकड़ी। टीम ने कंपनी डायरेक्टर नवीन जैन को गिरफ्तार करते हुए बुधवार को स्पेशल सीजेएम कुमुदलता त्रिपाठी की कोर्ट में पेश किया। टीम की ओर से कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया गया कि मामले की जांच अभी प्रचलित है, इसलिए आरोपी की न्यायिक अभिरक्षा स्वीकृत की जाए, जिससे साक्ष्य प्रभावित न हों। इसके बाद कोर्ट ने कंपनी डायरेक्टर को 9 जुलाई तक के लिए जेल भेज दिया।

सैम पित्रोदा फिर ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष नियुक्त

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने श्री सैम पित्रोदा को दोबारा ओवरसीज कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बुधवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी।

वेणुगोपाल ने बयान में कहा कि पित्रोदा की नियुक्ति तत्काल प्रभाव से की गयी है। गौरतलब है कि पित्रोदा ने इस वर्ष मई में चुनाव के दौरान अपने एक बयान पर विवाद खड़ा होने के बाद ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया था।

उन्होंने एक इंटरव्यू में भारत में लोकतंत्र पर टिप्पणी करते



▸▸ लोकसभा चुनाव के दौरान नस्लभेदी टिप्पणी कर बढ़ाई थीं कांग्रेस की मुश्किलें

हुए कहा था कि भारत एक विविधतापूर्ण देश है जहां पूर्व के लोग चीनी जैसे दिखते हैं, पश्चिम के लोग अरब जैसे दिखते हैं, उत्तर के लोग गोरे जैसे दिखते हैं और शायद दक्षिण के लोग अफ्रीकी जैसे दिखते हैं। कांग्रेस पार्टी ने उस समय उनके इस बयान से अपने आप को अलग रखा था।

कांग्रेस को संविधान को छूने का भी अधिकार नहीं: शिवराज

नयी दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 1975 में इंदिरा गांधी सरकार द्वारा घोषित आपातकाल के दौर का उल्लेख करते हुए बुधवार को आरोप लगाया कि तानाशाही कांग्रेस के डीएनए में है।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता ने कहा कि उस समय अत्याचार की पराकाष्ठा देखी गई। पूरा देश जेल में तब्दील हो गया था। वर्ष 1975 से 1977 के बीच के दौर पर विचार-विमर्श के लिए यहां आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चौहान ने कहा कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा घोषित किया गया आपातकाल देश के इतिहास

▸▸ कृषि मंत्री ने आपातकाल पर कांग्रेस पर किए प्रहार, कहा- तानाशाही इनके डीएनए में

में वास्तव में एक काला अध्याय था। केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के चुनाव को रद्द किए जाने के बाद सत्ता पर काबिज रहने के लिए संविधान की धज्जियां उड़ाते हुए आपातकाल घोषित किया था। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने सत्ता का दुरुपयोग करके चुनाव जीता था, लेकिन वह इतने पर हीं नहीं रुकीं और आपातकाल घोषित कर दिया। संविधान की धज्जियां उड़ाई गईं।

सभी मौलिक अधिकारों का दमन किया गया। आंतरिक सुरक्षा अधिनियम (मीसा) के प्रावधानों को और अधिक कठोर बना दिया गया। चौहान ने याद दिलाया कि कैसे आपातकाल के दौरान सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करने पर लोगों को जेलों में डाल दिया गया था। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि ये सब उन्होंने सिर्फ सत्ता पर काबिज रहने के लिए किया। तानाशाही कांग्रेस के डीएनए में है।

अवैध अस्पताल में काट दिया छात्रा का गर्भाशय

संवाददाता, बरेली/फतेहगंज पूर्वी

अमृत विचार : सात महीने की गर्भवती छात्रा का फरीदपुर के एक अवैध अस्पताल में गर्भपात करते समय गर्भाशय भी काट दिया गया। नाजुक हालत में छात्रा को अब दूसरे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

फतेहगंज पूर्वी के एक गांव निवासी लड़की के गांव के ही एक युवक से प्रेम संबंध थे। उसका गर्भपात कराने के लिए उसे 21 जून को फरीदपुर के नगरिया रोड पर बीके अस्पताल ले जाया गया था। यहां किसी अप्रशिक्षित नर्स ने उसका गर्भपात किया और इस दौरान कैंची से उसका गर्भाशय भी काट दिया। हालत गंभीर होने पर परिजन को सूचना दी गई। परिजन ने 22 जून को लड़की को अवैध

▸▸ गांव के ही युवक पर दुष्कर्म का आरोप, हालत अब भी गंभीर

अस्पताल से लाकर हरुनगला के एसआर अस्पताल में भर्ती कराया। यहां 23 जून को उसका ऑपरेशन किया गया लेकिन डॉक्टरों के मुताबिक अब भी उसकी हालत नाजुक है। पुलिस को सूचना देने के बाद मजिस्ट्रेट के सामने उसका बयान दर्ज कराया गया है। वहीं, सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह फरीदपुर में अस्पताल का स्वास्थ्य विभाग का रजिस्ट्रेशन नहीं है। अभी कोई शिकायत भी नहीं मिली है। फिर भी जांच कराकर अस्पताल के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि पीड़िता के पिता ने गांव के ही विशाल गंगवार पर बेटी के साथ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मैसूर में बुधवार को हुई झमाझम बारिश का आनंद लेते लोग कैमरे में कुछ यूं कैद हुए। : एजेंसी

लोकसभा अध्यक्ष ने राहुल को दी नेता प्रतिपक्ष की मान्यता

नई दिल्ली : लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को सदन में नेता प्रतिपक्ष के रूप में आधिकारिक रूप से मान्यता दे दी। लोकसभा सचिवालय की अधिसूचना में यह जानकारी दी गई।

अधिसूचना के मुताबिक, राहुल गांधी का नेता प्रतिपक्ष का दर्जा नौ जून, 2024 से प्रभावी रहेगा। वह इस बार लोकसभा में उत्तर प्रदेश के रायबरेली का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। निचले सदन में 10 साल के अंतराल के बाद किसी नेता को आधिकारिक रूप से नेता प्रतिपक्ष का दर्जा दिया गया है। 16वीं और 17वीं लोकसभा में कांग्रेस या अन्य विपक्षी दलों के पास इस पद के लिए आवश्यक 10 प्रतिशत सदस्य नहीं थे।

राहुल गांधी ने 15 साल में कांग्रेस को किया बर्बाद

संवाददाता, हसनपुर (अमरोहा)

▸▸ आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कांग्रेस नेता पर साधा निशाना

अमृत विचार : कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि 15 सालों में उन्होंने कांग्रेस को बर्बाद करने का काम किया है।

बुधवार रात नगर के मोहल्ला कायस्थान में वरिष्ठ समाजसेवी ताहिर वसीम के आवास पर आचार्य प्रमोद ने प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने पिछले 15 सालों में कांग्रेस को पूरी तरह से बर्बाद करने का काम किया है। महात्मा गांधी कांग्रेस को खत्म करना चाहते थे। लेकिन नेहरू ने उनको ऐसा करने नहीं दिया। राहुल गांधी विपक्ष के नेता बने हैं ,अब देखना होगा वह विपक्ष को कब डुबाएंगे। उन्होंने कहा कि विपक्ष का नेता संजीदा होना चाहिए था। जो मुल्क की आवाज को सुन सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कारण भारत को पूरी दुनिया में इज्जत की नजर से देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि ढिंढोरा पीटा जा रहा है कि अयोध्या को जीत लिया है। अयोध्या को कोई जीत ही नहीं सकता है। ऐसी बात कहकर वहां के लोगों के साथ नाइंसाफी की जा रही है। यह पूछने पर की क्या उन्होंने भाजपा ज्वाइन कर ली है। उसका जवाब देते हुए कहा कि भाजपा ज्वाइन करने का मामला नहीं, बल्कि देश की सेवा करने की बात की जा रही है।

उत्तराखंड

पार्किंग बनाने को मांगी रक्षा विभाग की भूमि

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की और फिर से रक्षा मंत्रालय का दायित्व मिलने पर शुभकामनाएं दीं। साथ ही नैनीताल में पार्किंग बनाने के लिए रक्षा संपदा विभाग की भूमि राज्य सरकार को हस्तांतरित करने का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि नैनीताल अब पर्यटन ही नहीं

नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिलते सीएम धामी। ● अमृत विचार

वरन आध्यात्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हो गया है। जनपद में बाबा नीब करौरी महाराज के आश्रम कैंचीधाम में प्रतिवर्ष श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ोत्तरी हो रही है। श्रद्धालु नैनीताल अथवा आसपास के होटल, गेस्ट हाउस में ही ठहरते हैं, लेकिन नैनीताल शहर में पार्किंग की बहुत समस्या है।

उन्होंने कहा कि नैनी झील से 2 किमी की दूरी पर रक्षा संपदा विभाग की तीन एकड़ भूमि है। यदि इस भूमि को पार्किंग के लिए उपलब्ध करा दिया जाता है तो काफी हद तक पार्किंग की समस्या का समाधान हो जाएगा। इस पर रक्षा मंत्री सिंह ने मुख्यमंत्री धामी को यथा संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

पीआरडी जवानों के मानदेय में वृद्धि

देहरादून। प्रदेश सरकार ने पीआरडी जवानों के मानदेय में 80 रुपये प्रतिदिन की बढ़ोत्तरी कर दी है। अब पीआरडी जवानों को प्रतिदिन 570 रुपये मानदेय के बजाय अब 650 रुपये प्रतिदिन मानदेय मिलेगा। मंत्री रेखा आर्या ने यह जानकारी देते हुए कहा कि पीआरडी स्वयं सेवक विभिन्न विभागों में अपनी सेवाएं देते हैं। ऐसे में पीआरडी द्वारा लगातार अपनी कई मांगों से राज्य सरकार को अवगत कराया जाता रहा है। अब सरकार ने उनके मानदेय में बढ़ोत्तरी कर दी है।

गलत मूल्यांकन करने वाले शिक्षक होंगे डिबार

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय में उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में हुई गड़बड़ी को उच्च शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने गंभीरता से लिया है।

उन्होंने गलत मूल्यांकन करने वाले परीक्षकों को दस साल के लिए डिबार करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कुलपति को स्थायी परीक्षा नियंत्रक की नियुक्ति करने को कहा है। उच्च शिक्षा मंत्री ने

● श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय में उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में गड़बड़ी का मामला

कहा कि प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए कुलपति को जांच के निर्देश दिए गए हैं। जांच में जो भी पहलू सामने आएंगे, उसके मुताबिक ठोस कार्रवाई की जाएगी। उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में लापरवाही बरतने वाले परीक्षकों को दस साल के लिए परीक्षा मूल्यांकन से डिबार जाएगा। उच्च शिक्षा मंत्री ने विश्वविद्यालया में स्थायी परीक्षा नियंत्रक न होने पर नाराजगी जताई।

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने कहा कि शैक्षिक गुणवत्ता को दृष्टिगत रखते हुए श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी निजी शिक्षण संस्थानों में कार्यरत फैकल्टी का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। जिससे यह पता लग सके कि निजी शिक्षण संस्थानों में तैनात फैकल्टी यूजीसी एवं विश्वविद्यालय के नियमों के अनुरूप नियुक्त की गई हैं या नहीं।

गैंगरेप और हत्या का आरोपी भाजपा नेता पार्टी से निष्कासित

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : हरिद्वार जिले में 13 साल की बच्ची से सामूहिक दुष्कर्म व हत्या के मामले में नामजद भाजपा नेता को पार्टी ने सभी पदों से निष्कासित कर दिया है। साथ ही शासन ने भी उसे अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य पद से हटा दिया है।

हरिद्वार के बहादराबाद थाना क्षेत्र में 24 जून को तड़के पतंजलि योगपीठ के पास 13 साल की बच्ची का खून से लथपथ शव मिला था। काफी देर बाद शिनाख्त होने पर बच्ची के परिजनों ने गांव के ही अमित सैनी व प्रधानपति आदित्य राज सैनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया।

इधर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने भाजपा ओबीसी मोर्चा की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया है।

वर्ग पहेली-113

बाएं से दाएं

2.1. आश्चर्य

3.1. मन में स्थित या जाग्रत भाव

5.1. पारिश्रमिक 2. मज़दूरी।

7. शरीर या कपड़े आदि पर जमे मैल को साफ़ करने के लिए प्रयुक्त एक प्रसाधन, (सोप)।

ऊपर से नीचे

1. यज्ञ या हवन में आग प्रज्वलित करने तथा हवा करने के लिए प्रयोग में आने वाली बांस की नली।

2.1. घूंघट 2. परदा 3. बुरका 4. ढकना, घेरना, छिपाना 5. घूंघट निकालना।

4.1. अनावृत करना, परदा हटाना या उठाना 2. पर्दाफाश करना 3. वस्त्रविहीन करना।

6.1. प्रशंसा, बड़ाई, बखान 2. विशेषता, गुण, सिफ़त 3. परिचय, पहचान।



वर्ग पहेली -112 का हल

	1 न	र	2 क	ट
			ल	3 दि
	4 गो	ल	म	टो ल
			ज़	वा
5 पा	ठ	भे	द	ना
ज़े				
6 ब	ह	न		7 आ ड़ा

सुडोकू -26

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

2		5			3			6
	8				9			1
		7		2		4		5
8	3			6	5			
		9				6		
			3	9			4	2
4		8		1		3		
1			8				9	
6			7			5		8

सुडोकू -25 का हल

8	9	4	1	6	2	7	3	5
1	7	2	3	5	4	9	8	6
6	5	3	9	7	8	2	1	4
2	1	8	4	3	7	5	6	9
7	3	5	6	8	9	1	4	2
9	4	6	2	1	5	3	7	8
3	8	7	5	9	6	4	2	1
4	6	9	7	2	1	8	5	3
5	2	1	8	4	3	6	9	7

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 27 जून गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-षष्ठी 18.39 तक तत्पश्चात सप्तमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल- मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-शतभिषा 11.36 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

मेष — आज कड़ी मेहनत का सार्थक परिणाम प्राप्त होगा। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। आपको कुछ शुभ समाचार मिलने के योग बन रहे हैं। अपने विचारों में स्पष्टता रखें। व्यापार में नए साझेदार जुड़ सकते हैं।

वृष — आज व्यवसाय में कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। संतान पर अनावश्यक दबाव न बनाएं। धन के लेन-देन को लेकर समझदारी रखें। आप कारोबारी यात्रा पर जा सकते हैं। अविवाहित लोगों के विवाह को लेकर संभावना बन सकती है।

मिथुन — आज बच्चे पढ़ाई में काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आपको उधार लेने से बचना चाहिए। समाज के उच्च वर्ग के लोगों से आपका मेल-मिलाप बढ़ेगा। आपकी दिनचर्या संयमित रहेगी। परिजनों का व्यवहार आपके प्रति कुछ रूखा सा हो सकता है।

कर्क — आज असंतुलित खानपान के कारण कब्जियत हो सकती है। स्वार्थवश काम करने के कारण आपकी आलोचना हो सकती है। यदि तनाव आपकी कार्यक्षमता को प्रभावित कर रहा है तो मित्रों से आपको काफी सहायता मिल सकती है।

सिंह — आज अजनबी लोगों पर ज्यादा विश्वास करना हानिकर हो सकता है। उच्च अधिकारी आपकी प्रशंसा करेंगे। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ने के योग बन रहे हैं।

कन्या — आज दूसरों के उलझे मामलों को आपको सुलझाना पड़ेगा। घरेलू खर्चों को लेकर थोड़ा तनाव उभर सकता है। उतावले व्यवहार से आपको बचना चाहिए। कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व काफी अच्छा रहेगा। योजनाबद्ध तरीके से किए गए कार्यों में सफलता मिलेगी।

तुला — आज आलस्य और प्रमाद से आपको बचना चाहिए। अधूरा कार्य छोड़ने की प्रवृत्ति से बचें। व्यवसाय में लाभ की स्थितियां बढ़ेंगी। आपको परिवार के साथ समय अवश्य व्यतीत करना चाहिए। नई योजनाओं के विषय में मित्रों से चर्चा कर सकते हैं।

वृश्चिक — आज वैवाहिक जीवन में संवादहीनता न होने दें। पैतृक संपत्ति के विवादों को लेकर शांति बनाए रखें। मन में कुछ नकारात्मक विचार जन्म लेंगे। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में कमी आ सकती है। हृदय रोगियों को तनाव से बचना चाहिए।

धनु — आज व्यापार में नए अनुबंध हो सकते हैं। घर का वातावरण काफी अच्छा रहने वाला है। धार्मिक कार्यों में आपका मन लगेगा। कारोबार को लेकर की गई यात्राओं से काफी अच्छा लाभ मिलेगा। आप अपने खर्चों पर नियंत्रण पाने का प्रयास करेंगे।

मकर — आज रचनात्मक कार्यों में आप काफी सक्रिय रहेंगे। परिवार की जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वाह करें। कानूनी विवादों का समाधान निकल सकता है। धन के अभाव के कारण जो काम रुके थे, वो शुरू हो सकते हैं।

कुंभ — आज भूमि क्रय-विक्रय संबंधी कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। आपके मन में परोपकार की भावना रहेगी। आकस्मिक धन लाभ होने की संभावना बन रही है। व्यावसायिक परेशानियों का निपटारा होगा। साझेदारी में नया काम शुरू कर सकते हैं।

मीन — आज गूढ़ विषयों को लेकर नए अनुभव प्राप्त होंगे। जल्दबाजी में आपको निर्णय नहीं लेना चाहिए। मन में अनावश्यक विचारों के कारण तनाव हो सकता है। समाज में सम्मानित लोगों को अपनी प्रतिष्ठा की चिंता रहेगी। आलस्य के कारण आप कुछ अच्छे अवसर चूक सकते हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
एक और एक ग्यारह
सुबह : 10.33
अविनाश
शाम : 06.08

SONY MAX
झुंड
सुबह : 09.55
3 इडिट्यस
रात : 09.08

SONY PIX
सैन एंड्रियास
सुबह : 11.22
घोस्टबस्टर्स
रात : 09.00

ZEE CINEMA
त्रिदेव
दोपहर : 12.00
रांझणा
रात : 10.05

colors CINEPLEX
ब्लू
सुबह : 10.20
गब्बर इज बैक
शाम : 05.58

आज की सुपरहिट फिल्म

कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम : 05.58 बजे

जोक्स ऑफ द डे

डॉक्टर- क्या बात है?
संजू- जी, कुत्ते ने काट लिया है।
डॉक्टर- तुमने बाहर बोर्ड पर लिखा नहीं पढ़ा, मरीज देखने का समय केवल सुबह आठ से 11 बजे तक है और तक है और तुम एक बजे आए हो।
संजू- जी मैंने तो पढ़ लिया था, पर कुत्ते ने नहीं पढ़ा।

जीजा- तुम्हें जीवन में क्या चाहिए?
साली- पैसा
जीजा- पैसे को साइड में रखो, अब बताओ क्या चाहिए?
साली- साइड में रखे पैसे।

मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 900 फ्लैग- 1050 बोल्ड- 1100 डीएमओ- 850
रामपुर : शिवालिक-925 फ्लैग-1035 डीएमओ-825 बोल्ड-1100

लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल	
गेहूँ (आरआर 21)	2360-2800
गेहूँ (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल प्रति कुन्तल	
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
दाल दलहन	
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूँग खड़ा	10000-10500
मूँग दाल	10500-11000
मूँग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राजमा सफेद	13000-14000
राजमा काला	11500-12500

7% की दर से बढ़ेगी अर्थव्यवस्था

निवेश, वृद्धि और व्यापक आर्थिक स्थिरता और सामान्य मानसून से बढ़ोत्तरी की आशा

नई दिल्ली, एजेंसी

सामान्य से बेहतर मानसून की उम्मीद और अबतक कोई ज्ञात वैश्विक जोखिम नहीं होने के कारण भारत की अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष (2024-25) में सात प्रतिशत से अधिक की दर से बढ़ेगी। ये अनुमान आर्थिक शोध संस्थान एनसीएईआर का है।

एनसीएईआर ने कहा है कि चालू वित्त वर्ष में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर सात प्रतिशत से अधिक और 7.5 प्रतिशत के आसपास रहेगी। संस्थान ने अपनी मासिक समीक्षा में कहा कि प्रमुख आर्थिक संकेतकों से पता चलता है कि घरेलू अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है और सभी एजेंसियों ने चालू वित्त वर्ष के लिए अपने वृद्धि अनुमान में संशोधन किया है। नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लायड इकनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) की महानिदेशक पूनम गुप्ता ने कहा कि चालू वित्त वर्ष के दौरान

● आर्थिक शोध संस्थान एनसीएईआर का अनुमान भारत की जीडीपी 7 से 7.5 प्रतिशत रहने की उम्मीद

जीडीपी की वृद्धि दर सात प्रतिशत से अधिक तथा 7.5 प्रतिशत के करीब हो सकती है। यह संभावना पहली तिमाही में आर्थिक गतिविधियों में तेजी, निवेश, वृद्धि और व्यापक आर्थिक स्थिरता पर गहन नीतिगत ध्यान और मानसून की उम्मीदों पर आधारित है।

उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति के चरम पर पहुंचने के साथ मौद्रिक नीति को और कड़ा करने की संभावना नहीं है। अंततः, वैश्विक वातावरण भी अनुकूल प्रतीत होता है, क्योंकि अबतक कोई ज्ञात वैश्विक जोखिम नहीं है। गुप्ता ने कहा कि खाद्य कीमतों पर काबू पाना एक चुनौती है। इस समस्या से निपटने के लिए व्यापक नीतिगत ढांचे की जरूरत है, जिसमें जलवायु-अनुकूल खाद्य आपूर्ति का निर्माण तथा डिब्बा बंद और संरक्षित खाद्य आपूर्ति की ओर धीरे-धीरे बदलाव करना शामिल है, ताकि समय पर आपूर्ति और मांग के बीच के अंतर को पाटा जा सके।

रिजर्व बैंक ने भी इसी महीने लगाया था यही अनुमान

इसी महीने, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। खुदरा मुद्रास्फीति मई में घटकर 12 महीने के निचले स्तर 4.7 प्रतिशत पर आ गई, हालांकि खाद्य मुद्रास्फीति ऊंची बनी रही।

धन प्रेषण बढ़ने से चालू खाता अधिशेष में मदद मिली : क्रिसिल

कोलकाता। पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में वस्तुओं के व्यापार घाटे में कमी, विदेशों से धनप्रेषण में वृद्धि और सेवा व्यापार में अधिशेष से देश का चालू खाता अधिशेष की स्थिति में रहा। क्रिसिल ने बुधवार को एक रिपोर्ट में यह बात कही।

हाल ही के आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी-मार्च, 2024 की अवधि में देश के चालू खाते में 5.7 अरब डॉलर का अधिशेष रहा, जो जीडीपी का 0.6% है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने कहा कि 2023-24 की तीसरी तिमाही में चालू खाता 8.7 अरब डॉलर के घाटे में था, जो जीडीपी का 1% है। 2022-23 की चौथी तिमाही में चालू खाता 1.3 अरब डॉलर के घाटे में था, जो जीडीपी का 0.2% है और चौथी तिमाही में सुधार के साथ जीडीपी का 0.6% होना तीनों मोर्चों पर सुधार दिखाता है।

दूसरे दिन ही खत्म स्पेक्ट्रम नीलामी 12% से भी कम बोलियां मिलीं

नई दिल्ली, एजेंसी

स्पेक्ट्रम नीलामी दूसरे दिन बोली शुरू होने के कुछ घंटों में ही समाप्त हो गई। इसमें दूरसंचार कंपनियों ने कुल मिलाकर 11,300 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का स्पेक्ट्रम खरीदा, जो कि सरकार द्वारा रखी गई रेडियो तरंगों के अनुमानित मूल्य 96,238 करोड़ का 12% से भी कम है।

सूत्रों ने बताया कि नीलामी में 800 मेगाहट्र्ज से 26 गीगाहट्र्ज के बीच 10 गीगाहट्र्ज स्पेक्ट्रम की पेशकश हुई। कुल 11,340 करोड़ की बोलियां हुईं। सात दौर की बोलियों में केवल 140-150 मेगाहट्र्ज ही बेचे गए हैं। पहले दिन 25 जून को पांच दौर की बोलियां लगीं। बुधवार को ज्यादा बोलियां नहीं मिलीं, जिससे अधिकारियों ने पूर्वाह्न साढ़े 11 बजे नीलामी खत्म करने की घोषणा कर दी। 2024 की नीलामी में 800, 900, 1,800, 2,100, 2,300, 2,500, 3,300 मेगाहट्र्ज और 26 गीगाहट्र्ज स्पेक्ट्रम बैंड की पेशकश हुई थी।

● दूरसंचार कंपनियों ने कुल 11,300 करोड़ का स्पेक्ट्रम खरीदा

एयरटेल ने 6,857 करोड़ का 97 मेगाहट्र्ज स्पेक्ट्रम खरीदा

भारती एयरटेल ने स्पेक्ट्रम नीलामी में 6,857 करोड़ रुपये में 97 मेगाहट्र्ज रेडियो तरंगों को खरीदा है। जो बेचे गए स्पेक्ट्रम का 60% है। एयरटेल ने कहा कि दूरसंचार कंपनी की अनुषंगी कंपनी भारती हेक्साकॉम ने 1,001 करोड़ के परिव्यय से 15 मेगाहट्र्ज का अधिग्रहण किया है। एयरटेल ने 900, 1,800 और 2,100 मेगाहट्र्ज बैंड में 6,857 करोड़ में 97 मेगाहट्र्ज स्पेक्ट्रम हासिल किया है।

इस बार स्पेक्ट्रम के लिए बोलियां उम्मीद से कम मिलीं। नीलामी में रिलायंस जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन-आइडिया उच्च गति मोबाइल सेवा को समर्थन देने वाली रेडियो तरंगों के लिए होड़ में रहीं।

सर्राफा

कानपुर	
चांदी 999 (प्रति किलो)	89300
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	95000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोनाबिस्कुट (दस ग्राम)	73325
गिन्नी (प्रति नग)	54650-54850
लखनऊ	
सोना स्टैंडर्ड	72,550
सोना रवा	72,300
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	90,100
चांदी (999)	90,000
चांदी सिक्के (100 नग)	90,5000
बरेली	
गोल्ड (पक्के जेवर)	72100
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	71100
सिल्वर (पक्की)	875 (अनुमानित))
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	72,500
चांदी आभूषण	88,800

सड़कें अच्छी हालत में न हों तो टोल न लें

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि अगर सड़कें अच्छी हालत में नहीं हैं तो राजमार्ग का संचालन करने वाली एजेंसियों को उपयोगकर्ताओं से टोल नहीं वसूलना चाहिए।

गडकरी उपग्रह-आधारित टोल संग्रह प्रणाली पर आयोजित एक वैश्विक कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। इसको चालू वित्त वर्ष में ही 5,000 किमी से अधिक लंबे राजमार्गों पर लागू किया जाना है। गडकरी ने कहा कि अगर आप अच्छी गुणवत्ता वाली सेवा नहीं देते हैं, तो आपको टोल नहीं लेना चाहिए। जबकि हम उपयोगकर्ताओं से शुल्क लेने और अपने हितों को सुरक्षित रखने के लिए टोल वसूलने की जल्दबाजी में हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आपको उसी जगह पर उपयोगकर्ता शुल्क लेना चाहिए, जहां आप सबसे अच्छी सड़क मुहैया करा रहे हैं। अगर आप गड्ढों और कीचड़ वाली सड़कों पर भी टोल वसूलते हैं, तो आपको लोगों की प्रतिक्रिया का भी सामना करना होगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) मौजूदा फास्टैग व्यवस्था के भीतर ही वैश्विक नेविगेशन उपग्रह प्रणाली (जीएनएसएस) पर आधारित इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह (ईटीसी) व्यवस्था लागू करने की योजना बना रहा है। इसमें शुरुआत में हाइब्रिड मॉडल का इस्तेमाल किया जाएगा, जिसमें रेडियो आवृत्ति पहचान (आरएफआईडी) पर आधारित टोल संग्रह और जीएनएसएस-आधारित टोल प्रणाली दोनों एक साथ काम करेंगी। एनएचएआई ने पहले इसे वाणिज्यिक वाहनों पर लागू करने की बात कही है।

एसबीआई ने बॉण्ड से 10,000 करोड़ जुटाए

नई दिल्ली। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने बुधवार को अपने पांचवें बुनियादी ढांचा बॉण्ड से 10,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के ऋणदाता ने यह राशि 7.36% की कूपन दर पर जुटाई है। शेयर बाजार को दी सूचना में एसबीआई ने कहा कि इस निर्गम को निवेशकों से जबर्दस्त प्रतिक्रिया मिली और 19,884 करोड़ से अधिक की बोलियां लगीं। इसे 5,000 करोड़ रुपये के आधार निर्गम आकार के मुकाबले चार गुना अधिक अभिदान मिला। उसे 143 बोलियां मिलीं, जो विविधता के साथ व्यापक भागीदारी का संकेत देता है। निवेशक भविष्य निधि, पेंशन कोष, बीमा कंपनियों, म्यूचुअल फंड, कॉरपोरेट्स आदि से थे। बैंक ने कहा कि बॉण्ड से मिलने वाली राशि का उपयोग बुनियादी ढांचे और किफायती आवास क्षेत्रों के वित्तपोषण के लिए किया जाएगा।

मुलाकात

इंडियन न्यूज पेपर सोसाइटी के अध्यक्ष राकेश शर्मा ने मीडिया उद्योग के लिए आगामी बजट प्रस्तावों पर चर्चा के लिए बुधवार की शाम को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भेंट की। बैठक बहुत सौहार्दपूर्ण और परिणाम मूलक रही।

राष्ट्रीय

एक नजर

मणिपुर में कुकी उग्रवादियों का जिरीबाम पर हमला

इम्फाल। संदिग्ध कुकी उग्रवादियों ने मणिपुर के जिरीबाम जिले में बुधवार को बम और अत्याधुनिक हथियारों के जरिए हमला किया। पुलिस ने बताया कि हमले में बोरोबेकरा इलाके में तीन घर पूरी तरह से नष्ट हो गये। संदिग्ध उग्रवादियों ने कथित तौर पर पहले बम फेंके और बाद में घरों में आग लगा दी। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने हाल ही में सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह और डीजीपी राजीव सिंह से कार्रवाई में विफलता को लेकर एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा था, जबकि मुख्यमंत्री कार्यालय ने उन्हें सूचित किया था कि 200 कुकी उग्रवादी जिरीबाम पर हमला करने की योजना बना रहे हैं।

जम्मू-कश्मीर में ग्रेनेड धमाके में जवान घायल

सांबा/जम्मू। जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में बुधवार को शिविर के अंदर ग्रेनेड विस्फोट होने से एक जवान गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि जवान दियानी स्थित शिविर के अंदर प्रशिक्षण के लिए ग्रेनेड को संभाल रहा था जो उसके हाथ में फट गया। अधिकारियों ने बताया कि घायल जवान को सांबा के सैन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

लालू के करीबी अमित कात्याल को जमानत

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद के करीबी अमित कात्याल को रेलवे में जमीन के बदले कथित नौकरी घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में स्वास्थ्य आधार पर बुधवार को छह हफ्ते की अंतरिम जमानत दे दी। ईडी ने कात्याल को पिछले साल 11 नवंबर को गिरफ्तार किया था। कात्याल ने कोर्ट में दलील दी कि वजन घटाने संबंधी बेरियाट्रिक सर्जरी कराने के बाद उन्हें और उपचार व देखभाल की जरूरत है, जो तिहाड़ जेल में नहीं हो सकती। न्यायमूर्ति धर्मेश शर्मा की अवकाशकालीन पीठ ने कात्याल की अंतरिम जमानत मंजूर करते हुए कहा कि उनकी आहार संबंधी आवश्यकताएं ऐसी हैं, जो जेल में मुहैया नहीं की जा सकतीं।

बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष पुलिस हिरासत में

जम्मू। जम्मू-कश्मीर की विशेष अदालत ने 2020 में साथी वकील बाबर कादरी की हत्या की साजिश के मामले में उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष मियां अब्दुल कयूम को बुधवार को एक जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। कयूम को मंगलवार को गिरफ्तार कर श्रीनगर से जम्मू लाया गया और उन्हें विशेष अदालत के समक्ष पेश किया गया। अदालत ने बंद कमरे में हुई सुनवाई के दौरान पुलिस रिमांड का आदेश दिया।

ट्रेनों में जानवरों की तरह लोगों को यात्रा करते देखना शर्मनाक : कोर्ट

मौतों की बढ़ती संख्या पर दाखिल जनहित याचिका पर बंबई उच्च न्यायालय ने की सुनवाई

मुंबई, एजेंसी

बंबई हाईकोर्ट ने बुधवार को कहा कि उपनगरीय रेल सेवा में यात्रियों को जानवरों की तरह यात्रा करने के लिए मजबूर होते देखना शर्मनाक है। रेलगाड़ियों से गिरने या पटरियों पर अन्य दुर्घटनाओं से यात्रियों की मौतों की बढ़ती संख्या को लेकर दाखिल एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने कहा कि इस बहुत गंभीर मुद्दे से निपटा जाना चाहिए।

मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति अमित बोरकर की पीठ ने कहा कि वह मध्य और पश्चिम रेलवे दोनों के शीर्ष अधिकारियों को जवाबदेह ठहराएगी क्योंकि मुंबई में स्थिति दयनीय है। जनहित

याचिका यतिन जाधव द्वारा दाखिल की गई है। अदालत ने कहा कि जनहित याचिका में बहुत ही गंभीर मुद्दा उठाया गया है और इसलिए रेलवे अधिकारियों को इस पर ध्यान देना होगा। आप यह नहीं कह सकते कि शहर में लोगों की बहुत अधिक संख्या की वजह से हम यह नहीं कर सकते या वह नहीं कर सकते। आप लोगों को मवेशियों की तरह ढोते हैं। जिस तरह से यात्री यात्रा करते हैं उसे लेकर हम खुद को शर्मिंदा महसूस करते हैं। पीठ ने पश्चिमी और मध्य रेलवे के महाप्रबंधक को पूरे मामले पर गौर करने और जवाबी हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि वह इस जनहित याचिका पर आठ सप्ताह बाद अगली सुनवाई करेगी।

2023 में पटरियों पर हुईं 2590 मौतें, हर दिन 7

याचिका के अनुसार, 2023 में 2,590 यात्रियों की मौत पटरियों पर हुई, यानी हर दिन सात मौतें। इसी अवधि में 2,441 लोग घायल हुए। मध्य रेलवे के अंतर्गत आने वाली पटरियों पर हुए हादसों में 1,650 लोग मारे गए, जबकि पश्चिमी रेलवे के अंतर्गत आने वाले खंड पर 940 लोग मारे गए।

पठानकोट में दो संदिग्ध आंतकी, हाई अलर्ट जारी

पठानकोट। पंजाब के पठानकोट में दो संदिग्ध आंतकवादियों के घुसने की सूचना पर बुधवार को सीमावर्ती जिलों गुरदासपुर और पठानकोट में हाई अलर्ट जारी किया गया है।

पुलिस को मंगलवार देर रात अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास कोट भठियां गांव के एक व्यक्ति ने नियंत्रण कक्ष को सूचना दी कि दो नकाबपोश भारी हथियारों से लैस उसके फार्म हाउस में घुस आए और उसके सिर पर बंदूक तान दी और खाना बनाने को कहा। दोनों खाना खाने के बाद पठानकोट के लिए रवाना हो गए। पठानकोट एसएसपी सुहैल कासिम मीर ने वरिष्ठ अधिकारियों, गुरदासपुर के पुलिस प्रमुख हरीश दियामा और गुरदासपुर जिले के सभी थानेदारों से बैठक की। बैठक के बाद सेना और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को सूचना दे दी गई है। मामून छावनी और पठानकोट वायु सेना स्टेशन को भी सुरक्षित कर लिया गया है। पुलिस ने दोनों आतंकियों को पकड़ने के लिए गुरदासपुर, धारीवाल, दीनानगर और पठानकोट के रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों पर चेकिंग शुरू कर दी है।

3 और उपमुख्यमंत्रियों की मांग पर कांग्रेस का फैसला होगा अंतिम

बेंगलुरु,एजेंसी

● कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने कहा- आलाकमान लेगा फैसला

● एससी/एसटी व ओबीसी के नेताओं को उपमुख्यमंत्री बनाने की वकालत

कर्नाटक में 3 और उप मुख्यमंत्रियों की मांग के बीच मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने बुधवार को कहा कि इस पर कांग्रेस आलाकमान का फैसला अंतिम है। दरअसल, राज्य के कुछ मंत्री वीरशैव-लिंगायत, एससी/एसटी और ओबीसी के नेताओं को उपमुख्यमंत्री पद देने की वकालत कर रहे हैं।

वर्तमान में डीके शिवकुमार उपमुख्यमंत्री हैं और वोक्कालिगा समुदाय से हैं। सिद्धरमैया ने कहा कि आलाकमान जो भी फैसला लेता है, वह अंतिम है। कांग्रेस के एक वर्ग का मानना है कि तीन और उपमुख्यमंत्री बनाने की मांग संबंधी मंत्रियों के बयान सिद्धरमैया खेमे की खास योजना का हिस्सा है और उसका मकसद शिवकुमार को काबू में रखना है। ऐसी चर्चा है कि शिवकुमार सरकार के ढाई साल के कार्यकाल के बाद मुख्यमंत्री पद की मांग कर सकते हैं। सहकारिता मंत्री के एन राजन्ना, आवास मंत्री बी जेड ज़मीर अहमद खान, लोक निर्माण मंत्री सतीश जरकीहोली और कुछ अन्य नेताओं ने तीन और उप मुख्यमंत्रियों की मांग कीथी। इन्हें सिद्धरमैया का करीबी माना जाता है। पिछले साल चुनाव के बाद मुख्यमंत्री पद के लिए शिवकुमार और सिद्धर मैया में प्रतिस्पर्धा के मद्देनजर कांग्रेस ने फैसला किया था कि शिवकुमार एकमात्र उप मुख्यमंत्री होंगे। शिवकुमार ने कहा था कि पार्टी इसका जवाब देगी। शिवकुमार कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष भी हैं।

टीएमसी विधायकों ने नहीं ली शपथ, राज्यपाल दिल्ली रवाना

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल में टीएमसी के दो नवनिर्वाचित विधायकों के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर गतिरोध बुधवार को भी जारी रहा क्योंकि राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने विधानसभा में कार्यक्रम आयोजित करने से इनकार कर दिया और वह नयी दिल्ली के लिए रवाना हो गए।

इससे नाराज सायंतिका बंद्योपाध्याय व रायत हुसैन सरकार ने कहा कि वह कुछ दिन तक और इंतजार करेंगे तथा इसके बाद पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से इस पर चर्चा करेंगे। दोनों विधायक, विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी और संसदीय कार्य मंत्री सोभनदेव चट्टोपाध्याय फिलहाल विधानसभा में बैठक कर रहे हैं। राजभवन ने उपचुनाव में विधानसभा के लिए निर्वाचित दोनों विधायकों को बुधवार को राजभवन में शपथ लेने के लिए आमंत्रित किया था। टीएमसी ने दावा किया कि ऐसे मामले में परंपरा यह है कि राज्यपाल विधानसभा अध्यक्ष या उपाध्यक्ष को शपथ दिलाने का काम सौंपते हैं। राजभवन के सूत्रों के अनुसार राज्यपाल शाम को नई दिल्ली रवाना हो गए। वहीं, दिन में दोनों विधायक विधानसभा पहुंचे और उन्होंने कहा कि वह राज्यपाल द्वारा

● बंद्योपाध्याय और सरकार ने कहा- कुछ दिन करेंगे इंतजार, इसके बाद पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से करेंगे चर्चा

उन्हें पद की शपथ दिलाने या अध्यक्ष को ऐसा करने के लिए अधिकृत करने के लिए शाम 4 बजे तक इंतजार करेंगे। उन्होंने विधानसभा की सीढ़ियों पर धरना भी दिया।

बोस पर मुद्दे को जटिल बनाने का लगाया आरोप

विधानसभा अध्यक्ष ने राज्यपाल पर शपथ ग्रहण समारोह को अहंकार की लड़ाई में बदलने और जानबूझकर मुद्दे को जटिल बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि जानबूझकर गतिरोध पैदा किया गया, जिससे राज्यपाल ही बेहतर जानते हैं। हम राज्यपाल के आने का इंतजार कर रहे थे, लेकिन वह नहीं आए। राज्यपाल ने इसे अहंकार की लड़ाई में बदल दिया है। वे अपनी शक्तियों का प्रयोग कर रहे हैं। मैं भी कानूनी विशेषज्ञों से सलाह लूंगा।

जागरूकता

उत्तर दिनाजपुर में बुधवार को नशे के दुष्प्रभाव और तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर साइकिल रैली में भाग लेते बीएसएफ के जवान।

इसरो जासूसी मामले में 5 के खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

● 1994 में अंतरिक्ष वैज्ञानिक नंबी नारायणन को फंसाने के मामले की जांच कर रही है सीबीआई

सीबीआई ने 1994 के इसरो जासूसी मामले में अंतरिक्ष वैज्ञानिक नंबी नारायणन को कथित तौर पर फंसाने के सिलसिले में यहां की एक अदालत में पांच व्यक्तियों के खिलाफ आरोप-पत्र दायर किया है।

सूत्रों के मुताबिक अभी ये पता नहीं चल पाया है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद 2021 में दर्ज मामले में किसके खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल हुआ है। सुप्रीम कोर्ट ने 15 अप्रैल, 2021 को आदेश दिया था कि इसरो के वैज्ञानिक से जुड़े 1994 के जासूसी मामले में दोषी पुलिस अधिकारियों की भूमिका पर उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट सीबीआई को दी जाए। केरल पुलिस ने अक्टूबर 1994 में दो मामले दर्ज किए थे। मालदीव की नागरिक रशीदा को तिरुवनंतपुरम में गिरफ्तार किया गया था। उस पर आरोप था कि उसने पाकिस्तान को बेचने के लिए इसरो के रॉकेट इंजन के गोपनीय चित्र प्राप्त किए थे। इस मामले में इसरो में क्रायोजेनिक परियोजना के तत्कालीन निदेशक नारायणन को तत्कालीन इसरो उपनिदेशक डी शशिकुमारन के साथ गिरफ्तार किया गया था। इसके अलावा रशीदा की दोस्त फौजिया हसन को गिरफ्तार किया गया था। सीबीआई जांच में यह आरोप झूठे पाए गए थे।

आय से अधिक संपत्ति में कुलगाम डीएसपी के खिलाफ प्राथमिकी

जम्मू। जम्मू-कश्मीर भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो (एसीबी) ने बुधवार को आय से अधिक संपत्ति के मामले में पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है और जम्मू-कश्मीर तथा हिमाचल प्रदेश में कथित तौर पर उनके स्वामित्व वाली संपत्तियों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि डीएसपी चंचल सिंह के आय के ज्ञात स्रोत से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोपों की जांच एसीबी कर रही है, जिनमें हिमाचल प्रदेश के मनाली में दो होटल भी हैं। एसीबी के प्रवक्ता ने बताया कि डीएसपी पर लगे आरोपों की जांच के आधार पर ब्यूरो ने मामला दर्ज किया है। सिंह वर्तमान में दक्षिण कश्मीर के कुलगाम में डीएसपी हैं। आरोपी ने खुद तथा परिवार के नाम पर चल और अचल संपत्तियां अर्जित कीं। इनमें कई बेनामी संपत्तियां भी हैं, जिनमें जम्मू में मकान, भूखंड, दुकानें और व्यापारिक प्रतिष्ठान तथा हिमाचल के मनाली में दो होटल हैं।

● जम्मू और हिमाचल में है करोड़ों की कई बेनामी संपत्तियां

राजस्थान की केमिकल फैक्ट्री में लगी आग, चार लोगों की मौत

अलवर, एजेंसी

राजस्थान में खैरथल तिजारा जिले के भिवाड़ी के पास खुशखेडा औद्योगिक क्षेत्र स्थित दवा और केमिकल फैक्ट्री में लगी आग में अब तक चार लोगों की मौत हो गई तथा कई झुलस गए। ये हादसा खुशखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र स्थित वर्तिका केमिकल्स एंड फार्मास्युटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड में हुआ था। हादसे के वक्त फैक्ट्री में 50 कर्मचारी काम कर रहे थे।

हादसे में 12 से अधिक कर्मचारी झुलस गए थे, जिनमें से कई की हालत गंभीर है। सूचना पहुंची 10 दमकलों ने डेढ़ घंटे में आग पर काबू पाया। फायर अधिकारी नरेश मीणा ने बताया कि कंपनी में शॉर्टकट से आग लगी थी और शॉर्ट सर्किट के बाद ही ब्लास्ट हुआ था जिसमें चार शव मिले हैं। तीन शव दीवार से चिपके मिले क्योंकि इस ब्लास्ट में दीवार गिर गई थी और 11 व्यक्ति घायल हो गए थे।

मृतकों में यूपी दो लोग

हादसे में यूपी के विकास, अजय व विशाल तथा जम्मू कश्मीर के राजकुमार की मौत हुई है। विकास, अजय और विशाल ऑपरेटर हैं जबकि राजकुमार शिफ्ट इंचार्ज है। तिजारा के उप पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बताया कि फैक्ट्री से 100 मीटर दूर खुशखेड़ा रीको फायर स्टेशन है। भिवाड़ी और तिजारा से भी दमकलों को बुलाया गया। फैक्ट्री में केमिकल रिएक्शन से हुए धमाके के बाद आग लगी।

नगालैंड में 20 साल बाद हुआ नगर निकाय चुनाव, 80 प्रतिशत मतदान

कोहिमा। नगालैंड में नगर निकायों के लिए दो दशक बाद कराए गए चुनाव में बुधवार को 80 प्रतिशत मतदान हुआ। 10 जिलों के 25 शहरी निकायों में मतदान सुबह साढ़े सात से शाम चार बजे तक हुआ। एक अधिकारी ने कहा कि चार बजे के बाद भी मतदाताओं के कतार में खड़े रहने से प्रतिशत बढ़ने की संभावना है। राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) के अधिकारी ने बताया कि 10 जिलों के 214 केंद्रों पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था थी। 420 केंद्रों पर मतपत्रों से मतदान कराया गया। नगालैंड राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि पहली बार महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण के साथ शहरी निकाय चुनाव कराए गए। पूर्वोत्तर के इस राज्य में यह ऐतिहासिक चुनाव है क्योंकि तीन नगरपालिकाओं और 22 नगर परिषद के लिए चुनाव 20 वर्ष के बाद कराया गया। इससे पहले 2004 में चुनाव हुआ था। सरकार ने कई बार निकाय चुनाव की घोषणा की थी लेकिन महिला आरक्षण, भूमि तथा संपत्तियों पर कर के खिलाफ जनजातीय संगठनों और नागरिक संस्थाओं की आपत्तियों के कारण चुनाव नहीं कराया जा सका।

टी20 विश्वकप फाइनल में जगह बनाने उतरेंगे दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान

तारोबा (त्रिनिदाद), एजेंसी

टूर्नामेंट में इतिहास रचने वाले अफगानिस्तान का सामना टी20 विश्व कप के पहले सेमीफाइनल में गुरुवार को यहां जब सदाबहार दक्षिण अफ्रीका से होगा तो यह मुकाबला परिणाम के बावजूद ऐतिहासिक होगा। दक्षिण अफ्रीका की टीम ने टूर्नामेंट में अपने सातों मैच जीते हैं लेकिन इस आईसीसी प्रतियोगिता का आकर्षण अफगानिस्तान रहा है। टीम अपने देश में युद्ध की तबाही से ऊपर उठी और संघर्ष के जज्बे की बदौलत 2021 के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को भी शिकस्त दी, जिसे उन्होंने पहले कभी नहीं हराया था।

अफगानिस्तान के शानदार प्रदर्शन के कई नायक हैं- कप्तान राशिद खान ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है, तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी और नवीन उल हक ने टीम को शुरुआती सफलताएं दिलाई, गुलबदिन नायब ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चमत्कारिक स्पेल डाला जबकि मोहम्मद नबी ने भी शानदार प्रदर्शन किया। सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज 281 रन के साथ टूर्नामेंट के सबसे सफल बल्लेबाज जबकि फारूकी 16 विकेट के साथ सबसे सफल गेंदबाज हैं।

दक्षिण अफ्रीका के घाव भी गहरे हैं लेकिन वे विशुद्ध रूप से क्रिकेट से जुड़े हैं। अतीत में दक्षिण अफ्रीका ने कुछ मजबूत टीमें तैयार की लेकिन 1991 में विश्व क्रिकेट में पुनः प्रवेश के बाद से कभी भी टी20 या 50 ओवर के विश्व कप के खिताबी दौर में प्रवेश नहीं कर पाया। दक्षिण अफ्रीका ने अब तक अपना धैर्य बरकार रखते हुए कुछ बेहद करीबी मुकाबले जीते हैं। टीम ने टूर्नामेंट में एक रन (नेपाल के खिलाफ), चार रन (बांग्लादेश के खिलाफ) और तीन विकेट (वेस्टइंडीज के खिलाफ) की करीबी जीत दर्ज की। दक्षिण अफ्रीका की अतीत की टीमें इन परिस्थितियों में विफल हो सकती थी लेकिन एडेन मार्कराम की टीम ने उल्लेखनीय दृढ़ता दिखाई है। टूर्नामेंट के शीर्ष 10 बल्लेबाजों की सूची में केवल एक दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी है। क्विंटन डिकॉक सात मैच में 199 रन बनाकर छठे स्थान पर हैं जबकि उनका कोई भी गेंदबाज शीर्ष 10 में शामिल नहीं है। लेकिन वे यहां सेमीफाइनल में खेल रहे हैं।

द. अफ्रीका का सफर

- श्रीलंका को 6 विकेट से हराया
- नीदरलैंड को 4 विकेट से हराया
- बांग्लादेश को 4 रन से हराया
- नेपाल को 1 रन से हराया
- अमेरिका को 18 रन से हराया
- इंग्लैंड को 7 रन से हराया
- वेस्टइंडीज को 3 विकेट से हराया

टीम इस प्रकार हैं

अफगानिस्तान : राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जादरान, अजमतुल्लाह उमरजई, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद इशाक, मोहम्मद नबी, गुलबदिन नायब, करीम जनत, नांग्याल खारोटी, मुजीब उर रहमान, नूर अहमद, नवीन उल हक, फजलहक फारूकी और फरीद अहमद मलिक।

दक्षिण अफ्रीका : एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएट्जी, क्विंटन डिकॉक, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसेन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिक नोर्किया, कागिसो रबादा, रेयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी और ट्रिस्टन स्टब्स।

समय : मैच गुरुवार को भारतीय समयानुसार सुबह छह बजे शुरू होगा।

अफगानिस्तान का सफर

- युगांडा को 125 रन से हराया
- न्यूजीलैंड को 84 रन से हराया
- पीएनजी को 7 रन से हराया
- वेस्टइंडीज से 104 रन से हारे
- भारत से 47 रन से हारे
- ऑस्ट्रेलिया को 21 रन से हराया
- बांग्लादेश को 8 रन से हराया

अंग्रेजों से हार का बदला लेने को तैयार टीम इंडिया

भारत-इंग्लैंड के बीच मैच में बारिश होने की स्थिति में अंक तालिका में शीर्ष पर होने के कारण भारतीय टीम सीधे फाइनल में पहुंच जाएगी

नई दिल्ली, एजेंसी

- इंग्लैंड से वर्ष 2022 में टी-20 सेमीफाइनल में मिली थी मात
- गुयाना में आज होगा भारत और इंग्लैंड का आमना-सामना

रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय क्रिकेट टीम गुरुवार को गुयाना में पिछले टी-20 विश्वकप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड के हाथों मिली हार का बदला लेकर इस बार फाइनल में प्रवेश के इरादे से उतरेगी। टूर्नामेंट में भारतीय बल्लेबाजों और गेंदबाजों का विश्वकप में अब बेहतरीन प्रदर्शन रहा है। इसी के बलबूते पर वह दक्षिण अफ्रीका के बाद एकमात्र ऐसी टीम है, जिसे अब तक इस संस्करण में हार का सामना नहीं करना पड़ा है। परिस्थितियों को देखते हुए ऐसा लगा रहा कि भारतीय टीम इतिहास रचने के करीब है और उसे इंग्लैंड से वर्ष 2022 में टी-20 सेमीफाइनल में मिली हार का बदला चुकाना है।

मौसम को देखते हुए माना जा रहा है कि भारत-इंग्लैंड मैच में बारिश हो सकती है। इस मैच के लिए कोई रिजर्व डे भी नहीं है। अगर बारिश के कारण मैच धुल जाता है तो अंक तालिका में शीर्ष पर होने के कारण भारतीय टीम सीधे फाइनल में पहुंच जाएगी। शीर्ष क्रम में भारत विराट कोहली के बल्ले से रन की उम्मीद है। हालांकि उच्च मानकों के अनुसार इस टूर्नामेंट में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। वहीं उनके सलामी जोड़ीदार और कप्तान रोहित से सेमीफाइनल में अधिक उम्मीदें है। रोहित ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि वह व्यक्तिगत उपलब्धियों की परवाह किए बिना पावरप्ले में आक्रामक बल्लेबाजी करने का इरादा रखते हैं।

भारतीय गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का इंग्लैंड के खिलाफ शानदार रिकार्ड रहा है और इस विश्व कप में वह लय में हैं। इंग्लैंड के बल्लेबाजो के खिलाफ वह और भी अधिक घातक रहे हैं। टी-20 में जॉस बटलर ने अब तक बुमराह का 12 पारियों में सामना किया है और उसमें केवल 5.19 की रनरेट से रन बनाते हुए चार बार आउट हुए हैं। वहीं सैम करन तो पांच पारियों में चार बार बुमराह का शिकार बने हैं। इसी तरह लियम लिविंगस्टन और मोईन अली जैसे खिलाड़ियों भी नाम हैं, जिनका बल्ला बुमराह के खिलाफ शांत रहा है। इसके अलावा अर्शदीप सिंह की गेंदबाजी में धार गेंदबाजी कर तथा हार्दिक पंड्या ने अपने ऑलराउंड प्रदर्शन से सबको प्रभावित किया है। रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल और कुलदीप की स्पिन तिकड़ी से भी प्रदर्शन की उम्मीद है।

जॉस बटलर टी-20 विश्व कप में 900 से अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों की अगर लिस्ट निकाली जाए तो सबसे अधिक स्ट्राइक रेट के मामले में वह बहुत आगे हैं। उन्होंने इस टूर्नामेंट में अब तक 45 की औसत और 147.1 के स्ट्राइक रेट से 990 रन बनाए हैं। 2016 के बाद से बटलर ने हर टी-20 विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन किया है।

इंग्लैंड को असाधारण खेल की जरूरत: कॉलिंगवुड

नई दिल्ली, एजेंसी। पूर्व ऑलराउंडर पॉल कोलिंगवुड के अनुसार टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में फॉर्म में चल रहे भारत को हराने के लिए इंग्लैंड को असाधारण प्रदर्शन करना होगा और उन्हें लगता है कि रोहित शर्मा की टीम के गत चैंपियन के खिलाफ हारने की संभावना नहीं है। कोलिंगवुड ने 'स्टार स्पोर्ट्स प्रेस रूम' कार्यक्रम में कहा, ईमानदारी से कहूं तो मैं इस बार भारत को हारते हुए नहीं देखता। इंग्लैंड को उन्हें हराने के लिए कुछ असाधारण करने की जरूरत होगी। जसप्रीत बुमराह शानदार फॉर्म में हैं। पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान जैसी टीमों को उनके खिलाफ रन बनाने के लिए जूझना पड़ा।

चोटिल रेड्डी की जगह जिम्बाब्वे दौरे जायेंगे दुबे

मुम्बई। चोटिल नितीश कुमार रेड्डी की जगह शिवम दुबे को जिम्बाब्वे दौरे की 15 सदस्यीय टीम में चुना गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने यह जानकारी दी। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि रेड्डी को किस तरह की चोट लगी है, लेकिन चिकित्सा दल उनकी फिटनेस पर नजर रखे हुये हैं। 21 साल के ऑलराउंडर रेड्डी को आईपीएल में सनराइज़र्स हैदराबाद की टीम में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए पहली बार भारतीय टीम में चुना गया था। इस टूर्नामेंट में उन्होंने 142 .92 के स्ट्राइक रेट से 303 रन बनाए और गेंदबाज़ी में 13 .1 ओवर करते हुए तीन विकेट लिए। दुबे जो कि इस समय भारत की टी-20 विश्वकप 2024 टीम का हिस्सा हैं। उनके आंकड़े टूर्नामेंट में मिले जुले रहे हैं, जहां पर उन्होंने छह मैच में 107 .07 के स्ट्राइक रेट से 106 रन बनाए हैं। उन्होंने आईपीएल के 14 मैचों में 162 .29 के स्ट्राइक रेट से 396 रन बनाए थे।

आईसीसी ने राशिद को फटकार लगाई

दुबई। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान को बांग्लादेश के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच के दौरान अपने साथी करीब जनत के रन लेने से मना करने के बाद हताशा में बल्ला जमीन पर फेंकने के लिए आधिकारिक तौर पर फटकार लगाई है। यह घटना अफगानिस्तान की पारी के अंतिम ओवर में घटी, जब जनत के दूसरा रन लेने से मना करने के बाद राशिद अपना आपा खो बैठे। आईसीसी ने विज्ञप्ति में कहा, राशिद को खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.9 का उल्लंघन करते हुए पाया गया जो किसी अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान किसी खिलाड़ी पर या उसके पास अनुचित या खतरनाक तरीके से गेंद (या क्रिकेट उपकरण का कोई अन्य सामान) फेंकने से संबंधित है। इसमें कहा गया, इसके अलावा राशिद के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है।

खेल डायरी

इंग्लैंड के ओली रॉबिन्सन ने महंगा ओवर फेंका

ब्राइटन (इंग्लैंड)। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ओली रॉबिन्सन ने बुधवार को काउंटी चैम्पियनशिप मैच में 43 रन लुटाकर प्रथम श्रेणी क्रिकेट इतिहास में दूसरा सबसे महंगा ओवर फेंकने का अनचाहा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। दायें हाथ के गेंदबाज रॉबिन्सन (30 वर्ष) ने इंग्लैंड के लिए 2021 में पदार्पण के बाद 20 टेस्ट खेले हैं। उन्होंने होव में यहां ससेक्स के लिए खेलते हुए लीसेस्टरशर के खिलाफ डिवीजन दो मैच में अपना ओवर पूरा करने के लिए कुल नौ गेंद फेंकी जिन पर 43 रन बने। लीसेस्टरशर के लुईस किम्बर ने रॉबिन्सन पर पांच छक्के (तीन नोबॉल पर लगे), तीन चौके और एक रन से 43 रन बनाये। उन्होंने पूर्व टेस्ट तेज गेंदबाज एलेक्स ट्यूडर के 38 रन देने के ओवर के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया।

ग्रैंड शतरंज टूर: गुकेश खिताब के प्रबल दावेदार

बुखारेस्ट (रोमानिया)। विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश गुरुवार से यहां शुरू होने वाले सबसे बड़े इनामी टूर्नामेंट ग्रैंड शतरंज टूर में खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेंगे जबकि आर प्रज्ञाननंदा की निगाह भी सफलता हासिल करने पर होगी। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में दुनिया के कुछ शीर्ष खिलाड़ी भाग ले रहे हैं जो अपनी बादशाहत साबित करने और मोटी धनराशि हासिल करने के लिए किसी तरह की कसर नहीं छोड़ेंगे। बुखारेस्ट का इस टूर्नामेंट में करीबी मुकाबले होने की पूरी संभावना है।

रिलायंस फाउंडेशन ने बनाया इंडिया हाउस

नई दिल्ली। रिलायंस फाउंडेशन ने भारतीय ओलंपिक संघ के साथ साझेदारी के तहत पेरिस ओलंपिक खेलों में देश का पहला कंट्री हाउस यानी इंडिया हाउस बनाया है। इंडिया हाउस पेरिस के प्रतिष्ठित पार्क डे ला विलेट में बनाया गया है। इंडिया हाउस के दरवाजे दुनिया भर के एथलीटों, गणमान्य व्यक्तियों और खेल प्रेमियों के लिए खुले रहेंगे। इस हाउस भारत की प्रतिभा, क्षमता और महत्वाकांक्षा, संस्कृति से लेकर कला और खेल से लेकर योग, हस्तशिल्प, संगीत की झलक मिलेगी और पारंपरिक भारतीय व्यंजन परोसे जाएंगे।

भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर के अध्यक्ष बने कपिल देव

नई दिल्ली। भारत की 1983 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान रहे कपिल देव ने भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर (पीजीटीआई) के नए अध्यक्ष का पद संभाल लिया है। यह पद इस प्रतिष्ठित पूर्व क्रिकेटर के लिए एक नई शुरुआत है, जिन्होंने एमेच्योर गोल्फ खिलाड़ी के रूप में भी शानदार प्रदर्शन किया है। 65 वर्षीय कपिल पहले से ही उपाध्यक्ष के रूप में पीजीटीआई बोर्ड के सदस्य थे। उन्हें सर्वसम्मति से चुना गया। वह एचआर श्रीनिवासन की जगह लेंगे, जिनका कार्यकाल समाप्त हो गया है। कपिल ने अपने नए पद के बारे में कहा, पीजीटीआई का अध्यक्ष बनना मेरे लिए सम्मान की बात है। मैं पिछले कुछ वर्षों से इस संगठन से जुड़ा हुआ हूं।

मध्यप्रदेश के पूर्व रणजी कप्तान विजय नहीं रहे

इंदौर। मध्यप्रदेश की रणजी ट्रॉफी टीम के पूर्व कप्तान विजय नायडू (79) का बुधवार को लम्बी बीमारी के बाद मुंबई में निधन हो गया। वह 79 वर्ष के थे। मध्यप्रदेश क्रिकेट संघ (एमपीसीए) के सचिव संजीव राव ने यह जानकारी दी। राव ने बताया कि नायडू ने 1968-69 से 1970-71 तक तीन सत्रों में मध्यप्रदेश की रणजी ट्रॉफी टीम का नेतृत्व किया था। नायडू ने 1960-61 से 1977-78 के बीच 47 प्रथम श्रेणी और तीन लिस्ट-ए मैच खेले थे। एमपीसीए सचिव ने बताया, नायडू एक भरोसेमंद बल्लेबाज थे जो प्रभावी गेंदबाजी भी कर सकते थे।

जयवर्धने ने सलाहकार कोच पद से इस्तीफा दिया

कोलंबो। पूर्व कप्तान माहेला जयवर्धने ने श्रीलंका के सलाहकार कोच पद से इस्तीफा दे दिया है। श्रीलंका क्रिकेट ने बुधवार को यह जानकारी दी। श्रीलंका के टी20 विश्व कप के पहले दौर से बाहर को जाने के बाद उन्होंने इस्तीफा देने का फैसला किया जो तुरंत प्रभाव से लागू होगा। श्रीलंका क्रिकेट ने बयान ने कहा, जयवर्धने ने अपने कार्यकाल के दौरान राष्ट्रीय टीम के तंत्र में महत्वपूर्ण बदलाव करने में अहम भूमिका निभाई। श्रीलंका क्रिकेट भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं देता है और अपनी सेवाएं देने के लिए उनका आभार व्यक्त करता है।

सूर्या को पछाड़कर हेड बने नंबर एक टी20 बल्लेबाज

- दिसंबर 2023 से शीर्ष पर थे सूर्यकुमार यादव
- हेड ने टी20 विश्वकप में दो अर्धशतक की मदद से 255 रन बनाए
- भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 24वें स्थान पर पहुंच गए
- स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल आठवें स्थान के साथ शीर्ष भारतीय गेंदबाज
- इंग्लैंड के आदिल राशिद गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर

दुबई, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड बुधवार को जारी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम रैंकिंग में भारत के सूर्यकुमार यादव को पछाड़कर दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज बन गए। सूर्यकुमार यादव दिसंबर 2023 से शीर्ष पर थे। हेड ने टूर्नामेंट में दो अर्धशतक की मदद से 255 रन बनाए, जिसमें सुपर आठ मुकाबले में भारत के खिलाफ 76 रन की पारी भी शामिल है। हेड सूर्यकुमार (842 अंक) से दो अंक आगे हैं। सूर्यकुमार दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं, लेकिन उनके पास दोबारा नंबर एक रैंकिंग हासिल करने का मौका है क्योंकि भारत टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बना चुका है। इंग्लैंड के फिल सॉल्ट और पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम तथा मोहम्मद रिजवान भी शीर्ष पांच में शामिल हैं। वेस्टइंडीज के जॉनसन चार्ल्स शीर्ष 10 में जगह बनाने वाले एकमात्र नए खिलाड़ी हैं। अफगानिस्तान के स्टार बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज को भी पांच स्थान का फायदा हुआ है। भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह 44 स्थान की लंबी छलांग के साथ 24वें स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि स्पिनर कुलदीप यादव भी 20 स्थान के फायदे से 11वें पायदान पर हैं। स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल आठवें स्थान के साथ शीर्ष भारतीय गेंदबाज हैं। इंग्लैंड के आदिल राशिद गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर हैं। अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन से दूसरे स्थान पर हैं।

ड्रॉ के साथ इंग्लैंड और स्लोवेनिया नॉकआउट में

कोलोन, एजेंसी

- ग्रुप डी के मुकाबले में एमबाप्पे के गोल के बावजूद मैच ड्रॉ रहा

इंग्लैंड ने मंगलवार को यहां स्लोवेनिया के खिलाफ गोल रहित ड्रॉ खेलकर ग्रुप सी के विजेता के रूप में यूरो 2024 फुटबॉल टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में जगह बनाई। कोलोन स्टेडियम में हुआ मुकाबला ड्रॉ खेलकर स्लोवेनिया की टीम भी अगले दौर में प्रवेश करने में सफल रही जबकि क्रोएशिया टूर्नामेंट से बाहर हो गया।

इंग्लैंड और स्लोवेनिया के बीच हुए मुकाबले में गोल करने में काफी अधिक मौके नहीं बने। इंग्लैंड के स्थानापन्न खिलाड़ी कोल पाल्मर के पास हालांकि इंजरी टाइम में टीम के जीत दिलाने का मौक था लेकिन उनके शॉट को स्लोवेनिया के गोलकीपर यान ओबलाक ने रोक दिया। इंग्लैंड की टीम प्री क्वार्टर फाइनल में तीसरे स्थान पर रहने वाली एक टीम से भिड़ेगी। ग्रुप डी में काइलियान एमबाप्पे ऑस्ट्रिया के खिलाफ पहले मैच में नाक में फ्रैक्चर के बाद मास्क लगाकर खेलने उतरे और उन्होंने गोल भी दागा लेकिन इसके बावजूद फ्रांस को पोलैंड ने 1-1 से बराबरी पर रोक दिया। फ्रांस ने ग्रुप डी के उप विजेता के रूप में अगले दौर में प्रवेश किया। ऑस्ट्रिया की टीम ग्रुप में शीर्ष पर रही, जिसने नीदरलैंड को 3-2 से हराया।

ओलंपिक के लिए हॉकी टीम की घोषणा

नयी दिल्ली, एजेंसी

हॉकी इंडिया ने अगले महीने होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए बुधवार को 16 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें हरमनप्रीत सिंह को कप्तान और हार्दिक सिंह को उप कप्तान बनाया गया। भारतीय टीम में पांच खिलाड़ी ओलंपिक में पदार्पण करेंगे, इनके अलावा टीम में पिछले चरण में हिस्सा ले चुके कुछ सीनियर खिलाड़ी भी शामिल हैं।

तोक्यो ओलंपिक 2020 में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम को गत चैम्पियन बेल्जियम, आस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड और आयरलैंड के साथ पूल बी में रखा गया है। पूल अंक तालिका में शीर्ष चार में रहने वाली टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेगी। भारतीय खिलाड़ी इस समय बेंगलुरु के साई केंद्र में राष्ट्रीय शिविर में ओलंपिक की तैयारी में व्यस्त हैं।

अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश और मिडफील्डर मनप्रीत सिंह चौथी बार ओलंपिक में भाग लेंगे जबकि कप्तान हरमनप्रीत का यह तीसरा ओलंपिक होगा। वहीं पांच खिलाड़ी भारत के लिए ओलंपिक में पदार्पण करेंगे, जिसमें जरमनप्रीत सिंह, संजय, राज कुमार पाल, अभिषेक और सुखजीत सिंह शामिल हैं।

भारत का अभियान

- 27 जुलाई को न्यूजीलैंड
- 29 जुलाई को अर्जेंटीना
- 30 जुलाई को आयरलैंड
- एक अगस्त को बेल्जियम
- दो अगस्त को ऑस्ट्रेलिया

हाईलाइटर

- भारत अभी तक आठ स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य से कुल 12 ओलंपिक पदक जीत चुका है।
- पूल ए में नीदरलैंड, जर्मनी, ब्रिटेन, स्पेन, दक्षिण अफ्रीका और मेजबान देश फ्रांस शामिल है।

भारतीय टीम

गोलकीपर : पी आर श्रीजेश
डिफेंडर : जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय **मिडफील्डर :** राजकुमार पाल, शमशेर सिंह, मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद
फॉरवर्ड : अभिषेक, सुखजीत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, मंदीप सिंह, गुरजंत सिंह **वैकल्पिक खिलाड़ी :** नीलकांत शर्मा, जुगराज सिंह, कृष्ण बहादुर पाठक।

मो. वसीम पाकिस्तान महिला टीम के कोच बने

कराची, एजेंसी

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने मध्यक्रम के पूर्व बल्लेबाज और मुख्य चयनकर्ता मोहम्मद वसीम को जुलाई में होने वाले एशिया कप के लिए महिला टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है। पीसीबी अध्यक्ष के रूप में रमीज राजा के कार्यकाल के दौरान मुख्य चयनकर्ता का पद संभालने वाले वसीम का साथ पूर्व टेस्ट गेंदबाज जुनैद खान और अब्दुल रहमान देंगे, जिन्हें क्रमशः गेंदबाजी और सहायक कोच नियुक्त किया गया है।

पाकिस्तान को श्रीलंका के दाम्बुला में 19 जुलाई से शुरू होने वाले एशिया कप के लिए भारत के ग्रुप में जगह मिली है। भारत, पाकिस्तान और मेजबान श्रीलंका के अलावा बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, मलेशिया और थाईलैंड टूर्नामेंट में चुनौती पेश करेंगे।

शिविर में हिस्सा ले रहीं संभावित खिलाड़ी

आलिया रियाज, अनूशा नासिर, आयशा जफर, डायना बेग, दुआ मजीद, इमान फातिमा, फातिमा सना, गुल फिरोजा, हुमना बिलाल, इरम जावेद, महम मंजूर, मुनीबा अली, नजीहा अल्वी, नशरा सुंधू, नतालिया परवेज, निदा डार, ओमैमा सोहेल, कुरतुलैन, रमीन शमीम, सदाफ शमास, सादिया इकबाल, सिदरा अमीन, सईदा अरूब शाह, तस्मिया रुबाब, तुबा हसन, युसरा आमिर, उम्म ए हनी और वहीदा अख्तर।

कनाडा ने पेरू को 1-0 से हराया

कन्सास सिटी (अमेरिका), एजेंसी

- 24 वर्षों में दक्षिण अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ पहली जीत
- मैच के दौरान एक सहायक रेफरी की हालत बिगड़ गई

जोनाथन डेविड के 74वें मिनट में दागे गोल की मदद से कनाडा ने कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट में पेरू को 1-0 से हरा दिया। कनाडा की 24 वर्षों में अपने दक्षिण अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ यह पहली जीत है। जैकब शैफेलबर्ग के खिलाफ टैकल के लिए मिगुएल अराउजो को लाल कार्ड दिखाए जाने के कारण पेरू को 59वें मिनट के बाद एक खिलाड़ी के बिना खेलना पड़ा। यह निर्णय वीडियो समीक्षा के बाद लिया गया।

कनाडा ने पिछले महीने कोच के रूप में नियुक्त अमेरिकी जेसी मार्श के मार्गदर्शन में चार मैचों में पहली जीत दर्ज की। डेविड का यह कनाडा के लिए 27वां गोल है। इस गोल से राष्ट्रीय टीम ने 391 मिनट के गोल के सूखे को भी खत्म किया। खेल को पहले हाफ के इंजरी टाइम में रोकना पड़ा जब स्टेडियम के गैर छायादार हिस्से पर दौड़ रहे एक सहायक रेफरी की हालत बिगड़ गई और उन्हें स्ट्रेचर पर मैदान से बाहर ले जाया गया।

चिली को 1-0 से हराकर अर्जेन्टीना क्वार्टर फाइनल में

ईस्ट रदरफोर्ड (अमेरिका)। लॉटेरो मार्टिनेज ने 88वें मिनट में रिबाउंड पर गोल दागा, जिससे गत चैंपियन अर्जेंटीना ने चिली पर 1-0 की जीत के साथ कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। दिग्गज खिलाड़ी लियोनल मेस्सी की कॉर्नर किक पर लगाए शॉट को चिली के गोलकीपर क्लॉडियो ब्रावो ने रोक दिया लेकिन रिबाउंड होकर आई गेंद को मार्टिनेज ने गोल में पहुंचाकर टूर्नामेंट का अपना दूसरा गोल किया। खिलाड़ी खड़े होकर तीन मिनट तक इंतजार करते रहे जिसके बाद वीडियो समीक्षा में गोल की पुष्टि हुई। मार्टिनेज का राष्ट्रीय टीम के लिए यह 26वां गोल है। अर्जेंटीना छह अंकों के साथ ग्रुप ए में सबसे आगे है। कनाडा तीन अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। चिली और पेरू के एक-एक अंक हैं। अर्जेन्टीना की टीम शनिवार को फ्लोरिडा के मियामी गार्डन्स में पेरू के खिलाफ अपना अंतिम ग्रुप मैच खेलेगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

कानूनी लड़ाई खत्म, घर पहुंचे असांजे

कैनबरा। विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे बुधवार को विशेष विमान से अपने देश ऑस्ट्रेलिया लौट आए। असांजे ने एक समझौते के तहत अमेरिकी सेना से जुड़े गोपनीय दस्तावेज हासिल करने और उन्हें प्रकाशित करने का जुर्म स्वीकार कर लिया है, जिसके बाद इस मामले में कानूनी लड़ाई खत्म हो गई है। उत्तरी मरियाना द्वीप की राजधानी साइपन में एक अमेरिकी जिला अदालत में असांजे (52) द्वारा दलील पेश किए जाने के साथ ही कई वर्षों से चर्चा में रहा अंतर्राष्ट्रीय साजिश का यह आपराधिक मामला एक बेहद असामान्य माहौल में आश्चर्यजनक रूप से खत्म हो गया। असांजे पर युद्ध से जुड़ी जानकारी और राजनयिक दस्तावेज प्रकाशित करने के आरोप थे। इनमें इराक और अफगानिस्तान में अमेरिकी सेना से संबंधित गतिविधियों की जानकारी थी। उनके इस कदम को मीडिया स्वतंत्रता की वकालत करने वाले समर्थकों का भरपूर समर्थन मिला था। विकीलीक्स की ओर से प्रकाशित दस्तावेजों में वर्ष 2007 में अमेरिकी सेना द्वारा बगदाद में अपाचे हेलीकॉप्टर पर किए गए हमले का वीडियो भी शामिल था।

रूस-भारत-चीन प्रारूप को पुनर्जीवित किया जाए : मॉस्को

मॉस्को । रूस ने बुधवार को भारत और चीन के साथ सहयोग के त्रिपक्षीय प्रारूप को पुनर्जीवित करने के लिए उत्सुकता दिखाई, लेकिन संकेत दिया कि लद्दाख सीमा विवाद इसमें बाधा बना हुआ है। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने यहां कहा कि रूस-भारत-चीन (आरआईसी) प्रारूप से तीनों देशों को फायदा होगा अगर वे साझा दृष्टिकोण विकसित करेंगे। आरआईसी मूलरूप से रूस का एक विचार 1998 में सामने आया था और 2000 के दशक की शुरुआत में आकार लिया और इसकी पहली शिखर बैठक 2006 में हुई। इसके बाद ब्राजील को शामिल करके ब्राजील-रूस-भारत-चीन (ब्रिक्स) बनाने के लिए विस्तारित किया गया।

ट्रंप-बाइडेन चुनावी बहस में तीसरी बार होंगे आमने-सामने

वाशिंगटन, एजेंसी

- 2020 के चुनाव के बाद आज पहली बार एक मंच पर होंगे साथ

अमेरिका के राष्ट्रपति पद की दौड़ में रिपब्लिकन व डेमोक्रेटिक पार्टियों के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप व जो बाइडेन तीसरी बार गुरुवार को चुनावी बहस के मंच पर एक दूसरे के सामने होंगे। यह वर्ष 2024 की पहली बहस होगी।

मिशिगन विश्वविद्यालय में डिबेट कार्यक्रम के निदेशक आरोन कॉल ने बताया कि जेसी वाटर्स प्राइमटाइम पर सीएनएन प्रेसिडेंशियल डिबेट में दोनों के लिए बहुत जोखिम है। कॉल ने कहा दोनों में से किसी ने भी बहस नहीं की है (उनके पिछले आमना-सामना के बाद से), जो कि एक तरह से अनोखा है। दोनों नेताओं ने 2020 के बहस में एक दूसरे का सामना नहीं किया है। इस कारण से वे एक तरह से बहस के लिए तैयार नहीं है और उन्हें नियमित बहस शैली में वापस आने में थोड़ा समय लग सकता है। बहस में रूस, यूक्रेन युद्ध और गाजा में इजरायल के युद्ध और चीन के बारे में सवालों के मुद्दे केंद्र में रहने की उम्मीद है।

इटली में भारतीय की मौत के जिम्मेदार लोगों पर तुरंत कार्रवाई हो : भारत

लंदन/रोम। भारत ने बुधवार को इटली से उस भारतीय श्रमिक की मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करने को कहा, जिसे भारी कृषि मशीनरी से उसका हाथ कट जाने के बाद उसके नियोक्ता ने उसे बिना चिकित्सकीय सहायता के सड़क पर फेंक दिया था, जिससे उसकी मौत हो गई थी। इटली में भारतीय दूतावास ने कहा कि विदेश मंत्रालय में काउंसलर, पासपोर्ट, वीजा और प्रवासी भारतीय मामलों के सचिव मुक्तेश परदेशी ने विदेश में इतालवी नागरिक व प्रवासन नीतियां के महानिदेशक लुइगी मारिया विग्नाली को सतनाम सिंह (31) की मौत पर भारत की गहरी चिंता से अवगत कराया है।

एक नजर

होंडुरास के पूर्व राष्ट्रपति को 45 वर्ष करावास की सजा

न्यूयार्क। अमेरिका के न्यूयॉर्क में होंडुरास के पूर्व राष्ट्रपति जुआन ऑरलैंडो हर्नांडेज को मादक पदार्थ की तस्करी से जुड़े मामले में बुधवार को 45 की सजा सुनाई गई। उन पर आरोप है कि उन्होंने अमेरिका में कोकीन की तस्करी के लिए तस्करों की मदद की थी जिसके लिए उनकी सेना और देश के पुलिस बल का इस्तेमाल किया गया था। उन्हें अमेरिका की जेल में सजा काटनी होगी और उन पर 80 लाख अमेरिकी डॉलर का जुर्माना लगाया।

पाकिस्तान में पोलियो का छठा मामला

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में इस साल पोलियो का छठा मामला सामने आया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक दक्षिण पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत में एक बच्चे में पोलियो की पुष्टि हुई है। देश के राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान में पोलियो के लिए क्षेत्रीय प्रयोगशाला ने रिपोर्ट दी है कि किला अब्दुल्ला जिले में 18 महीने के बच्चे से एकत्र नमूनों के परीक्षण में वाइल्ड पोलियोवायरस टाइप 1 पाया गया है।

मार्क रूटे अगले नाटो महासचिव होंगे

मॉस्को। नाटो ने नीदरलैंड्स (डच) प्रधानमंत्री मार्क रूटे को संगठन के अगले महासचिव चुने जाने की बुधवार को पुष्टि की। नाटो की ओर से जारी बयान के मुताबिक सहयोगियों ने रूटे को नाटो के अगले महासचिव के रूप में नियुक्त करने का निर्णय लिया है। वह जेन्स स्टोलटेनबर्ग का स्थान लेंगे जिनका कार्यकाल आगामी एक अक्टूबर को समाप्त हो जाएगा।

जापान में अमेरिकी सैनिक पर यौन उत्पीड़न का आरोप

टोक्यो । जापान के ओकिनावा द्वीप क्षेत्र में एक अमेरिकी सैनिक पर गत दिसंबर में 16 वर्ष से कम उम्र की किशोरी का कथित रूप से अपहरण करने और उसके साथ बिना सहमति के यौन संबंध बनाने का आरोप लगा है। क्योडो न्यूज ने मंगलवार को स्थानीय अधिकारियों के हवाले से बताया कि नाहा जिला लोक अभियोजक कार्यालय ने 27 मार्च को 25 वर्षीय ब्रेनन वाशिंगटन के खिलाफ आरोप दायर किए।

सुरक्षा परिषद में सुधार की जरूरत : भारत

कहा- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के 80 वर्ष पूरे होने तक स्थायी व अस्थायी सदस्यों का विस्तार जरूरी

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी।

वैश्विक संघर्षों से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में भारत ने सुरक्षा परिषद में ही सुधार किए जाने के मुद्दे को जोरशोर से उठाया। भारत ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के अगले साल 80 वर्ष पूरे होने वाले हैं इसलिए सुरक्षा परिषद के स्थायी तथा अस्थायी सदस्यों का विस्तार करने की जरूरत है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन में मंत्री प्रतीक माथुर ने कहा कि वैश्विक शासन सुधारों पर चर्चा के तौर पर संयुक्त राष्ट्र में प्रदर्शन आकलन पर ध्यान केंद्रित होने के साथ ही सुरक्षा परिषद को भी अपनी विश्वसनीयता साबित करने और अपने प्रदर्शन में सुधार करने की आवश्यकता है।

माथुर ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की वार्षिक रिपोर्ट पर संयुक्त राष्ट्र महासभा में चर्चा के दौरान भारत की ओर से मंगलवार को कहा कि 2024 में अब वक्त आ गया है कि परिषद संपूर्ण सदस्यता की ओर से काम करने के लिए अपने चार्टर की जिम्मेदारियों के अनुरूप सुधार करे। उन्होंने कहा कि सुरक्षा परिषद ही दुनियाभर में मौजूदा संघर्षों से प्रभावी रूप से निपट सकती है। भारत वर्षों से सुरक्षा परिषद में सुधार की वकालत करते हुए कहता रहा है कि वह संयुक्त राष्ट्र की इस शीर्ष संस्थान का स्थायी सदस्य बनने का हकदार है। भारत आखिरी बार 2021-22 में परिषद में अस्थायी सदस्य के तौर पर शामिल हुआ था। उसने 2028-29 के कार्यकाल के लिए संयुक्त राष्ट्र के इस शक्तिशाली संस्थान के अगले कार्यकाल के लिए उम्मीदवारी की घोषणा की है। पंद्रह सदस्यीय सुरक्षा परिषद में केवल पांच स्थायी सदस्य- चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका हैं जिनके पास वीटो का अधिकार है। बाकी के 10 सदस्यों का चुनाव दो साल के कार्यकाल के लिए अस्थायी सदस्यों के रूप में किया जाता है और उनके पास वीटो का अधिकार नहीं होता है।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में उपस्थित सदस्य।

कश्मीर पर निराधार बयानों के लिए पाकिस्तान की आलोचना

संयुक्त राष्ट्र। पाकिस्तान की ओर से संयुक्त राष्ट्र महासभा में कश्मीर का जिक्र किए जाने के बाद भारत ने निराधार और मिथ्या बयानों के लिए पड़ोसी देश की आलोचना की है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन में मंत्री प्रतीक माथुर ने मंगलवार को कहा कि मंगलवार को एक प्रतिनिधिमंडल ने निराधार और मिथ्या बातें फैलाने के लिए इस मंच का दुरुपयोग किया जो कोई हैरानी की बात नहीं है। उन्होंने कहा मैं केवल इस प्रतिष्ठित संस्थान का कीमती वक्त बचाने के लिए किसी भी तरह की प्रतिक्रिया देकर इन टिप्पणियों को बढ़ावा नहीं दूंगा।

गाजा, वेस्ट बैंक में बढ़ते संकट की दी चेतावनी

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र ने मंगलवार को सुरक्षा परिषद को गाजा और वेस्ट बैंक में संकट की चेतावनी दी है। मध्य पूर्व शांति प्रक्रिया के लिए संयुक्त राष्ट्र के विशेष समन्वयक टोर वेन्नेसलैंड ने सुरक्षा परिषद ब्रीफिंग के दौरान गाजा में विनाशकारी और भयावह मानवीय संकट का वर्णन किया, जहां नागरिक शत्रुता के प्रभाव में पीड़ित हैं और नागरिक सुरक्षा व्यवस्था लगभग पूरी तरह से खत्म हो गई है। मैं इजरायल सरकार से सभी गतिविधियों को तुरंत बंद करने का आग्रह करता हूं।

कतर में होने वाली बैठक में भाग लेगा तालिबान

इस्लामाबाद। तालिबान ने मंगलवार को पुष्टि की है कि अफगानिस्तान पर कतर में संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व में होने वाली आगामी बैठक में उसका प्रतिनिधिमंडल शामिल होगा। इससे पहले, आयोजकों ने पिछले सप्ताह कहा था कि महिलाओं को इस बैठक में शामिल नहीं होने दिया जाएगा। कतर की राजधानी दोहा में 30 जून और 1 जुलाई को होने वाली बैठक अफगान संकट पर संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रायोजित तीसरी बैठक है। पहली बैठक में तालिबान को आमंत्रित नहीं किया गया था।

अमेरिका में काम को मजबूर करने पर दंपत्ति को सजा

वाशिंगटन, एजेंसी

- रिश्तेदार को स्कूल में दाखिला दिलाने का लालच देकर अमेरिका लेकर आए थे

अमेरिका की एक अदालत ने एक भारतीय-अमेरिकी दंपत्ति को अपने रिश्तेदार को स्कूल में दाखिला दिलाने का लालच देकर अमेरिका लाने और उसे तीन साल से अधिक समय तक अपने गैस स्टेशन और डिपार्टमेंटल स्टोर पर काम करने के लिए मजबूर करने के आरोप में जेल की सजा सुनाई है। हरमनप्रीत सिंह (31) को अदालत ने 135 महीने (11.25 साल) और कुलबीर कौर (43) को 87 महीने (7.25 साल) की जेल की सजा सुनाई है। साथ ही अपने चचेरे भाई एवं पीड़ित को लगभग 1.87 करोड़ रुपये का मुआवजा देने के लिए भी कहा गया है। दंपत्ति का अब तलाक हो चुका है।

न्याय विभाग के नागरिक अधिकार प्रभाग की सहायक अटॉर्नी जनरल क्रिस्टन क्लार्क ने कहा आरोपियों ने पीड़ित के साथ अपने संबंधों का फायदा उठाकर उसे अमेरिका में लाने के लिए झूठे वादे किए कि वे उसे स्कूल में दाखिला दिलाने में मदद करेंगे। उन्होंने कहा प्रतिवादियों ने पीड़ित के आव्रजन दस्तावेज जब्त कर लिए तथा न्यूनतम वेतन पर लंबे समय तक काम करने के लिए मजबूर करने के लिए उसे धमकियां दीं, शारीरिक बल का प्रयोग किया तथा मानसिक रूप से प्रताड़ित किया।

होटल में झगड़ा करने के लिए भारतीय मूल के नागरिक को जेल

सिंगापुर। सिंगापुर के एक होटल में दो गुटों में हुए हिंसक झगड़े में शामिल भारतीय मूल के 25 वर्षीय युवक को एक वर्ष से ज्यादा जेल की सजा सुनाई गयी और उस पर दो हजार सिंगापुर डॉलर का जुर्माना लगाया गया। झगड़े में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। द स्ट्रैट्स टाइम्स समाचार पत्र की खबर के मुताबिक, शर्विन जय नायर को मोहम्मद इसरत मोहम्मद इस्माइल को जानबूझकर चोट पहुंचाने के आरोप में मंगलवार को दोषी करार दिया गया।

मोदी 3.0 में अमेरिका-भारत रक्षा प्रौद्योगिकी में कर सकते हैं प्रगति

वाशिंगटन। अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा है कि नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के दौरान जब महत्वाकांक्षी भारत और महत्वाकांक्षी अमेरिका मिलकर काम करेंगे तब रक्षा साझेदारी, महत्वपूर्ण उभरती प्रौद्योगिकियों और आर्थिक समृद्धि में और अधिक प्रगति हासिल की जा सकती है।

प्रधानमंत्री मोदी भाजपा और एनडीए को उनकी जीत के लिए बधाई देते हुए गार्सेटी ने कहा कि मोदी 3.0 द्विपक्षीय संबंधों के सपनों को वास्तविकता में बदलने का समय है। भारत में हाल में हुए आम चुनावों के बाद बाइडन प्रशासन के किसी वरिष्ठ अधिकारी द्वारा दिया गया यह पहला साक्षात्कार है।

शहबाज ने इमरान खान से की सुलह की पेशकश

इस्लामाबाद, एजेंसी

- प्रधानमंत्री ने कहा- एकजुट होकर हम देश को आगे ले जा सकते हैं

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बुधवार को अपने पूर्ववर्ती और राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी इमरान खान को शांति का प्रस्ताव देते हुए कहा कि अगर उन्हें जेल में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तो वह उनके साथ बातचीत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि एकजुट होकर हम देश को आगे ले जा सकते हैं। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के संस्थापक खान, अप्रैल 2022 में सत्ता से बेदखल होने के बाद से अपने खिलाफ दर्ज करीब 200 मामलों में से कुछ में दोषी ठहराए जाने के बाद पिछले साल अगस्त से जेल में बंद हैं।

शरीफ ने नेशनल असेंबली को संबोधित करते हुए कहा यदि उनके (पीटीआई के) संस्थापक को (जेल में) परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, तो मैं दोहराता हूं: आइए, बैठकर बात करें। आइए हम देश की बेहतरी के लिए बात करें।

भारत से दुश्मनी में यकीन नहीं रखता : डार

पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने कहा है कि उनका देश भारत के साथ लगातार दुश्मनी में यकीन नहीं रखता और पाकिस्तान बातचीत को तैयार है। थिंक टैंक इंस्टीट्यूट ऑफ स्ट्रैटेजिक स्टडीज इस्लामाबाद (आईएसएसआई) की 51वीं स्थापना दिवस पर यह बात कही।

यात्रियों की पुनः जांच खत्म करने के लिए भारत से समझौते की मांग

वाशिंगटन। अमेरिका के परिवहन सुरक्षा निकाय ने भारत के साथ एक विशेष समझौता करने की मांग की है जिससे यात्रियों की हवाईअड्डे पर पुनः जांच की प्रक्रिया समाप्त हो जाएगी। अमेरिका के परिवहन सुरक्षा प्रशासन (यूएसटीएसए) के प्रशासक डेविड पेकोस्के ने मंगलवार को यहां भारत-अमेरिका विमानन शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सभी समस्याओं का एक ही जगह (वन-स्टॉप) पर समाधान उपलब्ध कराने वाले इस समझौते की अवधारणा देशों के बीच आसानी से पहुंच बनाने वाली है। उन्होंने कहा यह ऐसी अवधारणा है जो स्थानांतरण बिंदुओं पर सुरक्षा जांच के दोहराव को समाप्त करके यात्रियों और सामान को उनके गंतव्य तक पहुंचाने में तेजी लाती है।

हिंसक प्रदर्शन के बीच केन्या के राष्ट्रपति ने कर वृद्धि ली वापस

नैरोबी, एजेंसी

केन्या के राष्ट्रपति विलियम रूटो ने बुधवार को घोषणा की कि उनकी सरकार ने नए कर प्रस्तावों को वापस ले लिया है, जिसके लिए 18 जून से देशव्यापी विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया था जब एक वित्तीय विधेयक पहली बार सार्वजनिक किया गया था।

केन्या की राजधानी नैरोबी में एक संवाददाता सम्मेलन में रूटो ने कहा कि सरकार व्यय को कम करने के लिए तत्काल मितव्ययिता उपायों को लागू करेगी, जिसमें राष्ट्रपति के यात्रा बजट और वाहन खरीद में कटौती भी शामिल है। ये उपाय काउंटियों और मंत्रालयों पर भी लागू होंगे। यह घोषणा नैरोबी में मंगलवार को हुए हिंसक विरोध प्रदर्शन के बाद आई, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई और 150 से अधिक लोग घायल हो गए। प्रदर्शनकारियों ने सरकार विरोधी नारे लगाते हुए भारी सुरक्षा वाले संसद परिसर में तोड़फोड़ की, जिससे संपत्ति को नुकसान पहुंचा और इमारत के एक हिस्से में आग लग गई। केन्या के लोगों को बुधवार को सड़कों पर आंसू गैस और सेना का सामना करना पड़ा।

- दशकों बाद केन्या की सरकार के खिलाफ हुए थे उग्र प्रदर्शन, टैक्स से धन जुटाना चाहती थी सरकार

चीन यात्रा पर मालदीव के मंत्री ने कहा- भारत के साथ घनिष्ठ संबंध

बीजिंग। चीन के पहले दौरे पर पहुंचे मालदीव के एक वरिष्ठ मंत्री ने राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की हाल की नई दिल्ली यात्रा और अपने देश की पर्यटन-निर्भर अर्थव्यवस्था के लिए भारत के साथ संबंधों के महत्व पर बात की। आर्थिक विकास और व्यापार मंत्री मोहम्मद सईद की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब राष्ट्रपति मुइज्जू के भारत दौरे के बाद माले ने नई दिल्ली के साथ संबंधों को नए सिरे से स्थापित किया है। मुइज्जू प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शपथग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए 9 जून को भारत आए थे। मुइज्जू को चीन का समर्थक माना जाता है। डालियान में 15वें विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) में भाग ले रहे मोहम्मद सईद ने सीएनबीसी इंटरनेशनल टीवी को दिए एक साक्षात्कार में कहा राष्ट्रपति मुइज्जू ने यह बात दोहराई है कि भारत हमारा सबसे करीबी पड़ोसी बना हुआ है।

बॉलीवुड हलचल

निरहुआ ने फिल्म संकल्प की शूटिंग पूरी की

मुंबई। भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ ने अपनी आने वाली फिल्म संकल्प की शूटिंग पूरी कर ली है। फिल्म संकल्प के निर्माता आदित्य कुमार झा और निर्देशक अशोक त्रिपाठी अतरी हैं। निरहुआ ने कहा, अभिनय मेरा मूल कार्य है और हमारी पार्टी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) भी कहती है कि जिस काम से पहचान मिलती है, उसको प्राथमिकता से करते रहना चाहिए। उसके साथ समाज के लिए भी वक्त निकालना चाहिए। जनता के आदेश से मैंने सेवा की और अब फिल्मों के माध्यम से उनका मनोरंजन करूंगा। फिल्म संकल्प की शूटिंग चुनाव के पहले लगभग हो चुकी थी। कुछेक शेड्यूल की शूटिंग बाकी थी, जिसे हमने चुनाव बाद करने को तय किया था।

पिता यश जौहर की पुण्यतिथि पर भावुक हुए करण जौहर

मुंबई। बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर अपने पिता यश जौहर की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें याद कर भावुक हो गए। करण जौहर ने अपने पिता यश जौहर की 20वीं पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए इंस्टाग्राम पर कई सारी तस्वीरें और एक नोट शेयर किया है। करण जौहर ने नोट में लिखा, मैं विश्वास नहीं कर सकता कि आपको गए हुए 20 साल हो गए। मेरे को इस बात का सबसे बड़ा डर था। 2 अगस्त 2003 को आपने मुझे बताया कि आपको ट्यूमर है। मेरा सबसे बुरा सपना मुझे देख रहा था और फिर भी उनके बच्चे के रूप में यह मेरा कर्तव्य था कि मैं पॉजिटिव रहूं और विश्वास बनाए रखूं। लेकिन भीतर की आवाज की सबसे बुरी बात ये है कि वो कभी गलत नहीं होते। इस घटना के 10 महीने बाद वो हमें छोड़कर चले गए।



कमल हासन की फिल्म इंडियन 2 का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार कमल हासन की आने वाली फिल्म इंडियन 2 का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। वर्ष 1996 में प्रदर्शित फिल्म इंडियन में कमल हासन ने सेनापति नाम के स्वतंत्रता सेनानी का रोल किया था, जो भ्रष्टाचार से लड़ता है और फिल्म इंडियन के सीक्वल इंडियन 2 में उन्होंने इसी रोल में दमदार वापसी की है। ट्रेलर की शुरुआत एक वॉइस ओवर से होती है, जिसमें देश के हालात के बारे में बताया जाता है। कहा जाता है- कैसा देश है ये। पढ़े-लिखे लोगों के लिए काम नहीं, और काम है तो पगार नहीं। चोर चोरी करता रहेगा और अपराधी भी अपराध करता रहेगा।

लक्ष्य | उपग्रह का प्रमुख लक्ष्य गामा-किरण विस्फोटों की तलाश व रहस्यों को समझना होगा

ब्रह्मांड की थाह पाने के लिए फ्रांस व चीन का मिशन लॉन्च

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: ब्रह्मांड की थाह पाने के लिए फ्रांस ने चीन के साथ उपग्रह लॉन्च कर दिया है। इस उपग्रह का प्रमुख लक्ष्य गामा-किरण विस्फोटों की तलाश व रहस्यों को समझना है। यह उपग्रह लॉन्ग मार्च 2-सी रॉकेट द्वारा लॉन्च किया गया है।

इस मिशन में उपग्रह के साथ पेलोड स्पेस वेरिएबल ऑब्जेक्ट मॉनिटर (एसवीओएम) चार उपकरणों को ले जा रहा है, जो गामा-किरण विस्फोटों की खोज करेंगे। इस उपग्रह का भार 930 किलोग्राम है। दक्षिण-पश्चिमी सिचुआन प्रांत के जिचांग स्थित अंतरिक्ष अड्डे से बुधवार सांय 3 बजे उड़ान भरी। बता दें कि गामा-किरण विस्फोट आम तौर पर विशाल सितारों के विस्फोट के बाद होता है - जो सूर्य से 20 गुना से अधिक बड़े होते हैं। इसके अलावा कॉम्पैक्ट सितारों के संलयन के बाद होते हैं। यह भयानक विस्फोट हैं, जो एक अरब से अधिक सूर्यों के बराबर ऊर्जा का विस्फोट कर सकते हैं। इन विस्फोटों का प्रकाश हम तक पहुंचने में लंबा समय लगता है। मगर इस उपग्रह के जरिए जल्द विस्फोट की जानकारी जुटाई जानी आसान हो जाएगी।

मिशन में शामिल न्यूयॉर्क के फ्लैटिरॉन इंस्टीट्यूट, सेंटर फॉर एस्ट्रोफिजिक्स के खगोल भौतिकीविद ओरे गोटलिब के अनुसार ब्रह्मांड के इतिहास और विकास को बेहतर ढंग से समझने के लिए मूल्यवान डेटा जुटाएगा। यह मिशन ब्रह्मांड में सबसे दूर के जीआरबी का पता लगाने में भी मददगार साबित होगा। अब तक पहचाने गए सबसे दूर के विस्फोट बिग बैंग के ठीक 630 मिलियन वर्ष बाद उत्पन्न हुए थे। यह समय ब्रह्मांड के प्रारंभिक अवस्था का था। पेरिस इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स के खगोल भौतिकीविद् फ्रेडरिक डेग्ने ने कहा कि वैज्ञानिक गामा-किरण विस्फोटों में रुचि रखते हैं, क्योंकि वे बहुत चरम ब्रह्मांडीय विस्फोट हैं जो हमें कुछ सितारों की मृत्यु को बेहतर ढंग से समझने की अनुमति देते हैं।

फ्रांस व चीन द्वारा लांच किया गया अंतरिक्ष मिशन। ● अमृत विचार

दुनिया के वैज्ञानिकों के लिए मददगार होगा यह मिशन

अंतरिक्ष मिशन बेहद खर्चीले व इनके निर्माण में लंबा समय लगने के कारण किसी एक देश के बल पर निर्भर नही हो सकता है। इसलिए दुनिया के देश साझा परियोजना बनाते हैं। जिनका लाभ पूरी दुनिया के वैज्ञानिकों को मिलता है। यह परियोजना फ्रांसीसी और चीनी अंतरिक्ष एजेंसियों के साथ-साथ कई अन्य देशों के वैज्ञानिक और तकनीकी समूहों के बीच साझेदारी है।